सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 21 दिसम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 344, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## शेयर बाजारों के लिए नयी तकनीकी

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि बाजार नियामक अगले पांच-10 वर्ष में शेयर बाजारों के लिए नई तकनीकी दिशा तय करने की योजना बना रहा है। } 14

## आधुनिकता और आध्यात्मिकता भारतीय संस्कृति की शक्ति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आधुनिकता और आध्यात्मिकता का मिश्रण भारत की संस्कृति की एक प्रमुख शक्ति है। जो विश्व को समस्याओं का समाधान प्रदान कर रहा है। } 16



## यूपी में सर्दी का सितम, घने कोहरे की चेतावनी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में शनिवार को घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया और चेतावनी दी गयी कि अगले दो दिनों तक प्रतिकूल मौसम बने रहने का पूर्वानुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

लखनऊस्थित मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, पिछले 24 घंटों में राज्य के बड़े हिस्से में घना कोहरा छाया रहा, जिससे कई जिलों में दृश्यता में भारी गिरावट आई। बयान के मुताबिक, आगरा हवाई अड्डे, प्रयागराज, कानपुर (हवाई अड्डा), बरेली, झांसी और कई अन्य स्थानों पर बहुत घना कोहरा देखा गया तथा दृश्यता 50 मीटर से कम रह गयी। आईएमडी ने बताया कि कई जिलों में, विशेष रूप से पश्चिमी, मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश में ठंड का प्रकोप बना हुआ है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 22 दिसंबर तक कई जिलों में देर रात और सुबह के समय घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है जबकि कुछ इलाकों में 24 दिसंबर तक कड़ाके की ठंड की स्थिति बनी रह सकती है। आईएमडी ने बताया कि लखनऊ कानपुर, आगरा, प्रयागराज, वाराणसी, बरेली, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, गोरखपुर, अयोध्या, सुल्तानपुर, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, इटावा, मैनपुरी, अलीगढ़ और मथुरा सहित कई जिलों में घने कोहरे का अनुमान है। मौसम विभाग ने लोगों को, विशेष रूप से सुबह के समय, सावधानी बरतने की सलाह दी है और अधिकारियों से सतर्क रहने का आग्रह किया है।

## पूर्वोत्तर में कांग्रेस की गलतियां सुधार रही भाजपा : मोदी

### प्रधानमंत्री ने असम के प्रथम मुख्यमंत्री बारदोलोई की प्रतिमा का किया अनावरण

एजेंसी



गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर उसके शासनकाल के दौरान असम और पूर्वोत्तर की उपेक्षा करने का आरोप लगाया तथा जोर देकर कहा कि भाजपा सरकार उन गलतियों को सुधार रही है जो कांग्रेस दशकों से इस क्षेत्र में करती आ रही थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के प्रथम मुख्यमंत्री गोपीनाथ बोरदोलोई के नाम पर बने हवाई अड्डे के नए टर्मिनल के बाहर स्थापित की गई उनकी 80 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। बोरदोलोई की प्रतिमा प्रसिद्ध कलाकार राम सुतार ने बनाई थी, जिनका बुधवार को 100 साल की उम्र में निधन हो गया। सुतार ने ही मुगलों को हराने वाले प्रसिद्ध अहोम जनरल लचित बोड़फूकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा बनाई थी, जिसका मार्च 2024 में मोदी ने ही अनावरण किया था। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने कांग्रेस नेता रहे गोपीनाथ बारदोलोई को भारत रत्न से सम्मानित किया था।

प्रधानमंत्री ने गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का भी उद्घाटन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी दो दिन की असम यात्रा पर गुवाहाटी पहुंचे। वह असम में करीब 15,600 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया और जनसभा को संबोधित किया। लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, उनके कैबिनेट सहयोगियों, गुवाहाटी के महापौर मृगेन शरणिया और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। गुवाहाटी हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### हिंदू की हत्या के आरोप में 7 लोग गिरफ्तार

ढाका/नयी दिल्ली। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शनिवार को कहा कि हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मैमेनसिंह शहर में बृहस्पतिवार को कथित ईशनिंदा को लेकर भीड़ ने दीपू चंद्र दास (25) की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी और शव को आग के हवाले कर दिया था। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने एक्स पर लिखा कि रैपिड एक्शन बटालियन ने मामले में संदिग्ध के तौर पर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। सरकार ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर अभियानों के दौरान गिरफ्तारियां की गईं और गिरफ्तार लोगों की उम्र 19 से 46 साल के बीच है। पुलिस के अनुसार, भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपों में फैक्टरी में मजदूरी करने वाले दास को पहले फैक्टरी के बाहर पीटा और फिर पेड़ से टांग दिया। पुलिस ने कहा कि इसके बाद भीड़ ने मृतक के शव को ढाका-मैमेनसिंह राजमार्ग के किनारे छोड़कर आग के हवाले कर दिया।

### बैंक घोटाले के दोषी कैशियर को उम्रकैद

फिरोजाबाद। जिले की अदालत ने 100 से अधिक खातों के जरिये 1.85 करोड़ रुपये से अधिक की रकम गबन करने के मामले में इंडियन बैंक की एक शाखा के कैशियर को आजीवन कारावास और अन्य पांच दोषियों को 10-10 साल कैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सर्वेश पांडे ने शुक्रवार को कैशियर जयप्रकाश सिंह को दोषी ठहराते हुए 5.5 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया जबकि अन्य दोषियों प्रवीण कुमार, उसके पिता कुंवरपाल, आकाश मिश्रा, वीर बहादुर और सुखदेव सिंह को 10-10 साल के कारावास की सजा सुनाई। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के अनुसार, यह घोटाला 19 मार्च 2025 को सामने आया था, जब इंडियन बैंक की जसरा शाखा के कई खाताधारकों ने शिकायत की कि उन्होंने जो धनराशि जमा कराई थी।

# स्वास्थ्य सेवाओं में सशक्त हो रहा भारत

## देश में अब चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में सुविधाओं, आधारभूत ढांचे की कमी नहीं : जेपी नड्डा




विशेष संवाददाता

लखनऊ। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को चिकित्सकों से अनुरोध किया कि वे अब सुविधाओं और आधारभूत ढांचे की कमी का बहाना बनाकर विदेश नहीं जाएं, क्योंकि हमारा विद्यार्थी अब सुविधाओं और आधारभूत ढांचा नहीं होने की शिकायत नहीं कर सकता। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने शनिवार को यहां किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के 21वें दीक्षांत ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राष्ट्र प्रेरणा स्थल में स्थापित प्रतिमायें विकास और उन्नति के संकल्प का देंगी संदेश : योगी

विशेष संवाददाता




लखनऊ। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बैठक को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में आयोजित बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदेश मीडिया विभाग के प्रभारी, सहप्रभारी, सोशल मीडिया व आईटी के प्रदेश संयोजक व सहसंयोजक सम्मिलित रहे। जेपी नड्डा ने सभी से परिचय के बाद संगठनात्मक अभियानों और कार्यक्रमों पर चर्चा की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस पर गुरू गोविन्द सिंह जी के पुत्रों के बलिदान की अमर गाथा को लोकव्यापी बनाना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र, संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए चारों ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बीएसएफ कांस्टेबल पद के लिए बढ़ा पूर्व अग्निवीरों का कोटा

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीमा सुरभा बल (बीएसएफ) में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा 10 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया है। एक राजपत्र अधिसूचना से यह जानकारी सामने आई है।

अधिसूचना के मुताबिक, यह वृद्धि सीमा सुरक्षा बल, जनरल ड्यूटी कैडर (गैर-राजपत्रित) भर्ती नियम 2015 में संशोधन के जरिये की गई है। पूर्व अग्निवीरों के पहले बैच को ऊपरी आयु सीमा में पांच साल तक की, जबकि बाकी पूर्व अग्निवीरों को तीन साल की छूट मिलेगी। शुक्रवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि पूर्व अग्निवीरों को शारीरिक मानक परीक्षण और शारीरिक दक्षता परीक्षण से भी छूट दी जाएगी। इसमें कहा गया है कि सीधी भर्ती (50 फीसदी कोटा सहित) के जरिये प्रत्येक भर्ती वर्ष में पूर्व अग्निवीरों के लिए रिक्तियां आरक्षित होंगी, 10 प्रतिशत पूर्व सैनिकों के लिए और वार्षिक रिक्तियों के समायोजन में तीन प्रतिशत तक लड़ाकू कांस्टेबल (ट्रेड्समैन) के लिए। अधिसूचना में कहा गया है कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## इमरान खान और बुशरा को 17 साल की कैद

### पाकिस्तानी अदालत ने तोशाखाना-2 भ्रष्टाचार मामले में सुनायी सजा

एजेंसी



इस्लामाबाद। पाकिस्तान की जवाबदेही अदालत ने जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना-2 भ्रष्टाचार मामले में शनिवार को 17-17 साल के कारावास की सजा सुनाई।

अगस्त 2023 से जेल में बंद खान (73) अप्रैल 2022 में प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद से विभिन्न मुकदमों का सामना कर रहे हैं। तोशाखाना-2 मामला 2021 में खान और बीबी को सऊदी सरकार से मिले सरकारी उपहारों में हुई कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है। विशेष अदालत के न्यायाधीश शाहरुख अर्जुमंद ने रावलपिंडी में स्थित उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में इस मामले में फैसला सुनाया, जहां पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख खान फिलहाल बंद हैं। खान और बुशरा को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत 10-10 साल और भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत सात-सात साल कैद की सजा सुनाई गई। अदालत ने दोनों पर 1.64-1.64 करोड़ रुपये जुर्माना भी लगाया। फैसले में कहा गया है, इस अदालत ने सजा सुनाते समय इमरान अहमद खान नियाजी की उम्र के साथ साथ यह तथ्य भी ध्यान में रखा कि बुशरा इमरान खान एक महिला ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ट्रक की टक्कर से दो नाबालिगों की मौत

गाजियाबाद। मोहिउद्दीन पुर-खरखौदा रोड पर शुक्रवार रात को तेज रफ्तार एक ट्रक ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दो नाबालिगों की मौत हो गई और एक लड़का गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि पांचवीं क्लास के छात्र इमरान (13) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि वसीम (16) ने पड़ोसी हापुड़ जिले के एक अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

समद (14) का एक अस्पताल में इलाज जारी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि तीनों नाबालिग मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरवाने के लिए पास के पेट्रोल पंप जा रहे थे कि तभी ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। सहायक पुलिस आयुक्त (मोदीनगर) अमित सक्सेना ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आत्मविश्वास, अनुशासन व टीम वर्क सिखाता है खेल

### सीएम धामी ने अंतर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ

प्रमुख संवाददाता




देहरादून (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शासकीय दायित्वों की व्यस्त दिनचर्या के बीच कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए खेल गतिविधियों से जुड़ना न केवल आवश्यक है, बल्कि यह एक स्वस्थ और सकारात्मक कार्यसंस्कृति का आधार भी है। खेल अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास के साथ-साथ मानसिक तनाव को दूर कर शरीर को सुदृढ़ बनाते हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को परेड ग्राउंड स्थित बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल में उत्तराखण्ड सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित 10वीं अंतर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता-2025 का विधिवत शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री धामी ने स्वयं बैडमिंटन खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, जिससे प्रतियोगिता स्थल पर उत्साह और उमंग का माहौल बन गया। बता दें कि प्रतियोगिता में प्रदेश के 42 विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिभाग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शासकीय दायित्वों की व्यस्त दिनचर्या के बीच कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए खेल गतिविधियों से जुड़ना न केवल आवश्यक है, बल्कि यह एक स्वस्थ और सकारात्मक कार्यसंस्कृति का आधार भी है। खेल अनुशासन, टीम भावना और ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 24.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 10.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- वाराणसी रेंज में पहली बार शुरू हुई व्हाट्सएप बॉट (पृष्ठ-02)
- 2,50,000 तक कमा रहीं हैं ग्रामीण महिलाएं (पृष्ठ-02)
- एआई क्षेत्र का नेतृत्व कर सकता है भारत (पृष्ठ-14)
- राजधानी एक्सप्रेस ने सात हाथियों को कुचला (पृष्ठ-14)
- विदेशों में सुधरी भारत की छवि : एस. जयशंकर (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** यूपी स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया फाइनल में

# डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑल इंडिया मीडिया क्रिकेट टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत

खेल संवाददाता






लखनऊ। यूपी स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (यूपीएसजेए) और दिल्ली इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बीच डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑल इंडिया मीडिया क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल खेला जाएगा। यूपी स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) को 53 रन और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने उत्तराखंड प्रेस क्लब को आठ विकेट से पराजित किया।

डॉ. अखिलेश दास स्टेडियम में खेली जा रही प्रतियोगिता के पहला सेमीफाइनल में यूपी स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने 15 ओवर में तीन विकेट खोकर 158 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज मयूर ने 50 और बालक राम ने 54 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। डीएसजेए से अभिषेक त्रिपाठी को एक विकेट मिला। जवाब में डीएसजेए की टीम 15 ओवर में छह विकेट खोकर 105 रन ही बना सकी। गौरव त्यागी ने सबसे अधिक 31 रन बनाए। यूपीएसजेए से सुधीर अवस्थी, अमृत शर्मा और मयूर शुक्ला ने एक विकेट लिया। हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मयूर शुक्ला को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला। प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में पहले बल्लेबाजी करने उतरे उत्तराखंड प्रेस क्लब ने 15 ओवर में चार विकेट खोकर 109 रन बनाए। शोभन गुसाईं ने 52 और ठाकुर नेगी ने 20 रन का योगदान दिया। दिल्ली इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से आकाश रावल, मधुर राय और राजीव पांडेय को एक-एक विकेट मिला। जवाब में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने 11वें ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। भानू प्रताप ने नाबाद 49 और अनूप देव ने नाबाद 26 रन की पारी खेली। उत्तराखंड प्रेस क्लब से साकेत पंत और प्रकाश भंडारी का एक-एक विकेट मिला। इससे पहले एमएलसी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई : सीएम

## जनता दर्शन में आई शिकायत पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश, कड़ाके की ठंड में भी सीएम योगी ने किया जनता दर्शन, 250 लोगों की समस्याएं सुनीं

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि लोगों को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाय। ऐसे एजेंटों से पीड़ितों का पूरा पैसा भी वापस कराया जाय। उन्होंने विदेश भेजने के नाम पर फ्रॉड करने वालों को चिन्हित करने और उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लेने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश शनिवार सुबह कड़ाके की ठंड में आयोजित जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी निराकरण कराया जाएगा। जनता दर्शन में आई एक महिला ने परिवार के एक सदस्य को विदेश भेजने के नाम पर एजेंट द्वारा ठगी किए जाने का मामला मुख्यमंत्री को बताया। इस पर मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को एजेंट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और पीड़ित का पैसा दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला को भी समझाते हुए कहा, विदेश जाने

- **घबरायें नहीं, हर समस्या का करायेंगे प्रभावी निराकरण**

के नाम पर एजेंटों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। गलत तरीके से जाने पर लोगों को वहां जेल में रहना पड़ जाता है।

जनता दर्शन में आए पुलिस से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधिसम्मत कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए।

जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी।

जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को प्यार-दुलारकर सीएम योगी ने उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया।

# अटल जी की जयंती पर मोदी राष्ट्र को समर्पित करेंगे 'राष्ट्र प्रेरणा स्थलः योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में आगामी 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन तथा नवनिर्मित राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री की ओर से लखनऊ को प्रदान किया जा रहा यह उपहार राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक विरासत एवं गौरव का प्रतीक बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर स्थापित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं अटल की प्रतिमाएं आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रीय एकता, एकात्म मानववाद तथा आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को समझने और आत्मसात करने की प्रेरणा देंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री जी की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, यातायात, प्रोटोकॉल, आतिथ्य एवं भीड़

- **राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण में 2 लाख लोग होंगे शामिल**
- **सामान्य यातायात प्रभावित न हो, इसका रखें ध्यान**



प्रबंधन से संबंधित सभी व्यवस्था उच्चतम मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश न रहे। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल की फाइनल टचिंग, लैंडस्केपिंग, उद्यान, संग्रहालय परिसर, एम्फीथिएटर एवं मार्गों के सुंदरीकरण कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश भर से आने वाले दो लाख से अधिक जनता के लिए तैयार की गई व्यवस्था; परिवहन, पार्किंग लेआउट, बस रूट प्लान, नियंत्रण कक्ष एवं चिकित्सा इकाइयों की समीक्षा की और कहा कि प्रत्येक बस, पार्किंग ब्लॉक और प्रवेश द्वार हेतु जिम्मेदार नोडल अधिकारी नामित किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने पुलिस एवं प्रशासन को वीवीआईपी रूट, हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल एवं जनसभा क्षेत्र में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू करने तथा यातायात डायवर्जन, पार्किंग व पैदल मार्ग हेतु स्पष्ट साइनेज लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने मीडिया प्रबंधन, स्वागत व्यवस्था, सांस्कृतिक प्रस्तुति और प्रोटोकॉल के सभी घटकों में समन्वय और समयबद्धता सुनिश्चित करने को कहा।

### राष्ट्र प्रेरणा स्थल की प्रमुख विशेषताएं

- लगभग 230 करोड़ रुपये की लागत से 65 एकड़ क्षेत्र में विकसित भव्य परियोजना।
- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की 65 फीट ऊंची भव्य कांस्य प्रतिमाएं।
- राष्ट्रपुरुषों के जीवन, विचार एवं योगदान पर आधारित आधुनिक संग्रहालय।
- दो लाख की क्षमता वाला रैली स्थल एवं मंच।
- एम्फीथिएटर, मेडिटेशन सेंटर, विपश्यनाझ्योग केंद्र, कैफेटेरिया एवं नागरिक उपयोगिता सुविधाएं।
- आकर्षक लैंडस्केपिंग, स्पष्ट जोनिंग, पार्किंग एवं सुरक्षा प्रबंधन के साथ सुदृढ़ ले-आउट।

# ईंट भट्ठों के विनियमन से हुई 193.5 करोड़ की आय

## प्रदूषण नियंत्रण में भी मिली सफलता, एनजीटी के मानकों के अनुरूप हो रहा यूपी में ईंट भट्ठों का संचालन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में ईंट भट्टों के विनियमन के लिए जनपद स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। जिससे एक ओर प्रदेश में ईंट भट्टों के संचालन का नियमितीकरण हुआ है, साथ ही एनजीटी के मानकों के अनुरूप प्रदूषण स्तर में कमी लाने में भी महत्वपूर्ण उपाय लागू किये जा सके हैं।

वहीं दूसरी ओर वित्तीय वर्ष 2025-26 में ईंट भट्टों से लगभग 193.5 करोड़ रुपये विनियमन शुल्क के रूप में आय की प्राप्ति हुई है। जो न केवल प्रदेश के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि को दशार्ता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

प्रदेश में ईंट भट्टों के नियमित संचालन और एनजीटी के मानकों के अनुपालन के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर जनपद स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। जिनके माध्यम से प्रदेश में ईंट भट्टों के सत्यापन

- **लखनऊ, कानपुर, आगरा और वाराणसी में वायु प्रदूषण के मामलों में आयी कमी**

अभियान को सफलतापूर्वक संचालित किया गया। मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक में विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सत्यापन समितियों ने भट्टा मालिकों से विनियमन शुल्क का शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की, जिसके फलस्वरूप राज्य को लगभग 193.5 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई है, जो पिछले वर्षों में प्राप्त विनियम शुल्क की तुलना में अधिक है।

साथ ही उन्होंने बताया कि सत्यापन अभियान के तहत प्रदेश में चल रहे हजारों की संख्या में अवैध ईंट भट्टों को बंद कराया गया, साथ ही कई भट्टों में मानक के अनुरूप प्रबंधन करा कर उन्हें मानकीकृत किया गया है। इन समितियों का संचालन जिला अधिकारी, अपर जिला अधिकारी, एसडीएम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी, स्थानीय पुलिस और पर्यावरण विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है।

ईंट भट्टों के जनपद स्तरीय सत्यापन से न केवल राजस्व में वृद्धि हुई है, बल्कि अवैध ईंट भट्टों के संचालन में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज की गई है।

साथ ही ईंट भट्टों का संचालन में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के मानकों के कड़ाई से अनुपालन ने वायु प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एनजीटी के दिशा-निदेशों के तहत सभी वैध भट्टों को जिग-जैग तकनीक, ऊंची चिमनियां और कम प्रदूषणकारी ईंधन का उपयोग अनिवार्य किया गया। समितियों ने सत्यापन के दौरान 80 प्रतिशत भट्टों को एनजीटी अनुपालन प्रमाणित किया गया, जबकि बाकी को सुधार के लिए समय दिया गया है।

वायु प्रदूषण के मामले में लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, आगरा के साथ राज्य के दिल्ली एनसीआर के जिलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई। ईंट भट्टों के सत्यापन के लिए बनाई गईं जनपद स्तरीय समितियों के सफल संचालन से न केवल प्रदेश को आर्थिक लाभ हुआ है, बल्कि सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपल्ब्धि हासिल की है।

# साढ़े आठ साल में उज्जवला योजना से ढाई लाख महिलाओं को मिली धुएं से निजात

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डबल इंजन की सरकार आधी आबादी का पूरा ख्याल रख रही है। बात महिलाओं की सेहत व सुविधा की हो तो सरकार ज्यादा संजीदा रहती है। सरकार ने महिलाओं को धुएं से बचाने के लिए वित्तीय वर्ष 2016-17 से उज्जवला योजना के अंतर्गत निशुल्क एलपीजी कनेक्शन दे रही है। सरकार पिछले साढ़े आठ सालों में लगभग ढाई लाख घरों में गैस कनेक्शन दे कर महिलाओं के जीवन को धुआँ मुक्त कर रही है।

महिलाओं को लकड़ी और कोयले से चूल्हे पर खाना बनाना स्वास्थ्य की दृष्टि से अनुकूल नहीं था। डबल इंजन की सरकार इन महिलाओं को चूल्हे से निकलने वाले धुएं से निजात दिला रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी केबी. सिंह ने बताया कि वाराणसी जिले में साढ़े आठ सालों में लगभग ढाई लाख गैस के कनेक्शन उज्वला योजना के अंतर्गत दिए गए हैं। वाराणसी में उज्वला योजना के तहत 2016-17 से 2024-25

- **सरकार ने उज्वला योजना में खर्च किये 39.88 करोड़ रुपये**

### साढ़े आठ वर्ष में उज्जवला योजना के अंतर्गत एलपीजी के दिए गये कनेक्शन

| वर्ष | कनेक्शन संख्या |
|---|---|
| 2016-17 | 53888 |
| 2017-18 | 5501 |
| 2018-19 | 84804 |
| 2019-20 | 31552 |
| 2020-21 | 279 |
| 2021-22 | 44680 |
| 2022-23 | 10862 |
| 2023-24 | 9679 |
| 2024- 25 | 8014 |

तक लगभग 39.88 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। गैस कनेक्शन देते समय सिलेंडर, रेगुलेटर, पाइप निशुल्क दिया जाता है।

# कोडीन मामले में आरोपियों के घरों पर चलायें बुलडोजर : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि कोडीन कफ सिरप मामले में आरोपियों और माफियाओं को मुख्यमंत्री और सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। कोडीन मामले में सरकार तमाम महत्वपूर्ण बातें छिपा रही है। यह अंतर्राष्ट्रीय रैकेट है। इसमें 700 कम्पनियां शामिल होने की बात सामने आ रही है। उन्होंने मांग की कि कोडीन मामले में शामिल सभी माफियाओं और आरोपियों के घरो पर सरकार बुलडोजर चलाये।

सपा के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ पर आयोजित प्रेस कांफ्रेस में अखिलेश यादव ने शेर के जरिये मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि अपना चेहरा न पोछा गया आपसे, आईना बेवजह तोड़कर रख दिया। उन्होंने कहा कि अगर पूरे घटनाक्रम को देखा जाय तो पता चलता है कि यह जहरीले और नशीले कफ सिरप का बहुत बड़ा मामला है। अखबारों की खबरों के जरिए सच्चाई सामने आयी। खबरे छपी कि उत्तर प्रदेश में ट्रक पकड़े जाने से कफ सिरप के अंतर्राष्ट्रीय रैकेट का पता चला। चूने के बोरे के आड़ में चार ट्रकों में बंग्लादेश जा रहा 3.5 करोड़ रुपये का कफ सिरप पकड़ा गया। 36 जिलों में 128 से अधिक एफआईआर दर्ज है। कुछ तस्वीरों को दिखाकर भाजपा सरकार सच्चाई छिपाना चाहती है। अगर तस्वीरों को माने और अगर मेरे साथ खड़ा होने वाला माफिया है तो मेरी तस्वीर तो मुख्यमंत्री जी और डिप्टी सीएम के साथ भी है।

अखिलेश यादव ने कहा कि अगर किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री और उसके साथ खड़े लोग, जो सीएम को पसंद नहीं करते है वे सब मिलकर झूठ बोले तो कल्पना कर सकते है कि प्रधानमंत्री के क्षेत्र में कितना बड़ा रैकेट चल रहा होगा। बड़ा सवाल है कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र से इतना बड़ा नकली और जहरीला कफ सिरप का रैकेट चल रहा था। यह हजारों करोड़ का अंतर्राष्ट्रीय मामला है। जब ये खुद फंसने लगे तो एक तस्वीर दिखाकर सपा पर आरोप लगा रहे है। अखिलेश यादव ने कहा कि मेरी मांग है कि इसमें जो-जो माफिया शामिल है और

- **सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पत्रकारवार्ता कर सरकार पर साधा निशाना**
- **कहा, कुछ तस्वीरों को दिखाकर भाजपा सरकार सच्चाई छिपाना चाहती है**



जिन्होंने हजारों करोड़ रुपये का खेल किया है उनके घरों पर बुलडोजर चलाएं। मुख्यमंत्री ने जिसकी तस्वीर दिखाई है उसका कई हजार वर्ग फिट में घर है। घर का वैल्यूयेशन करने गए अधिकारी डर से भाग गये। यह माफियाओं और अधिकारियों का गठजोड़ है। सरकार और मुख्यमंत्री जिन्हें सपा का बता रहे है वे चाहे कोडीन भैया हो या कालीन भैया सब पर बुलडोजर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर कुछ बात रखना चाहते थे लेकिन पुलिस उनकी आवाज दबाने के लिए सीटी बजाती दिखी है। सरकार अन्याय कर रही है। पूर्व विधायक दीपक यादव को कुछ फर्जी चीजें दिखाकर जेल भेज दिया। इसी तरह विधायक रमाकांत यादव पर पुराना केस निकाल कर जेल भेजा। मोहम्मद आजम खां पर झूठे मुकदमे लगाकर जेल भेजा। उत्तर प्रदेश में अन्याय चरम पर है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। इस सरकार में हिन्दुस्तानियत पर आपातकाल चल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान और कानून नहीं मानती है। यदि कोई भाजपा से आरक्षण की उम्मीद करता है तो वह खुद के साथ बेईमानी कर रहा है। भाजपा सरकार में तमाम नौकरियों में आरक्षण का घोटाला हुआ है। शिक्षक भर्ती से लेकर अन्य नौकरियां इसके उदाहरण है। भाजपा सरकार ने एनएफएस (नाट फाउण्ड सुटेबल) करके पिछड़ों, दलितों को बड़ी संख्या में नौकरियों और सेवाओं से वंचित कर दिया।

# बीएलओ से नो मैपिंग कैटेगरी में सुधार करवाकर सब्मिट कराया जाये : सपा

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि संभल में 111-गुन्नौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 2003 की 26- सहसवान विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की सभी मतदेय स्थलों पर 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध नहीं होने के कारण 73629 मतदाताओं को नो मैपिंग तथा 133676 मतदाताओं को प्रोजनी मतदाता की कैटेगरी में बीएलओ द्वारा सबमिट कर दिया गया है। जबकि अधिकांश मतदाताओं के नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज हैं। 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध नहीं होने के कारण इन मतदाताओं को नोटिस देकर दस्तावेज की मांग की जायेगी। अकारण व अनावश्यक रूप से मतदाताओं पर यह बोझ डाला जा रहा है। जबकि निर्वाचन आयोग से जुड़े अधिकारियों की लापरवाही व गलती के कारण वैध मतदाताओं को बड़ी संख्या में नो मैंपिंग में डाल दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग की कार्य प्रणाली पर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे है तथा

- **सपा प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

मतदाताओं को बेवजह परेशान होना पड़ेगा। 111-गुन्नौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदेय स्थलों पर 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाये और बीएलओ से नो मैपिंग कैटेगरी में सुधार करवाकर मैपिंग कैटेगरी में सबमिट कराया जाये। गाजियाबाद, बहराइच, सीतापुर की शिकायतों को संज्ञान में त्वरित कार्यवाही की जाये ताकि एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो सके। गाजियाबाद, के गाजियाबाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र व साहिबाबाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट, मृतक मतदाताओं की पुनः गहन जांच किये बगैर जिला निर्वाचन अधिकारी व ईआरओ के दबाव में बीएलओ द्वारा उनके गणना प्रपत्र को पुनः भरकर अपात्र मतदाताओं को फिर से मतदाता सूची में जोड़ कर डिलीट मतदाताओं की संख्या कम करने की साजिश की जा रही है।

# मनरेगा की हत्या, सरकार ने काम का अधिकार छीना : सैय्यद नासिर हुसैन

## कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान संसद सदस्य ने भाजपा पर किया तीखा हमला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं संसद सदस्य सैय्यद नासिर हुसैन ने शनिवार को कांग्रेस प्रदेश कार्यालय लखनऊ पर पत्रकार को सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता में राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय, वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रियंका गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहीं।

प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव सैय्यद नासिर हुसैन ने कहा कि मोदी सरकार ने सुधार के नाम पर लोकसभा में एक और बिल पास करके दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी स्कीम - मनरेगा को



खत्म कर दिया है। यह महात्मा गांधी की सोच को खत्म करने और सबसे गरीब भारतीयों से काम का अधिकार छीनने की जान-बूझकर की गई कोशिश है। मनरेगा गांधी के ग्राम स्वराज, काम की गरिमा और डिसेंट्रलाइज्ड डेवलपमेंट के सपने का जीता-जागता उदाहरण है, लेकिन इस सरकार ने न सिर्फ उनका नाम हटा दिया है, बल्कि 12 करोड़ नरेगा मजदूरों के अधिकारों को भी बेरहमी से कुचला है। दो दशकों से, नरेगा करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए लाइफलाइन रहा है और कोविड -19 महामारी के दौरान आर्थिक सुरक्षा के तौर पर जरूरी साबित हुआ है।

उन्होंने कहा 2014 से, पीएम मोदी मनरेगा के बहुत खिलाफ रहे हैं। उन्होंने इसे कांग्रेस की नाकामी की जीती-जागती निशानी कहा था। पिछले 11 सालों में, मोदी सरकार ने मनरेगा को सिस्टमैटिक तरीके से कमजोर किया है, कमजोर किया है और उसमें तोड़फोड़ की है, बजट में कटौती करने से लेकर राज्यों से कानूनी तौर पर जरूरी फंड रोकने, जॉब कार्ड हटाने और आधार बेस्ड पेमेंट की मजबूरी के जरिए लगभग सात करोड़ मजदूरों को बाहर करने तक। इस जानबूझकर किए गए दबाव के नतीजे में, पिछले पांच सालों में मनरेगा हर साल मुश्किल से 50-55 दिन काम देने तक सिमट गया है। उन्होंने कहा यह सोचा-समझा खत्म करना सत्ता के नशे में चूर एक तानाशाही सरकार की सोची-समझी बदले की कार्रवाई के अलावा और कुछ नहीं है। हम इस जन-विरोधी, श्रमिक-विरोधी और संघीय-विरोधी हमले का हर मंच पर, सड़क से लेकर संसद तक विरोध करेंगे। बारह साल बाद, कांग्रेस पार्टी को टारगेट करने के लिए मोदी सरकार को नेशनल हेराल्ड केस का हौवा बेइज्जती में खत्म हुआ। उन्होंने कहा कि बदले की राजनीति को तब बड़ा झटका लगा जब ईडी ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी और दूसरों के खिलाफ जो केस दर्ज किया था, उसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।

उन्होंने कहा 140 करोड़ भारतीयों को एहसास हो गया है कि नेशनल हेराल्ड केस में भाजपा के आरोप झूठ का पुलिंदा, प्रोपेगेंडा और अपने पॉलिटिकल विरोधियों को किसी तरह कटघरे में खड़ा करने की एक कोशिश के अलावा और कुछ नहीं हैं।

# वाराणसी रेंज में पहली बार शुरू हुई व्हाट्सएप बॉट सेवा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जीरो टॉलरेंस की नीति पर सख्ती से काम कर रही योगी सरकार की पुलिस अब तकनीक के क्षेत्र में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। उत्तर प्रदेश पुलिस में पहली बार ₹व्हाट्सएप बॉटर₹ का प्रयोग, वाराणसी रेंज की पुलिस करने जा रही है।

वाराणसी रेज पुलिस ने इसे ₹पुलिस सतर्क मित्र₹ का नाम दिया है। जो पूर्वांचल में होने वाली विभिन्न तरह की अवैध गतिविधि पर अंकुश लगा सकेगी। आम जनता नाम उजागर होने के डर से पुलिस को अपराध संबंधी जानकारी देने से बचती थी। इसी समस्या को दूर करने के लिए वाराणसी रेंज पुलिस ने इस अत्याधुनिक तकनीक को अपनाया है। पुलिस सतर्क मित्र बन कर व्हाट्सएप बॉट द्वारा कोई भी नागरिक पुलिस को किसी भी तरह की सूचना दे सकता है। इस तकनीक से सूचना देने वाले की कोई भी व्यक्तिगत (मोबाइल नंबर, नाम, स्थान) जानकारी पुलिस तक नही पहुंचेगी, बल्कि व्हाट्सएप बॉट स्वतः,

- **7839860411 पर मैसेज या क्यू आर कोड को स्कैन करके दी जा सकती है, सूचना**

कार्यवाही की सूचना, अपराध नियंत्रण में सहयोग देने के लिए धन्यवाद भी देगा।

उत्तर प्रदेश पुलिस जनता की ओर से अवैध गतिविधयों की दी जाने वाली अब गोपनीय सूचनाओं को गुप्त रखने के लिए व्हाट्सएप बॉट का इस्तेमाल शनिवार से शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश में इस तकनीक का पहली बार उपयोग करने वाले वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक वैभव कृष्ण ने बताया कि वाराणसी रेंज के तीन जिलों जौनपुर, गाजीपुर एवं चन्दौली के किसी भी क्षेत्र में कोई भी अवैध गतिविधि होते यदि किसी नागरिक को सूचना मिले अथवा देखा जाये तो उसकी सूचना गोपनीय रूप से व्हाट्सएप बॉट के माध्यम से दे सकता है। इस योजना को पुलिस सतर्क मित्र का नाम दिया गया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक वैभव कृष्ण ने जानकारी दिया कि सूचना ₹व्हाट्सएप बॉटर₹ नंबर 7839860411

- **पूर्वांचल में होने वाली विभिन्न तरह के अवैध गतिविधियों पर लगेगा लगाम**

पर व्हाट्सएप मैसेज भेज कर क्यू आर कोड को स्कैन करके भेजी जा सकती है। डीआईजी रेंज वैभव कृष्ण ने जानकारी दी कि यह व्हाट्सएप बॉटर₹ इस प्रकार विकसित किया गया है कि सूचना देने वाले का मोबाइल नंबर अथवा अन्य कोई भी जानकारी पुलिस के पास नहीं आएगी। सूचना देने वाले कि पूर्ण गोपनीयता बनी रहेगी। साथ ही कोई भी नागरिक इस पर यदि मात्र कोई एक शब्द लिखकर भी सन्देश भेजगा अथवा क्यूआर स्कैन करेगा तो यह नम्बर अपने आप उस व्यक्ति से विभिन्न विकल्पों के माध्यम से पूर्ण सूचना प्राप्त कर लेगा। यदि इस पर ल्र लिखकर भेजा जाता है तो पहले यह भाषा का विकल्प पूछेगा एवं उसके बाद जिस अवैध गतिविधि के विषय में सूचना देनी हो उसके विकल्प से सम्बन्धित समस्त सूचनाएं बारी-बारी से पूछेगा। इसर₹ व्हाट्सएप बॉटर₹ पर अवैध गतिविधि की सूचना फोटो, वीडियो, आडियो मैसेज, टेक्स्ट मैसेज के माध्यम से भेजी जा सकती है। इसे जारी करने का मुख्य कारण यह है कि क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों की सूचना देने में लोगों की गोपनीयता को बनाये रखते हुए अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस तक पहुंचा सकें। रेंज पुलिस व्हाट्सएप बॉटऔर क्यूआर कोड को थानों समेत अन्य सार्वजानिक स्थलों पर डिस्प्ले करेगी, साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को इस तकनीक के बारे में बताएगी। वाराणसी रेंज कार्यालय के प्रयोग के लिए बैकेंड डैशबोर्ड तैयार किये गये हैं, जिनमें अवैध गतिविधियों के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार के विश्लेषण किये जाने का विकल्प है, जैसे अवैध गतिविधियों के हॉट स्पॉट्स, थानावार प्राप्त विभिन्न प्रकार की अवैध गतिविधियों से सम्बन्धित सूचनाओं का तुलनात्मक विवरण, प्राप्त सूचनाओं का साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक विश्लेषण, सूचनाओं में प्राप्त फोटो या वीडियो के आधार पर संवेदनशीलता का वर्गीकरण किये जाने आदि से सम्बन्धित विकल्प दिये गये हैं।

# अखिलेश ने जवानों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में सन 1962 की जंग में रेजांग ला पोस्ट पर चीन से लड़ने वाले कैप्टन रामचन्द्र यादव, हवलदार नेहाल सिंह तथा गजेन्द्र सिंह सहित 13 कुमायूं रेजीमेंट उप्र के एक्स सर्विस मैन रमेश कुमार, प्रमोद कुमार, राम किशोर यादव, नौमी लाल यादव, अभिमन्यु, इन्दजीत यादव, रहीश पाल, पंकज यादव, संतोष कुमार, राम विजय, विपिन कुमार तथा शरद यादव को सम्मानित किया। अखिलेश यादव ने अहीर रेजीमेंट बनाने की मांग करते हुए कहा कि और भी कोई मांग करे तो उसकी भी रेजीमेंट बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में पांच मिलिट्री स्कूल है, यूपी में एक भी नहीं है। लखनऊ, कन्नौज, इटावा और वाराणसी में मिलिट्री स्कूल बने, यह हमारी मांग है। उन्होंने 1962 की जंग में अभूतपूर्व वीरता दिखाने वाले सेना के जवानों का स्वागत करते हुए कहा कि इनकी वजह से हमारे देश की सुरक्षा हुई।

# आत्मनिर्भर बन 2,50000 तक कमाने लगीं ग्रामीण महिलाएं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में चल रही महिला सशक्तिकरण योजनाओं का असर अब गांव-गांव नजर आने लगा है। झांसी जिले के डिगारा गांव की रंजना गौतम की कहानी इसी बदलाव की गवाही देती है। पति की गंभीर दुर्घटना के बाद जिस परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया था, आज वही परिवार आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुका है।

रंजना की मासिक आय करीब 20 हजार रुपए और वार्षिक आय लगभग 2.5 लाख रुपए तक पहुंच चुकी है। वह न केवल अपने परिवार का खर्च चला रही हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं को रोजगार देकर उन्हें भी आत्मनिर्भर बना रही हैं। अपनी कमाई से बच्चों की पढ़ाई, घर का खर्च और भविष्य की जरूरतें पूरी कर रही हैं।

डिगारा गांव निवासी 24 वर्षीय रंजना गौतम की जिंदगी उस समय बदल गई, जब विवाह के बाद एक हादसे में उनके पति काम करने में असमर्थ हो गए। परिवार की आय का एकमात्र स्रोत बंद हो गया। विषम परिस्थितियों में रंजना ने हालात से हार मानने के बजाय परिवार की जिम्मेदारी अपने कंधों

- **झांसी की महिला ने पति की गंभीर दुर्घटना के बाद संभाला परिवार, दे रहीं गांव की महिलाओं को रोजगार**

पर उठाने का निर्णय लिया। सरकार की योजनाओं और स्वयं सहायता समूह के सहयोग से रंजना ने बैंक से ऋण लेकर हार्डवेयर रिटेल व्यवसाय की शुरूआत की। शुरूआती दौर में घर की जिम्मेदारी, पति की देखभाल और नए व्यवसाय को संभालना आसान नहीं था, लेकिन निरंतर मेहनत और सीखने की इच्छा ने रास्ता आसान किया।

उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि लखपति दीदियों को आगे बढ़ाकर करोड़पति दीदियां बनाना ही हमारा उद्देश्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत मिले प्रशिक्षण, मार्केटिंग की समझ और नई तकनीक की जानकारी ने रंजना के व्यवसाय को मजबूती दी है। यह कहानी सिर्फ एक महिला की नहीं, बल्कि उस बदलते ग्रामीण उत्तर प्रदेश की है, जहां महिलाएं अब सहायता की मोहताज नहीं, बल्कि परिवार और समाज की मजबूत आधारशिला बन रही हैं।

संक्षेप

## जंगली सुअर के हमले से युवक घायल

प्रतापगढ़। जंगली सुअर के अचानक हमले में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। लालगंज कोतवाली के दीवानी बाई निवासी सूर्य तिवारी उर्फ दीपक 42 होमगार्ड के पद पर तैनात हैं। वह शनिवार की सुबह करीब दस बजे खेत की ओर गये थे। इसी बीच अचानक जंगली सुअर ने हमला कर दिया। युवक की चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। लोगों ने घायल को स्थानीय ट्रामा सेण्टर पहुंचवाया। यहां युवक का इलाज किया गया। जंगली सुअर के हमले से वार्ड में दहशत छा गयी। अधिवक्ता राजेश तिवारी वन विभाग को सूचित करते हुए हिंसक जानवर को पकड़वाने की मांग की है।

## हत्यारोपियों का नहीं लगा सुराग, तलाश में जुटी पुलिस

प्रतापगढ़। युवक के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पांचवे दिन भी पुलिस मशक्कत करती दिखी, लेकिन अज्ञात हत्यारोपियों का सुराग नही लगा सकी। उधर युवक की हत्या से परिवार के लोग भय में जी रहे है। लीलापुर थाना क्षेत्र के सरायताल मकई निवासी चौवालिस वर्षीय दिनेश वर्मा पुत्र रामेश्वर वर्मा बीती पन्द्रह दिसंबर की सुबह अपना ईरिक्शा लेकर निकला था। अगले दिन कोतवाली लालगंज के पूरे तिलकराम इलाके मे तिनमोहनिया के समीप घायलावस्था में पड़ा मिला था। इलाज के दौरान स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज में सत्रह दिसंबर को दिनेश की मौत हो गयी। घटना को लेकर मृतक के पुत्र अंकुश वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात हत्यारोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हत्यारोपियों की तलाश को लेकर पुलिस दबिश दे रही है लेकिन अभी तक सुराग नही लगा सकी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि शीघ्र ही हत्यारोपी की तलाश कर उसे जेल भेजा जाएगा।

## ऑटो की टक्कर से बुजुर्ग घायल

प्रतापगढ़। आटो की टक्कर से बुजुर्ग घायल हो गया। लालगंज कोतवाली के रोहाड़ा गांव निवासी पचास वर्षीय अर्जुन मिश्र शनिवार को दोपहर साइकिल से बाजार से घर जा रहा था। इसी दौरान हाइवे पर अज्ञात आटो ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## विकास कार्यों को लेकर हुई बैठक

प्रतापगढ़। विकास कार्यो को लेकर शनिवार को ग्राम पंचायत राजमतीपुर में बैठक हुई। ग्राम प्रधान राजमतीपुर पूनम सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में ग्रामीण विकास कार्यो को लेकर चर्चा हुई। वहीं किसानों ने खेती से जुडी समस्याओं की भी जानकारी देते हुए निस्तारण की बात कही। बैठक में मौजूद कृषि अधिकारी, विकास अधिकारी, सहायक खण्ड विकास अधिकारी तथा पंचायत सचिवों ने समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। बैठक का संयोजन पूर्व प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह ने किया। इस मौके पर राकेश यादव, सोनू वर्मा, मान सिंह आदि मौजूद रहे।

# राधावल्लभ मंदिर में ठाकुर जी को सोमवार से लगेगा खिचड़ी का भोग

जिला संवाददाता

मथुरा। वृंदावन में श्री राधावल्लभ मंदिर में ठाकुरजी को सोमवार से खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा। मंदिर के एक पदाधिकारी ने शनिवार को बताया कि ठाकुरजी को एक माह तक खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा। मंदिर में यह परंपरा तीन सौ वर्षों से भी अधिक समय से चली आ रही है। मंदिर के सेवायत आचार्य देवकीनंदन गोस्वामी ने बताया कि ठाकुर राधावल्लभ मंदिर में ठाकुरजी को कड़ाके की सर्दी से बचाने के लिए 310 वर्ष पूर्व खिचड़ी सेवा शुरू की गई थी, जो पौष मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि से माघ मास की द्वितीय तिथि तक जारी रहेगी। इसे खिचड़ी महोत्सव भी कहा जाता है। यह महोत्सव इस वर्ष 22 दिसम्बर से शुरू होकर 21 जनवरी तक चलेगा।

उन्होंने बताया कि 310 वर्ष पूर्व ठाकुरजी के तत्कालीन सेवायत आचार्य कमल नयन गोस्वामी ने इस उत्सव की शुरुआत की थी।

# बरेली दंगा मामले में चार घंटे की रिमांड पर लाया गया आरोपी नदीम खान

बरेली। बरेली में हुए दंगों के एक प्रमुख आरोपी और इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल से जुड़े नेता नदीम खान को पुलिस शनिवार को चार घंटे की रिमांड पर कड़ी सुरक्षा के बीच चिकित्सा जांच के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, जेल से अस्पताल तक पूरे रास्ते में अतिरिक्त सतर्कता बरती गई और व्यापक स्तर पर पुलिस बल की तैनाती की गई। नगर पुलिस अधीक्षक मानुष पारीक ने बताया कि यह मामला 26 सितंबर 2025 को हुए बरेली दंगों से जुड़ा है, जिसमें अब तक कुल 12 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। पुलिस नदीम खान से गहन पूछताछ कर रही है और दंगा मामले की हर कड़ी को आपस में जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। मानुष ने बताया कि आने वाले समय में मामले से जुड़े और भी अहम खुलासे हो सकते हैं। थाना कोतवाली में लियाकत अली की शिकायत पर दर्ज एक मुकदमे की जांच के दौरान बड़ा खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता के नाम से एक पत्र वायरल किया गया था, जिस पर उसके असली हस्ताक्षर नहीं थे। यह जाली पत्र जानबूझकर प्रशासन व मीडिया को भ्रमित करने के उद्देश्य से प्रसारित किया गया। उन्होंने बताया कि अदालत से मिली चार घंटे की रिमांड के दौरान पुलिस ने आरोपी के आवास से वही मूल पत्र बरामद कर लिया, जिसे जांच का अहम साक्ष्य माना जा रहा है। पुलिस अब इस फर्जी दस्तावेज के पीछे की पूरी साजिश और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाने में जुटी है।

## पुलिस की गिरफ्त से फरार आरोपी पांच घंटे में पकड़ा गया

हरदोई। उत्तर प्रदेश पुलिस ने हरियाणा पुलिस की गिरफ्त से फरार आरोपी को पांच घंटे के भीतर पकड़ लिया। एक अधिकारी ने बताया कि हरियाणा के चरखी दादरी साइबर थाना में मनजीत महतो के खिलाफ साइबर अपराध का मुकदमा दर्ज है, जिसे लेकर हरियाणा पुलिसकर्मी अन्य आरोपियों की तलाश में रायबरेली आ रहे थे और वे बिलग्राम के एक होटल में रुके हुए थे। होटल में रुकने के दौरान आरोपी महतो पुलिसकर्मियों की आंखों में धूल झोंककर भाग निकला। पुलिस क्षेत्राधिकारी (बिलग्राम) रवि प्रकाश ने बताया कि चरखी दादरी थाने के दरोगा सन्दीप कुमार, थानाध्यक्ष ने शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि महतो को महाराष्ट्र के ठाणे से गिरफ्तार किया गया था। शिकायत में बताया गया कि पुलिस टीम मनजीत महतो को उपरोक्त मामले से संबंधित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए रायबरेली जिले जा रहे थी।

# ट्रेलर ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत

● हादसे के बाद परिवार में मचा कोहराम, दो साल की मासूम के सिर से उठा पिता का साया

गोंडा, गोरखपुर। गोंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेनुआ टोल प्लाजा के समीप शनिवार की शाम एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की जान चली गई। एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेलर ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक अपने पिता के बुढ़ापे का सहारा था।

घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जैतपुर निवासी सुधांशु त्रिपाठी (26) पुत्र कमल त्रिपाठी शनिवार शाम करीब 4 बजे अपनी स्प्लेंडर बाइक से तेनुआ टोल प्लाजा से जीरो प्वाइंट कालेसर की दिशा में जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में स्थित एक ढाबे के पास पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रेलर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुधांशु सड़क पर गिर पड़े और ट्रेलर की चपेट में आ गए, जिससे घटनास्थल पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक सुधांशु के पिता कमल त्रिपाठी बोकटा चौराहे पर ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय करते हैं। सुधांशु दो भाइयों में बड़े थे और घर की जिम्मेदारियों में पिता का हाथ बंटाते थे। परिजनों के अनुसार, सुधांशु की शादी महज तीन वर्ष पूर्व हुई थी। उनकी एक दो साल की मासूम बेटी भी है, जिसके सिर से अब पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया है। जवान बेटे की आकस्मिक मौत से पूरे जैतपुर गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही गोंडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, दुर्घटना करने वाले ट्रेलर और क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर थाने भिजवा दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## इंडो-नेपाल सीमा पर सख्त निगरानी, संयुक्त गश्त जारी



श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती में इंडो-नेपाल सीमा की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल की संयुक्त टीमें लगातार गश्त, चेकिंग एवं सुरक्षा निगरानी अभियान चला रही हैं। इसी क्रम में थाना सिरसिया पुलिस एवं एसएसबी द्वारा इंडो-नेपाल सीमा स्थित सुईया बॉर्डर पर संयुक्त रूप से पैदल गश्त की गई। इस दौरान सीमा क्षेत्र से आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग कर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया गया। इसके अतिरिक्त जनपद के अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में भी एसएसबी पुलिस एवं बल द्वारा संयुक्त रूप से पैदल गश्त करते हुए सीमा क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति का गहन निरीक्षण किया गया तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। श्रावस्ती पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस या डायल 112 पर दें, ताकि जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनी रह सके।

## समाधान दिवस में आयीं 119 शिकायतें, 14 निस्तारित

प्रतापगढ़। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक सौ उन्नीस शिकायतो में चौदह का निस्तारण हुआ। एसडीएम शैलेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में ज्यादातर शिकायतें जमीनी विवाद से जुडी दिखी। सर्वाधिक शिकायत राजस्व की उन्यासी, पुलिस सोलह, विकास विभाग आठ, विद्युत छः, आपूर्ति पांच व अन्य विभागों की भी पांच शिकायतें आयीं। समाधान दिवस में संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष आशीष तिवारी व महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने भी विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने अधिवक्ताओं को समस्याओं के समाधान कराए जाने का भरोसा दिलाया। वहीं एसडीएम ने शेष एक सौ पांच शिकायतों के निस्तारण के बाबत टीम का गठन भी कराया। एसडीएम ने सभी शिकायतों को मातहतो से मौके पर पहुंचकर निस्तारण कराए जाने को कहा। समाधान दिवस में तहसीलदार गरिमा वर्मा, नायब तहसीलदार पंकज कुमार, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला, वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र, अधिशाषी अधिकारी इन्द्र प्रताप सिंह, एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार आदि रहे।

## अपहरण का आरोपी गिरफ्तार



खेसरहा बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा के नेतृत्व में थाने की पुलिस ने अपहरण के आरोपी 01 नफर वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक के आदेश के क्रम में एएसपी प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन व रोहिनी यादव क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण में दायित्वों के निर्वहन हेतु क्रियाशील अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत गत शनिवार 20.12.2025 को थाना खेसरहा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 217/2025 धारा धारा 87,142 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कल्लु उर्फ नवीहसन पुत्र शौकत अली निवासी छोटा बेलउख थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर को बांसी बखिरा मार्ग पर मरवटिया मोड़ के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

## 3 वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय



शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। शोहरत गढ़ सर्किल के सीओ मयंक द्विवेदी के कुशल निर्देशन में क्रियाशील थानाध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में चिल्हिया थाने की पुलिस ने 03 नफर वारंटीगण को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन, मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में राजेश कुमार गुप्ता प्रभारी निरीक्षक थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान वांछित/वारण्टी के क्रम में 20.12.2025 को वाद सं0-4008/22 धारा-323,504 भा0द0वि0 सरकार बनाम गाजे थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर से सम्बन्धित वारंटी गाजे व विफ्फन उर्फ विक्कन पुत्रगण सुरेश निवासीगण भोला परसा थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर तथा वाद सं0-2766/2016 धारा-504,506 भा0द0वि0 सरकार बनाम रामनवल थाना चिल्हिया से सम्बन्धित वारंटी रामनवल पुत्र जीते निवासी कटया थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।

## एस्टीमेट के विरुद्ध हुआ विकास कार्य, जांच की मांग

बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी ब्लाक क्षेत्र के चर्चित ग्राम पं0 पिपरहिया में सरकारी विभिन्न योजनाओं सहित मनरेगा योजना अन्तर्गत कराये गये विकास कार्य में घोर अनियमितता स्टीमेट विरूद्ध विकास कार्य कराया गया है, इतना ही नहीं सरकारी धन से कई विकास कार्य ऐसे भी हुए हैं जो कागज में सबकुछ धरातल पर बिना कार्य कराए ही सेटिंग के चलते भुगतान करा कर सरकारी लाखों रूपए धन का बन्दर बांट किए जाने को लेकर तरह-तरह चचाओं सहित सुर्खियों में जिम्मेदार बने हैं, , ग्राम पं0 पिपरहिया के गणमान्य नागरिक सूत्रों ने बताया कि विगत वर्ष 21 से वर्ष 25 अब तक ग्राम पंचायत में कराए गए व कराए जाने वाले विकास कार्यों के नाम पर सम्बंधित कार्य प्रभारी ग्राम पं 0 सचिव द्वारा लगभग 15 प्रतिशत कमीशन प्रत्येक विकास कार्य के नाम पर लिखा जाता व एम्बी करने के नाम पर जेई साहब भी हम किसी से कम नहीं की तर्ज पर कमीशन लेने की बात सामने आया, यही कारण है की सरकारी मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में सरकारी धन से कराये जाने वाले विकास कार्य मानक विहिन घोर अनियमितता स्टीमेट विरूद्ध विकास कार्य कराये जाते हैं, ऐसे में सम्बंधित जिम्मेदारो द्वारा विकास कार्य के नाम पर लाखों सरकारी धन का भुगतान करा कर धन राशि का बन्दर बांट कर वित्तीय घोटाले को अंजाम दिया गया व दिया जाता है , गणमान्य नागरिकों सूत्रों ने कई साक्ष्य प्रमाण प्रस्तुत कर बताया कि सम्बंधित ग्राम पंचायत सचिव मुनिराम वर्मा साहेब के पास चार्ज में लगभग एक दर्जन ग्राम पंचायतों का चार्ज है जो ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों के कार्य प्रभारी /ग्राम पंचायत सचिव है, खबर के अनुसार उक्त ग्राम पंचायत सचिव मुनि राम वर्मा साहब ने करोड़ों रुपए धनार्जन कर अनुकूल सम्पत्ति भी हासिल किया है, तथा इनकी पहुंच सेटिंग के तहत बांसी ब्लाक सहित जिले में सहयोगी के रूप विकास विभाग के कई अधिकारी का संरक्षण प्राप्त है, जिससे समय विपरीत होने की दशां में बचाव भी हो जाता है, तो सचिव साहेबान पर दिहाती कहावत सटीक बैठ रहा है कि जब सैंया भए कोतवाल तो डर काहें का , पूछे जाने पर अपने ऊपर कमीशन लेने व एस्टीमेट विरुद्ध हुए विकास कार्य को ग्राम सचिव मुनि राम वर्मा साहेब ने निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि उक्त ग्राम पंचायतों की कोई भी जांच करा सकता है।

# समाधान दिवस में आयीं 45 शिकायतें, 5 का निस्तारण



जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर । बांसी तहसील में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक महाजन व उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती के उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस दौरान तहसील समाधान दिवस में फरियादियों की लम्बी कतार लगा रहा, विदित हो शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के प्रथम एवं तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। जिसके क्रम में गत शनिवार तहसील बांसी में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तहसील बांसी में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, उपजिलाधिकारी बांसी नितिन चक्रवर्ती तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन, क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिणी यादव द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से संबधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस बांसी में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने सम्बंधित कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। लेखपाल एवं कानूनगो मौके पर जाकर शिकायत के निस्तारण से पूर्व निरीक्षण कर उसके बाद की आख्या लगायेगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। लमुई ताल के हलका लेखपाल राजाराम द्वारा वरासत के प्रकरण में पैसा मांगने का आरोप तथा तहसील दिवस में बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने के कारण उपजिलाधिकारी को लेखपाल राजाराम को निलम्बित करने का निर्देश दिया गया। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस आयोजन के अवसर पर कुल 48 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-30, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-05, नगर पालिका-10, पूर्ति-02 तथा बाल विकास विभाग-01 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। जिसमें जिलाधिकारी ने राजस्व के 05 प्रार्थना-पत्रों का मौके परही निस्तारण करा दिया गया।

# डीएम- एसपी ने किया फ्लैग मार्च



जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** आगामी राष्ट्रीय पर्वों एवं त्यौहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री अश्विनी कुमार पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा जनपद क्षेत्र में व्यापक स्तर पर फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान आमजन से संवाद स्थापित करते हुए शांति, भाईचारे एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने, अराजकता उत्पन्न करने अथवा कानून व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण की स्थिति का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने नागरिकों को सार्वजनिक मार्गों पर अवैध अतिक्रमण न करने के निर्देश देते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन आवश्यक कार्रवाई करेगा। पुलिस एवं प्रशासन ने जनपदवासियों से आपसी सौहार्द, सहयोग एवं शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या सूचना की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

फ्लैग मार्च में क्षेत्राधिकारी नगर श्री सतीश कुमार शर्मा, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली भिनगा सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# कड़ाके की ठंड के बाद भी नहीं जल रहा अलाव : वीरेंद्र कुमार

इंटवा सिद्धार्थनगर। हाड़ कंपाती ठंड के बावजूद भी जिम्मेदारों द्वारा इंटवा/ डुमरियागंज तहसील कस्बा परिक्षेत्र में कड़ाके की ठंड से ठिठुरते बच्चे, बूढ़े, मरीज, राहगीर सहित आमजनमानस का बूरा हाल है, और नगर पंचायतों को सब ठीक दिख रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश सलाहकार एवं प्रदेश प्रवक्ता उ0प्र0 राष्ट्रवादी जन संग्रह पार्टी सिद्धार्थनगर वीरेंद्र कु 0 दूबे ने कहा, उन्होंने कहा कि इटवा - डुमरियागंज में कड़ाके की ठंड ने दिसम्बर के दूसरे ही सप्ताह से अपना तेवर दिखा दिया है कडाके की ठंड से आम जन मानस ठिठुर रहा है। पर इस बार नगर पंचायत ने शहर में सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाने की व्यवस्था अभी तक नही किया । जिससे बच्चे, बुजुर्ग, राहगीर, रिक्शा-ठेला वाले ,मजदूर सहित आम जनमानस ठिठुरते दिख रहे हैं। उधर, नगर पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा अपनी-अपनी झोली भरने का व्यवस्था की जा रहा है । कस्बे में सरकारी व निजी अस्पताल, तहसील, ब्लॉक, थाना, रजिस्ट्री आफिस, नगर पंचायत व शैक्षणिक संस्थान, पोस्ट आफिस, बैंक आदि आने वाले स्कूली बच्चों राहगीरों, काश्तकारों व मरीजों आदि उनको सर्दी से बचने के लिए पूरे नगर पंचायत में प्वाइंट बनाकर अलाव की व्यवस्था करनी चाहिए था। पर इटवा कस्बा और डुमरियागंज तहसील के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायत के क्षेत्र में तथा इन शहरों के आसपास के सभी स्थान और रोडवेज, मन्दिर चौराहा मंडी आदि पर सैकड़ों लोगों का आना जाना बना रहता है। जहां पर अलाव जलाने की व्यवस्था न के बराबर है, जहां पर जनहित में अलाव जलाने की विशेष आवश्यकता है पर अलाव जलाने की दिशा में अब तक जिम्मेदारों का द्वारा कोई पहल न किया जाना सवालों के घेरे में खड़ा कर रहा है, राष्ट्रवादी जन संग्रह पार्टी के तरफ से मैं प्रदेश सलाहकार एवं प्रदेश प्रवक्ता उत्तर प्रदेश, भावी विधायक प्रत्याशी 305 इटवा ने शासन/ प्रशासन से नगर पंचायत और ग्राम पंचायतो में अलाव जलाने का मांग किया है।

# अटल जयंती पर भाषण, निबंध, काव्यपाठ प्रतियोगिताएं सम्पन्न



जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस के अवसर पर महामाया राजकीय महाविद्यालय, श्रावस्ती में भाषण, निबंध एवं एकल काव्यपाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती सभागार में मां सरस्वती और अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का बैज अलंकरण एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। एकल काव्यपाठ प्रतियोगिता में बिन्दु (राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, भिनगा) ने प्रथम, अनुराग (अलक्षेन्द्र इंटर कॉलेज) ने द्वितीय तथा मोनिका शुक्ला (चौधरी रामबिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में अंजलि शुक्ला (महामाया राजकीय महाविद्यालय) प्रथम, लक्ष्मी शुक्ला (महामाया राजकीय महाविद्यालय) द्वितीय एवं गौतम शुक्ल (राजकीय महाविद्यालय, लेंगडीगूलर) तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में रिंकू पाल (जगतजीत इंटर कॉलेज, इकौना) प्रथम, रजनीश (पी.एम.श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, भिनगा) द्वितीय एवं अमिता यादव (लार्ड कृष्णा पब्लिक इंटर कॉलेज, वीरगंज, जमुनहा) तृतीय स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। निर्णायक मंडल में डॉ कौशलेंद्र विक्रम सिंह, ज्योति प्रकाश पाण्डेय, रामबिहारी वाजपेयी, डॉ एकता यादव एवं डॉ सत्य प्रकाश वर्मा शामिल रहे।

इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ आशुतोष मिश्र ने किया, जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं जनपदीय प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी डॉ धर्मेन्द्र गुप्त ने की।

विजयी प्रतिभागियों को 25 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट, भिनगा, श्रावस्ती में नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

## कोडीन युक्त सिरप के बिक्री के आरोप में तीन गिरफ्तार

बिजनौर। जिले में कोडीन युक्त सिरप के गैर चिकित्सकीय उपयोग और बिक्री के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि ओषधि निरीक्षक उमेश कुमार भारती ने कोडीन युक्त सिरप की गैर चिकित्सकीय उपयोग और बिक्री के संबंध में बिजनौर के अरुण, शिवांशु और ऋषभ के खिलाफ शिकायत दी थी जिसके बाद तीनों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। डॉ. सिंह ने बताया कि एक अन्य मामले में भी जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# नागरिक सुरक्षा कोर गोरखपुर का 63वां स्थापना दिवस मना

## सोशल मीडिया की सक्रियता, आईटी टीम गठन और जनजागरूकता पर विशेष जोर

जिला संवाददाता



**गोरखपुर।** नागरिक सुरक्षा संगठन (सिविल डिफेंस), गोरखपुर के 63वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित रूट मार्च एवं वार्डन सम्मान समारोह के दौरान जनजागरूकता, तकनीकी सशक्तिकरण और सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर विशेष रूप से बल दिया गया।

शनिवार को एमएसआई इंटर कॉलेज सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों ने सिविल डिफेंस की भूमिका को और अधिक मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा दीपक मीणा ने कहा कि

नागरिकों को जागरूक करना सिविल डिफेंस का प्रमुख दायित्व है और सोशल मीडिया इस दिशा में सबसे सशक्त माध्यम बन सकता है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे वीडियो, इन्फोग्राफिक्स, लाइव सेशन और मॉक ड्रिल के क्लिप साझा कर आमजन, विशेषकर बच्चों और युवाओं को आसानी से जागरूक किया जा सकता है। डीएम ने यह भी कहा कि सिविल डिफेंस पहले से ही एक सक्रिय संस्था है, लेकिन सोशल मीडिया पर इसकी सक्रियता इसे और प्रभावी बना देगी।

अपने संबोधन में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने ब्लैक आउट जैसी आपात स्थितियों के दौरान बच्चों को विशेष रूप से जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ब्लैक आउट या किसी भी आपात स्थिति में अक्सर छोटे बच्चे घबरा जाते हैं, इसलिए स्कूलों, मोहल्लों और सोशल मीडिया के माध्यम से बच्चों को सरल भाषा में जानकारी दी जानी चाहिए कि ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिए और क्या नहीं। बच्चों को यह सिखाना जरूरी है कि अंधेरे में शांत रहना, सुरक्षित स्थान पर रहना और बड़ों के निर्देशों का पालन करना ही सबसे सुरक्षित उपाय है। डीएम ने आपातकालीन घटनाओं के दौरान लोगों की मनोवैज्ञानिक स्थिति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कई बार किसी घटना के दौरान कुछ लोग एक दिशा में भागते हैं, तो कुछ लोग दूसरी दिशा में। यदि कोई व्यक्ति घबराकर वहां से भाग जाता है, तो इसका यह अर्थ नहीं कि वह डरपोक है। उस समय व्यक्ति के दिमाग में जो पहला विचार आता है, वह उसी के अनुसार प्रतिक्रिया करता है। इसे समझना और स्वीकार करना जरूरी है। ऐसे में सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे लोगों को सही दिशा दिखाएं, उन्हें शांत करें और सुरक्षित तरीके से बाहर निकालने में मदद करें।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर व मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी ने कहा कि सिविल डिफेंस केवल आपदा के समय ही नहीं, बल्कि सामान्य दिनों में भी समाज को सजग और जागरूक बनाने का कार्य करता है। उन्होंने सुझाव दिया कि ग्राम स्तर, वार्ड स्तर और शहरी क्षेत्रों में सोशल मीडिया ग्रुप बनाकर स्थानीय समस्याओं, आपदा की चेतावनी और सुरक्षा संबंधी सूचनाएं साझा की जाएं। इससे प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित होगा।

सम्मान समारोह के दौरान राष्ट्रपति पद से सम्मानित नीरज श्रीवास्तव, चीफ वार्डन संजीव गुलाटी, उप नियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह सहित अनेक वार्डनों और स्वयंसेवकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विशेष रूप से नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करने वाली महिला वार्डनों की भूमिका की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि महिला स्वयंसेवक आपदा के समय बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। नागरिक सुरक्षा संगठन के डिवीजनल वार्डन (आ.) नैय्यर आलम ने कहा कि संगठन भविष्य में सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक प्रशिक्षण सामग्री साझा करेगा। उन्होंने बताया कि ब्लैक आउट, भूकंप, अग्निकांड और बाढ़ जैसी आपदाओं से संबंधित जागरूकता वीडियो तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें जल्द ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया जाएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित स्टाफ ऑफिसर मनोज कानोडिया, रागिनी जायसवाल, जितेन्द्र देव उपाध्याय सहित अन्य अधिकारियों ने भी विचार व्यक्त किए और कहा कि आईटी टीम के गठन से युवाओं को संगठन से जोड़ने में मदद मिलेगी। युवा तकनीक के माध्यम से सिविल डिफेंस के संदेश को घर-घर तक पहुंचा सकते हैं। समारोह के अंत में यह संदेश दिया गया कि सिविल डिफेंस एक अनुशासित, सक्रिय और जनहितकारी संस्था है। सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, आईटी टीम के गठन और बच्चों व आम नागरिकों की जागरूकता से यह संगठन और अधिक सशक्त बनेगा कार्यक्रम का संचालन अमरनाथ जयसवाल द्वारा किया गया।

## सम्मान सुरक्षा के लिए संकल्पित रहना होगा



इटावा। ब्लाक सैंफई अन्तर्गत कुम्हावर बाजार में उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की इकाई के गठन के लिए व्यापारीयों की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें देवम शंकर राठौर को कुम्हावर बाजार का अध्यक्ष, कमलेश यादव को महामंत्री, मो. शमीम को कोषाध्यक्ष, अनीश खां मंसूरी एवं आलोक राठौर को उपाध्यक्ष चुना गया, कार्यक्रम मे व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह चैहान ने कहा कि व्यापारियों के मान सम्मान सुरक्षा के लिए व्यापार मंडल दिन प्रतिदिन अपना कुनबा बड़ा रहा है, सरकारी तंत्र सबसे ज्यादा उत्पीड़न हम व्यापारियों का ही करता है। जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि व्यापारियों की समस्या का समाधान कराने के लिए हम संकल्पित हैं, आपकी एकजुटता हमारा मनोबल ऊंचा करती है, व्यापारियों को अब तय करना होगा कि सही मायनें मे कौन उनकी आवाज बुलंद कर रहा है। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, शहर अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, महामंत्री सुनील कुशवाहा, प्रदेश मंत्री महिला, जिला अध्यक्ष गुड्डी बाजपेई, महिला उपाध्यक्ष शकीला बेगम, महामंत्री ममता दुबे, अंजू यादव, रेडीमेड ऐसोसिएशन के अध्यक्ष देव गुप्ता, सोनी यादव, सारिका शर्मा, ज्योतिशंकर राठौर प्रधान जी, राम बहादुर, अफजाल मंसूरी, विमल यादव, ऊं कुशवाहा, उत्कर्ष शंकर, राहुल कुमार मौजूद रहे।

## आत्महत्या के लिए उकसाने पर महिला गिरफ्तार



सैफई, इटावा। आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में सैफई पुलिस ने नामजद आरोपित महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई सैफई थाने में 14 सितंबर 2025 को दर्ज मुकदमे के आधार पर की गई है। प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र राठी के नेतृत्व में हैवरा पुलिस चैकी प्रभारी अंकित पटेल, उपनिरीक्षक राजकुमार और उपनिरीक्षक सुमन पाल की टीम ने पड़रपुरा गांव में एक परचून की दुकान से आरोपित महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह मुकदमा नगला बरी, थाना वैदपुरा निवासी श्रीदेवी पत्नी विश्राम सिंह की तहरीर पर दर्ज किया गया था। आरोप है कि उनके 33 वर्षीय पुत्र उमेश कुमार को उसकी पत्नी सिंकी और ससुरालीजनों द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। पारिवारिक विवाद, आर्थिक दबाव और कथित उत्पीड़न से परेशान होकर युवक ने 4 अगस्त 2025 को ज्ञानदास बाबा आश्रम के सामने आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परिजन का आरोप है कि मृतक को आत्महत्या के लिए उकसाया गया था। घटना के बाद मृतक के मोबाइल में मौजूद कॉल रिकॉर्डिंग और अन्य साक्ष्यों के आधार पर सैफई थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोपों की पुष्टि होने पर कार्रवाई करते हुए आरोपित महिला की गिरफ्तारी की।

## जनता के हर सुख दु:ख पर सीएम योगी की नजर : राजेश त्रिपाठी



गोरखपुर। चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की नजर जनता के प्रत्येक सुख दुःख पर है। उन्होंने ठंड के मौसम में गरीबों को ठंड से बचाव के लिये कम्बल भेजा है। श्री त्रिपाठी शनिवार को बड़हलगंज स्थित रामलीला बाग में शासन द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गर्मी, सर्दी या बरसात योगी सरकार हर मौसम में जनता को सहूलियत उपलब्ध कराने के लिये तत्पर रहती है, ठंड के मौसम में कम्बल वितरण सरकार की इस मंशा को दशार्ता है। इस अवसर पर चेयरमैन प्रीति उमर, चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर, एसडीएम गोला अमित कुमार जायसवाल, तहसील गोला सत्येंद्र मौर्य, नायब तहसीलदार जयप्रकाश, सभासद राजीव मिश्र, राकेश राय, सुनील यादव, वीरेन्द्र गुप्त, दीपक शर्मा, सूरज सोनकर, सुदीप वर्मा, सभासद प्रतिनिधि अमूल्य चंद चतुवेर्दी, रामदास मद्धेशिया, संजय सोनकर, खुर्शीद अहमद, ऋषि चन्द आदि मौजूद थे।

# 128 शिकायतों में से 20 का मौके पर निस्तारण



गोरखपुर।सदर तहसील सभागार में शनिवार को तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी (एसडीएम) सदर दीपक गुप्ता ने की। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

समाधान दिवस में डिप्टी कलेक्टर/तहसीलदार सदर ज्ञान प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार अरविंद नाथ पांडे, देवेंद्र यादव, आकांक्षा पासवान, भागीरथी सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने एक-एक कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।भूमि विवाद, सीमांकन और रास्ते से जुड़े मामले छाए समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें भूमि विवाद, सीमांकन, सार्वजनिक रास्तों पर अवैध कब्जा, खसरा-खतौनी में फर्जी इन्द्राज तथा राजस्व से जुड़े मामलों की रहीं। कई मामलों में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सार्वजनिक रास्तों पर निजी नाम दर्ज कराए गए हैं, जिससे आमजन के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। एसडीएम सदर ने ऐसे मामलों में तत्काल जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित लेखपाल व राजस्व निरीक्षकों को दिए। समाधान दिवस में वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम से जुड़े प्रकरण भी सामने आए। एक वृद्ध महिला द्वारा पुत्रों पर न्यायालय के आदेश के बावजूद भरण-पोषण राशि न देने की शिकायत की गई। एसडीएम सदर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आदेश के अनुपालन हेतु त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए तथा संबंधित थाने को भी आवश्यक कदम उठाने को कहा। सीमांकन के मामलों में सख्ती खेतों के सीमांकन के बाद पत्थर उखाड़ने और दबंगई की शिकायतों पर एसडीएम सदर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीमांकन से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रूप से मौके पर जाकर स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया। समाधान दिवस में कुल 128 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 20 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। एसडीएम सदर दीपक गुप्ता ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और न्यायसंगत समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## टैंक में गिरकर तीन साल के बालक की मौत

इटावा। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर सुरक्षा में भारी लापरवाही सामने आई है। एक्सप्रेस वे किनारे बने सार्वजनिक शौचालय के पीछे खुले सेफ्टी टैंक में गिरने से तीन साल के मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे ने एक्सप्रेस वे पर बनाए गए शौचालयों और उनके रखरखाव पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक बच्चा वहीं तैनात सफाई कर्मी का बेटा था। परिजनों ने सेफ्टी टैंक पर ढक्कन न होने को घोर लापरवाही बताते हुए जिम्मेदार कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना शुक्रवार शाम की है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर कुदरैल के पास चैनल नंबर 288.7 के समीप यात्रियों की सुविधा के लिए शौचालय बनाया गया है। यहां रायबरेली निवासी सफाई कर्मी विजय कार्यरत है। उसका तीन वर्षीय बेटा अर्पित शौचालय परिसर में खेल रहा था। इसी दौरान वह शौचालय के पीछे बने खुले सेफ्टी टैंक में गिर गया। बताया गया कि सेफ्टी टैंक की गहराई 10 फीट से अधिक थी, जिससे बच्चा बाहर नहीं निकल सका। कुछ समय बाद जब अर्पित दिखाई नहीं दिया तो माता-पिता उसे इधर-उधर तलाशने लगे। पीछे जाकर देखा तो उनका कलेजा कांप उठाकृ अर्पित सेफ्टी टैंक में पड़ा हुआ था। आनन-फानन में बच्चे को बाहर निकाला गया और एम्बुलेंस से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां तैनात चिकित्सक अधीक्षक सैफ खान ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शनिवार दोपहर करीब एक बजे पोस्टमॉर्टम कराया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कूड़े को घर के बाहर न फेंकने की अपील: डॉ. हरीशंकर

इटावा।। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ज्योति संटू गुप्ता व अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार स्वच्छ भारत मिशन के डीपीएम सुनील कुमार की देखरेख मे डॉ. हरीशंकर पटेल ब्रांड एम्बेसडर स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के नेतृत्व में विशेष सहयोगी के रूप में आईटीसी से सुजीत कुमार और जिओस्टेट से विवेक सिंह के द्वारा स्वच्छ सर्वेच्छण में नगर पालिका परिषद को प्रथम लाने के उद्देश्य से डोर टू डोर गीला कूड़ा, सूखा कूड़ा तथा हानिकारक कूड़े को अलग-अलग डस्टबीनों में रख कर कूड़े वाली गाड़ी के भइया को दे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 73 शिकायतें,7 निपटीं



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम प्रशासन सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में किया गया। कड़ाके की ठंड के बावजूद संपूर्ण समाधान दिवस पर 73 मामले प्रार्थना पत्र के माध्यम से सुनवाई के लिए आये थे। जिसमें से मौके पर मात्र सात मामलों का निस्तारण हो सका।शेष मामले संबंधित विभागों से आये कर्मचारियों/अधिकारियों को शिघ्र निस्तारण के लिए प्रेषित कर दिया गया। सबसे अधिक मामले राजस्व व चकबंदी विभाग से आये थे। तहसील क्षेत्र के भैसहा टोला रघुनाथपुर निवासी रामनेवास पुत्र सरजू ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गाटा संख्या 1591 रकबा 0-394 के संबंध में दीवानी न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। उक्त मुकदमे में अस्थाई निषेधाज्ञा आदेश भी हो चुका है। लेकिन विपक्षी हल्का लेखपाल व कानूनगो के मिली भगत से जोर जबरदस्ती निर्माण कार्य करा रहा है। प्रार्थना पत्र देकर निर्माण कार्य रोकने की गुहार लगाया है। उक्त अवसर पर उपजिलाधिकारी चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह, एसपी नार्थ ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद, चकबंदी अधिकारी शिवशंकर सिंह, खंड विकास अधिकारी ब्रम्हपुर गरिमा सिंह, खंड विकास अधिकारी सरदार नगर श्यामलाल पुलिस क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा मनीष कुमार शर्मा, नायब तहसीलदार संजय कुमार सहित तमाम विभागों के कर्मचारी/अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।

## पारपट्टी क्षेत्र का विधायक बनाने की उठी मांग

चकरनगर, इटवा। पारपट्टी क्षेत्र चकरनगर की जनता ने क्षेत्रीय विधायक बनाने की आवाज को बुलंद किया है। एक पत्रकार वार्ता के दौरान की गई बातचीत में क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत के तीन बार के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि रहे पूर्व ग्राम प्रधान ने जनता पर विश्वास जताते हुए क्षेत्र में विकास की बयार बहाने के साथ-साथ उद्योग भी लगाने की बात कही। कस्बा चकरनगर के कृष्णा गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भाजपा इटावा उदयवीर सिंह दोहरे ने कहा कि पारपट्टी पिछड़ी तहसील चकरनगर से आज तक कोई विधायक नहीं बन पाया, और यही वजह है कि विकास योजनाएं अक्सर कागजों में सिमटकर रह गईं। आज हालात बदलने की दहलीज पर हैं। चंबल घाटी की जनता चाहती है कि उनके बीच से, उनकी जमीन से, उनके दर्द को समझने वाला प्रतिनिधि विधानसभा में पहुंचे और इस उम्मीद की निगाहें उदयवीर सिंह दोहरे पर टिकी हैं। वार्ता के दौरान उन्होंने भावुक स्वर में कहा कि क्षेत्रीय जनता का मैं दिल से स्वागत करता हूँ। मेरा एक ही उद्देश्य है चकरनगर का सर्वांगीण विकास। यह तहसील इटावा की सबसे पिछड़ी जरूर है, लेकिन इसकी संभावनाएँ सबसे बड़ी हैं। उन्होंने अपने विकास एजेंडे को स्पष्ट करते हुए कहा कि चकरनगर में डिग्री कॉलेज, समुचित अस्पताल, बेहतर सड़कें, निर्बाध बिजली व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार उनकी प्राथमिकताओं में होंगे। साथ ही, चंबलघाटी के संघर्षशील किसानों की पीड़ा को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले जंगली व खूंखार जानवरों से बचाव के लिए जंगलों की सीमा पर कंटीले तारों की बाउंड्री वॉल बनवाई जाएगी, ताकि किसान निश्चिंत होकर खेती कर सकें। उदयवीर सिंह दोहरे ने यह भी याद दिलाया कि सन 2022 में उन्होंने पार्टी से टिकट की मांग की थी, लेकिन उस समय उन्हें अवसर नहीं मिल सका। आज परिस्थिति बदली है, घाटी के गांव-गांव से उठ रही आवाज यही कह रही है कि अब विकास तभी आएगा, जब चकरनगर का बेटा ही चकरनगर की आवाज बनेगा। उक्त संभावित विधायक प्रत्याशी उदयवीर सिंह दोहरे के लिए भाजपा से टिकट के लिए सहसों ग्राम पंचायत के सदूपुरा निवासी मुनेश दोहरे, अखिलेश दोहरे, गोविंद दोहरे, सतीश दोहरे, श्रीनाथ दोहरे, सहेल दोहरे, बदनपुरा से अभिलाख दोहरे, निकशाई दोहरे, दशरथ दोहरे, सहसों से श्रीकृष्ण चक, पवन चक, इंद्रजीत चक, मिथुन चक आदि ने मांग की है।

**Notice**

Please note that my name was mistakenly listed as BHEM SHANKER on my passport number- k2960445. It has been lost. My correct name is BHIM SHANKAR in other records. I wish to be known by this name in the future. Bhim Shankar, son of Munnu Lal, resident of village Hariharpur Bhagwantnagar, Tehsil Bighapur, Unnao.

**सूचना**

मेरे पति शोभित कुमार के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड नंबर 15233006X रैंक L/HAV में मेरा नाम त्रुटिवश सलोनी दर्ज है। मेरा सही नाम सलोनी यादव है, जैसा कि सिविल दस्तावेजों और हलफनामे/ घोषणा पत्र नंबर IN-UP806525 4454741X तारीख 05 दिसंबर 2025 के अनुसार है। **सलोनी यादव पत्नी शोभित कुमार नि.- गाँव अमानीगंज कसमंडी खुर्द, पोस्ट मलिहाबाद, तहसील मलिहाबाद, राज्य उत्तर प्रदेश, पिन 226102**

## मानव सेवा सबसे बड़ा पुनीत कार्य : प्रीति उमर

गोरखपुर। बड़हलगंज उपनगर के संत रविदास नगर वार्ड 03 में असहाय गरीबों को ठंड से बचाव के लिये कम्बल वितरित करते हुये नगर पंचायत चेयरमैन प्रीति उमर ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ी ईश्वर सेवा है। सामाजिक कार्यकर्ता अमलेश कुमार के आवास पर आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में गरीबों को कम्बल वितरित कर रही चेयरमैन प्रीति उमर ने उक्त उदगार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में गरीबों को कम्बल वितरित करना पुण्य का कार्य है, सभी सक्षम लोगों को यह पुनीत कार्य करना चाहिए।इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी, चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर, सभासद वीरेंद्र गुप्ता, दीपक शर्मा, जनसेवा महामंत्री सन्तोष जायसवाल, मनमोहन पटवा, सुरेश उमर, दीपक गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# मुख्य न्यायाधीश ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया





जिला संवाददाता

**इटावा।** हिन्दी सेवा निधि, 33वां सारस्वत समारोह कार्यक्रम इस्लामिया इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, मुख्य न्यायधीश सर्वोच्च न्यायालय भारत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा वंदे मातरम गीत एवं हिन्दी वंदना गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सभी मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा तीन पुस्तकों का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बताया कि तीन दशक से इटावा जनपद हिन्दी भाषा एवं संस्कृति भाषा का स्थान है।

उन्होंने कहा कि इस्लामियां इण्टर कॉलेज के पढ़े हुए छात्र प्रदेश में उच्च स्तर तक पहुंचकर अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि इटावा को गंगदेव कि नगरी प्राचीन काल से जाना जाता है साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि दो महान हस्तियों के नाम को मिलाकर गंगदेव नगरी बनाया गया। उन्होंने कहा कि इटावा संस्कृति की एक राजधानी के रूप में उभर के आता है। भाषाओं में बहस की जाती है एवं सुप्रीम कोर्ट के सारे फैसले लिए जाते है। संचालन डॉ. कुश चतुवेर्दी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंकज मित्तल, राष्ट्र गौरव वसीम बरेलवी, न्यायमूर्ति ब्रजराज सिंह, कवि पद्मश्री सुरेन्द्र शर्मा, गंग देव सम्मान प्रख्यात समीक्षक डॉ. पवन अग्रवाल आचार्य लखनऊ विश्वविद्यालय, अपर पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह कानपुर जोन कानपुर, पुलिस उपनिरीक्षक हरिश चन्द्र कानपुर परिक्षेत्र, एयर मार्शल अमित तिवारी, संगीत निर्देशक संजीव कोहली, हिन्दी अनुरागी चिकित्सक डॉ. शरद अग्रवाल, हिन्दी निष्ठ विधिवेत्ता धर्म नाथ प्रसाद यादव, हिन्दी निष्ठ न्यायमूर्ति चंद्र कुमार राय न्यायधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय, शिक्षाविद् हिन्दी सेवी विवेक मणि त्रिपाठी, कविवर डॉ. सुरेश नीरव, कथा शिल्पी ज्योत्सना सिंह, हिन्दी सेवी रामप्रकाश त्रिपाठी, हॉकी खिलाड़ी अशोक कुमार, हॉकी खिलाड़ी शकील अहमद, प्रवीण लेखक हरीश कुमार, कविवर प्रमोद तिवारी हंस, शायर रईस इटावी, रौनक इटावी, सुकवि अनिल मान मिश्र, सुकवि सुधीर मिश्र निश्चल घिरोर, युवा नाट्यकार रवीन्द्र चैहान, रजत सिंह जैन जिला जज, जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित कवि उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोडरी, वि.ख.- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-20.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत कोडरी, विकासखंड-कूरेभार जनपद-सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक दिनांक-21.12.2025 से दिनांक 27.12.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत कोडरी पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 27.12.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | राम कुमार निषाद के घर से कन्हैया के खेत तक नाली निर्माण कार्य। | 5.24 लाख रुपये। | ईंट प्रथम श्रेणी सीमेंट मोरंग, बालू सरिया व अन्य सामग्री। |
| 2. | पक्की सड़क से अनुसूचित बस्ती होते हुए मगरू के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 6.52 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 3. | अजय पाल के घर से सियाराम नेता के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 4.90 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्तें मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होगी।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा0पं0- कोडरी, वि0ख0- कूरेभार**
**जनपद-सुलतानपुर।**

संक्षेप

## राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान क्विज की प्रतियोगी परीक्षा आयोजित

धौरहरा खीरी। शनिवार को बी आर सी परिसर धौरहरा में राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विकास क्षेत्र के 207 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्राप्त विवरण के अनुसार बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विकास क्षेत्र धौरहरा के तहत बी आर सी परिसर में आयोजित क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 6.7.8 के प्रत्येक विद्यालय से तीन तीन छात्र छात्राओं को प्रतिभाग करने के आयोजन में शनिवार 11 बजे राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान क्विज प्रतियोगिता के तहत परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें कुल 207 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## सड़क हादसे में जख्मी की इलाज के दौरान मौत

मोहम्मदी खीरी। बरवर क्षेत्र के गांव रसूलपुर तफज्जुल हुसैन निवासी बाइक चालक को मोहम्मदी शाहजहांपुर हाईवे पर गांव गोकुल के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर कुचल दिया था जिसे गंभीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था इलाज के दौरान तीसरे दिन मौत हो गई है। रसूलपुर तफज्जुल हुसैन निवासी शिवकुमार अपनी बाइक से जरूरी कार्य को लेकर शाहजहांपुर गए थे बुधवार को शाम 6 बजे वापस लौटते समय हाईवे पर गांव गोकन के पास पहुंचते ही मोहम्मदी की ओर से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दी थी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए थे इलाज के लिए मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया गया हालत नाजुक होने पर परिजनों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था इलाज के दौरान शनिवार को सुबह मौत हो गई घटना की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया मृतक अपने पीछे पत्नी और दो पुत्र एक पुत्री को रोते बिलखते छोड़ गया है। पत्नी के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

## करंट लगने से युवक की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हैदराबाद थाना क्षेत्र में ट्यूबवेल पर बिजली करंट से एक युवक की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के ग्राम वनबुधेली निवासी सत्य प्रकाश के 18 वर्षीय पुत्र विशाल बिजली करंट लगने से झुलस गया। जिसे गांव के ही श्रीपाल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने विशाल को मृत घोषित कर दिया। बताते चले कि विशाल गांव के ही श्रीपाल के यहां ट्यूबवेल पर काम करता था। शनिवार को वह ट्यूबवेल पर बल्ब लगा रहा था, इसी दौरान करंट लगने से उसकी मौत हो गई।

## प्रयागराज-शकूरबस्ती के बीच विशेष ट्रेन शुरू

इटावा। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज से शकूरबस्ती के बीच विशेष ट्रेन का संचालन शुरू किया है। यह ट्रेन सप्ताह में अप और डाउन दोनों दिशाओं में चार दिन चलाई जाएगी। इसके संचालन से प्रयागराज, इटावा सहित कई स्टेशनों से नई दिल्ली और शकूरबस्ती तक जाने वाले यात्रियों को सीधी और सुविधाजनक रेल सेवा मिलेगी। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि गाड़ी संख्या 02275 प्रयागराज-शकूरबस्ती विशेष ट्रेन अप लाइन में 20 दिसंबर से चलाई गई। यह ट्रेन प्रत्येक गुरुवार और शनिवार को चलेगी।

# संम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी गयीं शिकायतें

### 19 शिकायतें दर्ज हुईं , दो का निस्तारण



धौरहरा खीरी। एसडीएम धौरहरा की अध्यक्षता में आयोजित संम्पूर्ण समाधान दिवस में समय समाप्त होने तक कुल 19 शिकायते दर्ज हुई जिसमें राजस्व विभाग की दो शिकायतें मौके पर निस्तारण भी हुई। प्राप्त विवरण के अनुसार शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि की अध्यक्षता में संम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें राजस्व विभाग से 06.पुलिस 07,विकास विभाग 02 व चार शिकायते अन्य रही जिसमें 02 शिकायतें राजस्व विभाग की मौके पर निस्तारण की गई।बैढक में तहसीलदार आदित्य विशाल,नायब तहसीलदार फिरोजाबाद अखिलेश मौर्या,नायब तहसीलदार धौरहरा बीरेंद्र यादव,खण्ड विकास अधिकारी ईसानगर धन प्राप्त यादव सहित अन्य विभागों के जिम्मेदार मौजूद रहे। तहसील सभागार में शासन के निर्देश से आम आदमी की समस्याओं के निराकरण के लिए तहसील स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी तय है लेकिन शासन के इन महत्वपूर्ण आदेशों के बावजूद भी खण्ड विकास अधिकारी धौरहरा संदीप तिवारी व खण्ड विकास अधिकारी रमियाबेहढ श्रद्धा गुप्ता तहसील स्तरीय समाधान दिवस में आना मुनासिब नहीं समझते शनिवार को हो रहे समाधान दिवस से दोनों जिम्मेदार गायब रहे।

# शराब के नशे में खुले में पड़े रहने से अधेड़ की मौत

### परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप, जांच में जुटी पुलिस

मोहम्मदी खीरी। पसगवां थाना क्षेत्र के गांव सर्वांगपुर में एक अधेड़ को गांव के बाहर पड़े मिलने की सूचना पर पत्नी पूनम देवीऔर उसकी सास मुल्लो देवी उसे ऑटो से घर लाकर पुलिस को सूचना देकर एंबुलेंस से इलाज के लिए मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया था जहां इलाज के बाद हालत बिगड़ने पर बाहर ले जाने की तैयारी कर रहे थे तब तक मौत हो गई परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार गांव सर्वांगपुर निवासी मनोज 45 वर्षीय पुत्र सट्टले नशे का आदी था शुक्रवार को सुबह गांव से लगभग 500 मीटर दूर एक ट्यूबवेल के पास पड़े होने की सूचना मिली थी मां और पत्नी ऑटो से बैठाकर घर लाई और पुलिस को सूचना देकर इलाज के लिए एंबुलेंस से मोहम्मदी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया रात भर ठंड में पड़े रहने के चलते हालत नाजुक थी डॉक्टरों की सलाह पर बाहर ले जाने की तैयारी कर रहे थे तभी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। परिजन जबरन जहरीला पदार्थ पिला देने से मौत हो जाने का आरोप लगा रहे हैं। सीओ अरुण कुमार सिंह के अनुसार मृतक नशा का आदी था जिसके चलते शराब पीकर ठंड में पड़े रहने से मौत हो जाना लगता है जांच कराई जा रही है। अपने पीछे पत्नी और एकमात्र पुत्री को छोड़ गया है। पत्नी के सामने जीवन यापन और पुत्री के विवाह का संकट खड़ा हो गया है।

# डॉ. ओ.पी. मिश्र की कृति समय की शिला पर का हुआ विमोचन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद गोला के सभागार में सीजीएन पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ओ.पी. मिश्र की पुस्तक समय की शिला पर का विमोचन शुक्रवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रजेश तिवारी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने डॉ. ओ.पी. मिश्र को सैद्धांतिक मूल्यों पर अडिग रहने वाला शिक्षाविद् और साहित्यकार बताते हुए उनकी कृति की सराहना की। गुरु नानक कन्या डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डा0 अंजू भोगल सहित अन्य वक्ताओं ने भी डॉ. मिश्र के शैक्षिक एवं साहित्यिक योगदान पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर डॉ. ओ.पी. मिश्र ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी अतिथियों, साहित्यकारों और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन वेद प्रकाश अग्निहोत्री ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकार, शिक्षाविद्, जनप्रतिनिधि और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दीपिका और नकुल गैण्डे का कालर हटाने की कार्यवाही पूर्ण

पलियाकलां खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया में माह नवंबर 2024 में 02 एवं मार्च 2025 में 02 गैण्डों को प्रथम गैण्डा पुर्नवास केन्द्र से स्वछंद विचरण करने हेतु अवमुक्त किया गया था, जिनकी मानीटरिंग हेतु उन्हें जीपीएस आधारित रेडियो कालर लगाए गए थे। उक्त रेडियो कालरों को विशेषज्ञों की उपस्थिति में आज हटाने की कार्यवाही प्रारंभ की गई। आज भी अत्यंत विपरीत मौसम होने के बावजूद आपरेशन के दूसरे दिन आसाम एवं दिल्ली से आए विशेषज्ञों, डॉ0 एच0 राजामोहन, मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड निदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व, लखीमपुर-खीरी, अधोहस्ताक्षरी की उपस्थिति में वेटनरी टीम, दुधवा बाघ फाउण्डेशन टीम, क्षेत्रीय वन अधिकारी, दक्षिण सोनारीपुर रेंज एवं उनका स्टाफ, उपप्रभागीय वनाधिकारी बेलरायां एवं अन्य स्टाफ के साथ स्वछंद विचरण कर रही दीपिका मादा गैण्डा एवं नकुल नर गैण्डो को



ट्रैंकुलाइज कर उसका रेडियो कालर निकाल दिया गया। इस प्रकार 02 दिन में 03 गैण्डों के कालर हटाने की कार्यवाही पूर्ण की गई है।

# नया भारत थीम पर मना भव्य वार्षिकोत्सव




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल।श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी, लक्ष्मनजती में शनिवार को ह्लनया भारतह्व थीम पर वार्षिक समारोह भव्यता और उल्लास के साथ मनाया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, सामाजिक संदेशों और देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों ने समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीजीएन पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. ओ.पी. मिश्र ने की। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, विद्यालय संरक्षक जनार्दन गिरि व मधुसूदन गिरि, प्रबंध निदेशक अमन गिरि, डायरेक्टर मोहित पुरी और प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन के साथ किया गया। इसके पश्चात स्वर्गीय राजेन्द्र गिरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा विद्यालय संस्थापक एवं गोला के पूर्व विधायक स्वर्गीय अरविंद गिरि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से अतिथियों का स्वागत बुके भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना और स्वागत गीत से हुई। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने लोकनृत्य, देशभक्ति गीतों, समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक और नाट्य प्रस्तुतियों की आकर्षक श्रृंखला प्रस्तुत की। चक दे इंडिया, रघुपति राघव राजा रामह्व, पंजाबी भांगड़ा, शिव तांडव, स्कूल लाइफ, सोशल मीडिया, ओल्ड एज होम और ह्लनया भारतह्व जैसे नाटकों के माध्यम से जहां सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया गया, वहीं उभरते भारत की सकारात्मक तस्वीर भी मंच पर उकेरी गई। स्पोर्ट्स एकेडमी इनॉगरेशन से जुड़ा प्रदर्शन दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहा। मुख्य अतिथि डॉ. ओ.पी. मिश्र ने अपने संबोधन में विद्यालय की शैक्षिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की सराहना करते हुए स्वर्गीय अरविंद गिरि के योगदान को याद किया। प्रबंध निदेशक अमन गिरि ने कहा कि विद्यालय को उन्नति के शिखर तक ले जाना उनका संकल्प है। डायरेक्टर मोहित पुरी ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि खेल और संस्कृति के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत है। प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने विद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रतिभागी विद्यार्थियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संगम गुप्ता एवं शिक्षिका हेलीना ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक, गणमान्य नागरिक और नगरवासी उपस्थित रहे।

# तहसील परिसर की जर्जर सड़कों से अधिवक्ता व वादकारी परेशान, डीएम से की शिकायत



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। तहसील परिसर की सड़कों की बदहाल स्थिति को लेकर अधिवक्ता और वादकारी परेशान हैं। जगह-जगह क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है, जिससे आए दिन हादसे की आशंका बनी रहती है। शनिवार को सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष केके शुक्ला गुड्डू और मंत्री अनूप वर्मा के साथ अधिवक्ता संदीप कुमार अवस्थी ने जिलाधिकारी को संबोधित एक प्रार्थना पत्र सौंपा। इसमें बताया गया कि तहसील परिसर की सड़कों की जर्जर हालत के संबंध में पूर्व में कई बार लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अधिवक्ताओं ने कहा कि खराब सड़कों के कारण अधिवक्ता, वादकारी और कर्मचारी फिसलकर गिरने को मजबूर हैं, जिससे गंभीर चोट लगने की आशंका बनी रहती है। इसके साथ ही तहसील के सामने स्थित मुख्य मार्ग पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग की गई, ताकि तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण हो सके और दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सके।

## खनन की जांच करने गांव पहुंचे अधिकारी

सिंगाही-खीरी। तहसील निघसान क्षेत्र की मांझा पंचायत में आवंटित खनन पट्टा ठेकेदारों द्वारा जौराहा नदी पर बनाए गए पुल की शिकायत के बाद डीएस के आदेश पर टीम जांच करने पहुंची। एसडीएम के साथ लोक निर्माण विभाग और खनन अधिकारी शामिल रहे। इलाके में बहने वाली जौराहा नदी अभिलेखों में नाला दर्ज है। उसमें खनन के लिए खनन विभाग की ओर से पट्टा आवंटित किया गया है। खनन की बालू निकालने के लिए ठेकेदार की ओर से जौराहा नदी पर ह्यूम पाइप डालकर पुल बनाया गया है। इसकी जानकारी होने के बाद से मांझा के ग्रामीण इसका लगातार विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत लखीमपुर जाकर डीएम कार्यालय में भी की थी। इसके बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने इसकी जांच के लिए एसडीएम निघासन, लोक निर्माण विभाग के और खनन इंस्पेक्टर आशीष सिंह जाँच करने शनिवार को एसडीएम राजीव निगम,लोक निर्माण विभाग से जेई पीके सरोज और खनन इंस्पेक्टर आशीष सिंह मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। इसकी जानकारी मिलने के बाद भारी संख्या में पुल के पास पहुंच गए और खनन स्थल पर कटान का हवाला देकर खनन पट्टा आवंटन का विरोध किया। इस दौरान एसडीएम के साथ टीम ने ग्रामीणों द्वारा बनाए गए लकड़ी के पुल का भी निरीक्षण किया।

## आउटसोर्सिंग बिजली कर्मचारी तीन दिनों से गायब



धौरहरा खीरी। बिजली उपकेंद्र धौरहरा में तैनात बुधवार से कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी आउटसोर्सिंग कर्मचारी तीन दिनो से लापता है शुक्रवार को पत्नी ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए गुमशुदगी दर्ज करने की गुहार लगाई। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डिहुआ निवासी मीना देवी पत्नी मनोज बिस्वकर्मा पुत्र रामजीवन ने 19.12.25 शुक्रवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरे पति मनोज कई वर्षों से विद्युत उप केन्द्र धौरहरा में मीटर रीडर के पद पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से काम कर रहे थे कि दिनांक 17.12.25 बुधवार को घर से धौरहरा उपकेंद्र के लिए निकले थे कि तभी से वापस नहीं आए।वही पुलिस सूत्रों के अनुसार तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

## अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस पर राजयोग कार्यक्रम आज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल।अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र, मोहल्ला मुन्नूगंज ( बेरी बाबा, कोठी भट्ठा के पास ) में आज दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक विशेष ध्यान एवं राजयोग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र के बीके राधेश्याम ने बताया कि विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर ह्लआंतरिक शांति और वैश्विक सद्भाव विषय पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें सामूहिक योगाभ्यास के साथ राजयोग ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा और उपस्थित लोगों को ध्यान के लाभ बताए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था लंबे समय से राजयोग ध्यान के माध्यम से लोगों को तनावमुक्त और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देती आ रही है। बीके राधेश्याम ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की है।

## अधेड़ की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में मौत

जसवंतनगर, इटावा। शनिवार की अलख सुबह इकदिल थाना क्षेत्र के गांव पिथ्थीपुरा निवासी 58 वर्षीय विनोद कुमार की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। वह अपने परिवार के साथ दिल्ली से मध्यप्रदेश के भिंड जिले में स्थित ददरौआ सरकार के नाम से प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के दर्शन के लिए जा रहे थे। बताया गया कि यात्रा के दौरान जसवंत नगर क्षेत्र में हाईवे किनारे एक होटल पर चाय-नाश्ता करने के लिए सभी लोग रुके थे। इसी दौरान विनोद कुमार की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन घबरा गए और उन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंत नगर ले जाया गया। सीएचसी पहुंचने पर अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने जांच के बाद विनोद कुमार को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौत की सूचना के बाद परिजन किसी भी कानूनी कार्रवाई में न पड़ते हुए शव को अपने पैतृक गांव पिथ्थीपुरा लेकर चले गए। परिजनों के अनुसार विनोद कुमार पहले से किसी बीमारी से पीड़ित थे। अचानक हुई इस घटना से परिवार में शोक की लहर है।

## हाइवे पर हादसों में तीन घायल, एक सैफई रेफर

जसवंतनगर, इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से एक की हालत नाजुक होने पर सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पहली घटना में केस्त गांव निवासी 70 वर्षीय अलादीन पुत्र मुनीर खान साइकिल से इटावा जा रहे थे। मलाजनी गांव के सामने कोहरे के कारण पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में अलादीन गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में जांच के दौरान उनके कूल्हे में फ्रैक्चर पाया गया, जिसके बाद उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना तहसील के सामने कचैरा घाट बाईपास की सर्विस रोड पर हुई। सड़क पर उखड़ी पड़ी गिट्टी के कारण बाइक फिसल गई, जिससे इटावा शहर के मेहलई टोला निवासी 17 वर्षीय अहमद पुत्र मुस्तकीम और 32 वर्षीय अब्दुल्ला पुत्र मोहम्मद ताहिर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

## कंटेनर ऑटो से टकराया, लगा जाम



इकदिल, इटावा। आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर कोयले से लोड एक कंटेनर का आगे का टायर फटने से अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर पार करके दूसरे लेन में खड़े ऑटो से टकरा जाने से हाइवे पर जाम लग गया। प्रांत बिहार जिला नवादा के गांव बड़ियार निवासी कंटेनर ड्राइवर ने बताया वह मिजार्पुर अनपरा से कंटेनर में कोयला लोड कर हरियाणा जा रहा था। तभी शनिवार दोपहर इकदिल इलाके बजरिया गली के पास पहुंचने पर तेज आबाज के साथ ड्राइवर साइड लगा आगे का टायर फट गया जिससे कंटेनर अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर के ऊपर चढ़कर खड़े ऑटो से टकरा गया इतना नही उसे घसीटते हुए मिट्टी में धंस कर तिरछा हाइवे पर खड़ा होजाने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। घटना के बाद कानपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। देखते ही देखते करीब ढाई किलोमीटर तक जाम की स्थिति बन गई। जाम में फंसे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग काफी देर तक सड़क पर फंसे रहे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने में जुट गई। पुलिस ने तत्काल छोटे वाहनों को कस्बा के रास्ते डायवर्ट कर निकाला, ताकि यातायात कुछ हद तक सुचारू किया जा सके। वहीं भारी वाहनों को रोक दिया गया। पुलिस कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद ऑटो को सड़क से हटवाया और कंटेनर को हटाने के लिए दो क्रेन मंगवाई जिसके बाद हाइवे से हटवाया और सड़क पर फैले कोयले को नेशनल हाईवे टीम ने हटाकर रास्ता साफ किया। वही ऑटो ड्राइवर घनश्याम ने बताया कि वह एक किनारे ऑटो खड़ा कर घर मे खाना खा रहा था तभी धड़ाम की तेज आबाज सुन घर से बाहर आया तो ऑटो क्षतिग्रस्त देख उसके होश उड़ गए। गनीमत रही कि हादसे में कोई बड़ा जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। पुलिस का कहना है कि डंपर के टायर फटने के कारण यह हादसा हुआ। डंपर चालक से पूछताछ की जा रही है और यातायात व्यवस्था को पूरी तरह सामान्य कराया।

## वरिष्ठ नागरिक सम्मेलन अब 25 को

इटावा। संयोजक वरिष्ठ नागरिक सम्मेलन, कार्यकारिणी सदस्य प्रदर्शनी समिति विजय पाल सिंघल ने बताया कि इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी में 21 दिसम्बर को सुबह 11 बजे होने वाले वरिष्ठ नागरिक सम्मेलन कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से सम्पन्न नहीं हो पा रहा है उक्त कार्यक्रम 25 दिसम्बर को सुबह 11 बजे प्रदर्शनी कैम्प में सम्पन्न होगा।

# डीएम-एसपी ने रैन बसेरों व अन्नपूर्णा रसोई का किया औचक निरीक्षण



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भीषण शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के समापन के बाद जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने नगर में संचालित रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी सबसे पहले रेलवे स्टेशन परिसर स्थित रैन बसेरे पहुंचे, जहां उन्होंने ठहरे जरूरतमंदों से सीधे बातचीत कर सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कंबल, बिस्तर, पेयजल, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था की जांच की गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ठंड को देखते हुए पर्याप्त संख्या में कंबल और गर्म बिस्तर उपलब्ध कराए जाएं तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बेसहारा व्यक्ति खुले में रात बिताने को मजबूर न हो। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने रैन बसेरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए नियमित पुलिस गशत बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है और किसी भी तरह की अव्यवस्था या असामाजिक गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद डीएम-एसपी ने नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित मां अन्नपूर्णा रसोई का भी निरीक्षण किया। यहां जरूरतमंदों को दिए जा रहे निशुल्क भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया गया। डीएम ने अन्नपूर्णा रसोई को ठंड के मौसम में गरीब और बेसहारा लोगों के लिए बड़ी राहत बताते हुए इसकी सराहना की। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिकूं, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस में 61 शिकायतें आईं, 7 का निस्तारण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शनिवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 61 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 54 शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व एवं आपदा विभाग 35, पुलिस विभाग से 5, संयुक्त जांच हेतु 4, खाद्य एवं रसद विभाग से 6, ग्राम विकास विभाग से 4, विद्युत विभाग से 2, नगर विकास विभाग से 2, बैंक, परिवहन एवं समाज कल्याण विभाग से एक-एक शिकायत दर्ज की गई। जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनता को राहत देना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

भरथना, इटावा। जिला अन्धता निवारण समिति इटावा द्वारा स्व. गोपीराम दीक्षित की स्मृति में चतुर्थ निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कस्बा के मुहल्ला मन्दिर दानसहाय स्थित गोपीराम दीक्षित राइस मिल में किया गया। जिसमें करीब दो सैकडा नेत्र रोगियों ने अपने रोग से सम्बन्धित जाँच करवायी तथा दवा ली। शनिवार को लायन्स क्लब भरथना राधे-राधे के संयोजन में आयोजित उक्त नेत्र परीक्षण शिविर वरिष्ठ नेत्र परीक्षक डा. केसी अग्निहोत्री के दिशा निर्देशन में सम्पन्न हुआ। शिविर का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अरूण गुप्ता अन्नू ने डा. आरएन वर्मा, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पालिकाध्यक्ष अजय यादव गुल्लू, प्रशान्तराव चैबे, सीपू चैधरी, आकांक्षा गुप्ता आदि के साथ स्व. दीक्षित के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्जवलित करके किया।

संक्षेप

## कार के धक्के से बाइक सवार की मौत

**जौनपुर।** मछली शहर कोतवाली के रायबरेली- जौनपुर हाइवे पर स्थित कोरमलपुर में घर से वापस मछलीशहर आ रहे पैथालॉजी संचालक राकेश यादव (46) की बाइक को कार सवार ने टक्कर मार दी। उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सिकरारा थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव सभा के चकमहिता मजरा निवासी राकेश नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल अपनी पैथोलॉजी चलाते थे। यही पर किराया का कमरा लेकर परिवार के साथ निवास करते थे। रात पैथोलॉजी बंद कर अपने बेटे आर्यन (13) के साथ गांव गए थे। गांव से देर रात लौटते समय पिता पुत्र जौनपुर- रायबरेली हाईवे पर स्थित कोरमलपुर गांव के निकट पहुंचे थे कि सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी।टक्कर में राकेश के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि उनका बेटा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से उन्हें सीएचसी भेजवाया। जहां डॉक्टर ने राकेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिले के एक निजी अस्पताल में आधी रात इलाज के दौरान राकेश की मौत हो गई।

## जरूरतमंदों में डीएम ने बांटे कंबल

**जौनपुर।** बढ़ती सर्दी व शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र द्वारा तहसील केराकत में जनसुनवाई के पश्चात जरुरतमंदों में कंबल वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जगह-जगह पर अलाव जलाए जा रहे हैं तथा कंबल वितरित किए जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि विभिन्न स्थानों पर अस्थायी रैन बसेरा बनाया गया है। जरुरतमंद वहां ठहर सकते है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रैन बसेरों में साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा एवं समय-समय पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी व्यक्ति को असुविधा न हो।

## पर्यावरण के प्रति बच्चों को किया जागरूक

**शाहगंज/सोनभद्र।** घोरावल ब्लाक अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय ढुटेर के छात्र- छात्राओं को वृक्षारोपण हेतु शनिवार को फूलदार पौधे वितरित कर पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत आयोजित उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानदास कनौजिया ने कहा कि पौधों को लगाकर ही हम पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सकते हैं। उन्होंने जहां है हरियाली, वहां है खुशहाली के स्लोगन को दोहराते हुए कहा कि सभी को वृक्षारोपण द्वारा पर्यावरण को संतुलन बनाए रखने में सहयोग करना चाहिए। प्रधानाध्यापक यतिनंदनलाल तथा सहायक अध्यापक राजकुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि बच्चे इस रंग-बिरंगे पुष्प वाले पौध को लगाकर घर-आंगन को सुंदर बनाने के साथ ही पर्यावरण को भी स्वच्छ बनाने में सहायक साबित होंगे। क्योंकि स्वस्थ जीवन एवं स्वच्छ हवा के लिए स्वच्छ पर्यावरण जरूरी है। यह वृक्षारोपण करने से ही संभव हो सकता है। इससे धरती की हरितमा भी कायम रहेगी और अच्छी बरसात भी होगी।सहायक अध्यापक खड़गवीर सिंह व अनुदेशक नीलू सोनकर ने भी विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ ही पर्यावरण को भी स्वच्छ बनाए रखने में मददगार बनें। बच्चों में लॉटरी पद्धति से सुंदर और रंग-बिरंगे फूलों वाले विभिन्न प्रजाति के पौध प्रदान किए गए।

# सूचना आयोग ने लम्बित शिकायतों की समीक्षा की



जिला संवाददाता (vol)

**सोनभद्र।** राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश पदुम नारायण द्विवेदी की अध्यक्षता में शनिवार को सर्किट हाउस चुर्क में सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना आयोग उत्तर प्रदेश में लम्बित अपीलों/शिकायतों की समीक्षा बैठक किया। जनपद स्तर पर लम्बित अपीलों/शिकायतों के सम्बन्ध में जिला स्तरीय अधिकरी अधिकारियों से बारी-बारी से समीक्षा किये, उन्होंने कहा कि सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगे जाने वाले सूचनाओं को आवेदककर्ता को ससमय उपलब्ध कराया जाये। कार्यालय में उपलब्ध अभिलेख के आधार पर जन सूचना सम्बन्धित जानकारी/शिकायतों का निस्तारण किया जाये।

उन्होंने कहा कि जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी जाने वाली सूचना को निर्धारित समयावधि में ही निस्तारण कराया जाये, निस्तारण प्रक्रिया में लापरवाही व शिथिलता न बरती जायें। उन्होंने जनपद स्तरीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहाकि आयोग में जन सूचना सम्बन्धी प्रकरण कम जाये, सम्बन्धित अधिकारी अपने स्तर पर ज्यादातर प्रकरण का निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने कहा कि सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी सूचना से किसी पीड़ित को मदद/न्याय मिल सकती है, इसलिए ससमय आवेदको को सूचना उपलब्ध करा दिया जाये।

समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि सबको ईमानदारी से कार्य करने की जरूरत है, किसी भी आवेदक को सूचना अधिकार अधिनियम के तहत दी जाने वाली छोटी सूचना पीड़ित के लिए एक मदद साबित हो सकती है, सूचना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है, इसलिए मांगी गयी सूचना को निर्धारित समयाविध में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति द्वारा बेवजह की सूचना मांग कर किसी विभाग को परेशान किया जाता है, तो सम्बन्धित अधिकारी आयोग के समक्ष प्रस्तुत होकर साक्ष्य सहित मामले का निस्तारण करा सकता है। उन्होंने कहा जो सूचना अभिलेख में दिया जा सकता है, उसे 30 दिन में सूचना देना सुनिश्चित किया जाये, जिससे प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सकें। इस मौके पर विधायक सदर भूपेश चैबे, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, एडीएम (न्यायिक) रमेश चन्द्र सहित जिला स्तरीय अधिकरीगण उपस्थित रहे।

## हिंडाल्को रेणुकूट प्रतिष्ठित आईजीएमसी गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित

**रेणुकूट/सोनभद्र।** हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज लि. की रेणुकूट एल्युमिना रिफाइनरी को IGMC (इंडियन ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग चैलेंज) गोल्ड अवॉर्ड फॉर ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान इंटरनेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर मैन्युफैक्चरिंग, इंडिया द्वारा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए बेहतर और टिकाऊ तरीके से उत्पादन करने के लिए हिण्डाल्को को मुम्बई में आईटीसी मराठा में आयोजित एक कार्यक्रम में दिया गया है। यह अवार्ड हिण्डाल्को की ओर से प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए अल्युमिना प्लांट हेड रोहित चैरसिया एवं सिद्धार्थ तिवारी ने प्राप्त किया।



गौरतलब है कि रेणुकूट एल्युमिना रिफाइनरी में ऊर्जा की बचत पर लगातार काम किया जा रहा है। उत्पादन प्रक्रियाओं को इस तरह बेहतर बनाया गया है जिससे कम ऊर्जा में अधिक कार्य हो सके। इसके साथ ही कचरे को कम करने, उसके दोबारा उपयोग और संसाधनों के सही इस्तेमाल पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एल्युमिना हेड रोहित चैरसिया ने कहा कि रिफाइनरी में सर्कुलर इकॉनमी से जुड़ी पहलों को अपनाया गया है, जिससे अपशिष्ट को उपयोगी संसाधन के रूप में दोबारा इस्तेमाल किया जा सके। पर्यावरण सुरक्षा को केवल योजनाओं तक सीमित न रखकर रोजमर्रा के कामकाज का हिस्सा बनाया गया है। यह उपलब्धि पर हिण्डाल्को के मुखिया समीर नायक ने रेणुकूट रिफाइनरी की पूरी टीम को बधाई दी एवं कहा कि यह उपलब्धि टीम के निरंतर प्रयास, अनुशासन और जिम्मेदारी का परिणाम है। टीम ने यह दिखाया है कि उत्पादन में उत्कृष्टता और पर्यावरण की देखभाल साथ-साथ की जा सकती है। इस उपलब्धि पर, हिण्डाल्को क्लस्टर के मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह ने भी शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि इस सम्मान के उपरांत हिण्डाल्को की जिम्मेदार विकास की यात्रा और मजबूत हुई है। कंपनी भविष्य में भी सतत विकास, संसाधन संरक्षण और हरित भविष्य के लिए अपने प्रयास जारी रखेगी।

## कड़ाके की सर्दी से जनजीवन प्रभावित



**जौनपुर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कड़ाके पड़ रही ठण्ठ से जनजीवन प्रभावित है तीसरे दिन शनिवार को भी सूरज के दर्शन नहीं हो सके। लोग ठण्ड से बेहाल है। प्रशासन द्वारा किये गये इन्तजाम ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहे है। कड़ाके की ठंड और शीतलहर ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। पिछले कई दिनों से पड़ रहे घने कोहरे और शीतलहर के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। ऐसे में लोगों को अलाव की सख्त जरूरत महसूस हो रही है, लेकिन सार्वजनिक स्थानों पर इसकी कोई व्यवस्था नहीं दिख रही है। सुजानगंज बस स्टैंड, बेलवार तिराहा, बदलापुर तिराहा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुजानगंज सहित किसी भी सार्वजनिक स्थान पर प्रशासन की ओर से अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, कुछ लोग अपने स्तर पर छोटे-मोटे अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन ये प्रयास पर्याप्त नहीं हैं और कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

## अटाला मस्जिद प्रकरण में सुनवाई 7 जनवरी को

**जौनपुर।** नगर के ढालगर टोला में स्थित ऐतिहासिक अटाला मस्जिद से जुड़े एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वक्फ अटाला के वकील को 24 घंटे के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई जस्टिस सिद्धार्थ नंदन और जस्टिस मनोज कुमार गुप्ता की डबल बेंच में हुई।यह मामला जनहित याचिका (पीआईएल) नंबर 3989 से संबंधित है, जिसे अब कोर्ट नंबर 21 में स्थानांतरित कर दिया गया है। अगली सुनवाई 7 जनवरी को होगी। केस सीरियल नंबर 249 पर संतोष कुमार मिश्रा बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं पांच अन्य के रूप में दर्ज है। सुनवाई के दौरान वक्फ अटाला की ओर से जूनियर अधिवक्ता मोहम्मद सलीम खान ने अपना पक्ष रखने के लिए दो दिन का समय मांगा। इस पर कोर्ट ने आंशिक राहत देते हुए उन्हें 24 घंटे के भीतर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। साथ ही याचिकाकर्ता को भी निर्देश दिया गया कि वे 24 घंटे के भीतर अपने दावे से संबंधित प्रति अधिवक्ता सलीम खान को उपलब्ध कराएं। हाईकोर्ट की पीठ ने विपक्षी पक्ष के अधिवक्ता मोहम्मद सलीम खान को निर्देश दिया है कि वे 7 जनवरी को मामले से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ अदालत में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। मामले को लेकर हिंदू स्वराज वाहिनी के अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्रा ने हाईकोर्ट में मांग की है कि अटाला मस्जिद के बाहर बनी सभी दुकानों को तत्काल ध्वस्त कराया जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि अब तक इन दुकानों से वसूला गया किराया सरकार के खाते में जमा कराया जाए और भविष्य में दुकानों का आवंटन सार्वजनिक प्रक्रिया के तहत हो, ताकि किसी एक समुदाय के बजाय समाज के सभी वर्गों को अवसर मिल सके।

## सफलतापूर्वक महोत्सव का आयोजन किया जायेगा : जिलाधिकारी

**आजमगढ़।** आगामी 24 से 28 दिसंबर तक राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज आजमगढ़ के मैदान में आजमगढ़ महोत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। उक्त के क्रम में आज जिलाधिकारी रविंद्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया की उपस्थिति में आजमगढ़ महोत्सव-2025 के लोगो, पोस्टर तथा थीम सॉन्ग को लॉन्च किया गया। डीएम ने बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक ग्राउंड में पांच दिवसीय आजमगढ़ महोत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। आजमगढ़ महोत्सव के दौरान मनोरंजन के साथ-साथ व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मनोरंजन कार्यक्रम में बाहर के कलाकारों के साथ-साथ लोकल कलाकारों को भी मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। मेला ग्राउंड में फूड कोर्ट, झूले तथा ओडीओपी के प्रोडक्ट्स तथा स्थानीय बिजनेसमैन को भी प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया गया है, ताकि वे बेचने वाली सामग्री का स्टॉल लगाएं। उन्होंने बताया कि इसमें प्रशासन, आमजन के सहयोग एवं मीडिया के माध्यम से सकारात्मक माहौल बनाकर सफलतापूर्वक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में कुछशिकायतें रही हैं, जिसके परिपेक्ष्य में निर्णय लिया गया है कि पूरी तरह पारदर्शी तरीके से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें कहीं से भी किसी प्रकार के चंदे की व्यवस्था नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक धनराशि से इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है तथा बाहर से आने वाले कलाकारों को यहां के निजी संस्थानों द्वारा उनके खर्च का वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि आजमगढ़ के साथ ही आसपास के जनपद के लोग भी महोत्सव में आयेंगे तथा मनोरंजन और खरीदारी करेंगे। एसएसपी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि आजमगढ़ महोत्सव-2025 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। मुख्य कोषाधिकारी अनुराग कुमार श्रीवास्तव ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बताया कि 24 दिसंबर से 28 दिसंबर 2025 तक राजकीय पॉलिटेक्निक मैदान आजमगढ़ में आजमगढ़ महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है।

# यूरिया वितरण में धांधली के खिलाफ प्रदर्शन



**जौनपुर।** सुरेरी क्षेत्र के पट्टी जिया राय स्थित साधन सहकारी समिति पर यूरिया खाद के वितरण में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए शनिवार को किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। करीब दो दर्जन किसान समिति परिसर में एकत्र होकर सचिव अनिल यादव व वितरक उनके पिता राम करन यादव के खिलाफ नारेबाजी की।प्रदर्शन कर रहे किसान प्रदीप ने आरोप लगाया कि समिति पर तैनात वितरक रामकरन यादव द्वारा उनसे एक बोरी यूरिया के लिए 300 वसूले गए, जबकि बोरी पर सरकारी मूल्य 266.50 अंकित है। वहीं किसान पिंटू ने आरोप लगाया कि उनसे एक बोरी यूरिया के एवज में 350 प्रति बोरी की मांग की जा रही थी। न देने पर खाद नहीं दिये।जानकारी के अनुसार समिति पर कुल 500 बोरी यूरिया खाद आया था, इसके बावजूद छोटे किसानों को खाद नहीं दी जा रही है। किसानों का आरोप है कि सचिव अनिल यादव के पिता राम करन यादव एक साथ 10-10 से लेकर 15-15 बोरी तक खाद वितरित की गई, जबकि अधिकांश छोटे किसान अत्यधिक रेट न देने कारण बिना खाद लिए ही लौटने को मजबूर हुए। किसानों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि समिति के सचिव अनिल यादव और वितरणकर्ता रामकरन यादव (पिता-पुत्र) की मिलीभगत से यूरिया खाद को दूसरे दुकानदारों को थोक के भाव में बेचा जा रहा है, जबकि समिति के रजिस्टर पर प्रति बोरी ?266.50 का ही मूल्य दर्ज कर रजिस्टर मेंटेन किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि इस तरह कागजों में सरकारी दर और हकीकत में अधिक दाम लेकर अवैध वसूली की जा रही है। किसान पप्पू राज नारायण, सुनिल योगेश,सोनू ने भी आरोप लगाया कि समिति पर तैनात रामकरन यादव द्वारा लगातार दाम बढ़ाकर अवैध वसूली की जा रही है, जिससे किसानों की कमर टूट रही है। किसानों ने बताया कि इस समय गेहूं की फसल के लिए यूरिया अत्यंत आवश्यक है वहीं सचिव व वितरक की मनमानी से खेती बुरी तरह प्रभावित हो रही है। किसानों ने मांग की कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, समिति के रजिस्टर व स्टॉक की जांच हो, यूरिया खाद का वितरण सरकारी दर पर पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## सड़क पर गिरा अधेड़ , नहीं उठ सका

**जौनपुर।** केराकत कोतवाली क्षेत्र के गौसपुर मनियरा गांव निवासी 55 वर्षीय जयप्रकाश की सड़क पर गिरने से मौत हो गई। वह अपने घर से पैदल केराकत बाजार जा रहे थे। जैसे ही वह शेखज्यादा पोखरे के पास पहुंचे, अचानक असंतुलित होकर सड़क किनारे गिर पड़े।घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उनके ऊपर पानी का छिड़काव कर होश में लाने का प्रयास किया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी। आनन-फानन में उन्हें केराकत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक के परिवार में दो पुत्र और एक पुत्री हैं। बड़ा पुत्र मुकेश कुमार एवं पुत्री का विवाह हो चुका है, जबकि छोटे पुत्र करन कुमार की शादी नहीं हुई है। दोनों पुत्र दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं और परिवार का भरण-पोषण करते हैं। पिता की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। मृतक की पत्नी कमला देवी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सर्द मौसम में ऊनी कपड़ों की खरीदारी तेज



**जौनपुर।** बढ़ रही ठंड और गलन के बीच ऊनी कपड़ों की बिक्री तेज हो गयी है इससे इन दुकानों पर भीड़ बढ़ रही है। टोपी, मुलर, दस्ताने स्वेटर, जैकेट आदि अपने सामर्थ्य के अनुसार खरीद रहे है। मछलीशहर तहसील क्षेत्र में कम्बल की बिक्री करने के लिए गैर जनपदों के युवा बाइक पर इन्हें बांधकर पूरे दिन गांव -गांव इनकी फेरी लगाकर बिक्री कर रहे हैं। कम्बल बेचने आये युवाओं ने बताया कि सुजानगंज,पुरऊपुर, मीरगंज,गोधना बाजार, मछलीशहर, मोलनापुर में किराये पर कमरा लेकर कम्बल की बिक्री फेरी लगाकर करते हैं।थोक में हम लोग कम्बल मंगवाते हैं जिससे लागत कम आती है। उन्होंने बताया कि हममें से ज्यादातर युवा फतेहपुर और कौशांबी जनपद से आये हैं और तीन महीने के करीब रोजी-रोटी के लिए ऐसे ही आस-पास के भटेवरा, बामी, चितांव, गोधुआं,सटवां,बरावां,तिलौरा, ऊंचगांव,बटनहित,कोदई का पूरा, कुंवरपुर, खरुआंवा, खाखोपुर, रामपुर कला आदि गांवों का चक्कर काटते रहेंगे। शुक्रवार को तो दोपहर मे हल्की धूप खिल गई थी लेकिन शनिवार दोपहर एक बजे तक बादलों के चलते भगवान भास्कर के दर्शन नहीं हुए और गलन बरकरार रही।

# लम्बित वादों को प्राथमिकता के साथ निपटायें : अपर आयुक्त



**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त विवेक के निर्देश पर क्रम में अपर आयुक्त न्यायिक डॉ. अर्चना द्विवेदी ने शुक्रवार को देर सायं अपने कार्यालय कक्ष में मंडल के तीनों जनपद आजमगढ़, बलिया एवं मऊ के तहसीलदार न्यायालयों में उप्रराजस्व संहिता की धार-67 के अन्तर्गत योजित वादों के सापेक्ष वर्तमान माह में किये गये निस्तारण की समीक्षा किया। समीक्षा में तीनों जनपद के कतिपय तहसीलदार न्यायालय में वादों का निस्तारण कम पाये जाने पर अपर आयुक्त डॉ. द्विवेदी ने असन्तोष व्यक्त किया तथा निर्देश दिया कि एक सप्ताह के अन्दर वादों के निस्तारण अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि धारा-67 के अन्तर्गत तीन वर्ष से अधिक तथा पॉच वर्ष से अधिक अवधि के जितने भी वाद लम्बित हैं उसके निस्तारण को प्राथमिकता देते हुए अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जाय। अपर आयुक्त डॉ. अर्चना द्विवेदी ने कहा कि उनके द्वारा धारा-67 के वादों की साप्ताहिक रूप से समीक्षा की जायेगी, इसलिए सभी तहीलदार नये और पुरानी वादों के अधिक से अधिक निस्तारण की सुदृढ़ कार्ययोजना बनाकर हर सप्ताह अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि विगत दिवस मण्डलायुक्त विवेक ने राजस्व कार्यों एवं वादों के निस्तारण की मण्डलीय समीक्षा बैठक में धारा-67 के वादों के निस्तारण में तेजी लाने के दृष्टिगत अपर आयुक्त-न्यायिक डा. अर्चना द्विवेदी को मण्डल के अन्तर्गत तीनों जनपदों में तहसीलदार न्यायालयों में योजित वादों की नियमित तहसीलवार साप्ताहिक समीक्षा कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिये गये थे, जिसके क्रम में उक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गयी थी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सिकन्दरपुर, बलिया देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, प्रशासनिक अधिकारी राम अवध सहित आजमगढ़, बलिया एवं मऊ के सभी तहसीलदार उपस्थित थे।

## तहसील समाधान दिवस में 23 जनशिकायती मामले आये, दो का हुआ निस्तारण

**दुद्धी, सोनभद्र।** शनिवार को दुद्धी तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम निखिल यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।इस दौरान भूमि विवाद सहित अन्य मामलों के कुल 23 जनशिकायती पत्र आये जिसमें 2 मामले का निस्तारण किया गया।शेष 21 मामलों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश संबंधितों को दिए गए। एसडीएम निखिल यादव ने कहा कि फरियादियों के शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही संबंधित विभाग के अधिकारी ना करे अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें। इस मौके पर सीओ राजेश कुमार राय, तहसीलदार अंजनी गुप्ता,नायब तहसीलदार ओपी सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार, बीडीओ दुद्धी राम विशाल चौरसिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



## डीएम ने वृद्धाश्रम में 83 वृद्धों, 5 केयरटेकर और एक चौकीदार को कम्बल बांटे



**आजमगढ़।** डीएम रविंद्र कुमार ने बढ़ती ठण्ड को देखते हुए ग्राम अम्बरपुर, तहसील निजामाबाद मे स्थित वृद्धाश्रम का भ्रमण किया। डीएम ने हर वृद्ध के पास जाकर उनके हालात, रहन-सहन, खाने-पीने एवं अन्य मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर डीएम ने 83 वृद्धों व 5 केयरटेकर व 1 चौकीदार, इस प्रकार कुल 89 कम्बल का वितरण किया। डीएम को वृद्धजनों ने अवगत कराया कि वृद्धाश्रम में मिलने वाली सुविधा संतोषजनक हैं, यहां पर किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या है तो हमें अवगत कराये। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि नए गीजर की आवश्यकता है तो इसका प्रस्ताव बनाकर उपलब्ध कराये। जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम परिसर में बढ़ती ठण्ड को देखते हुए अलाव जलाने, पीने के लिए गर्म पानी की व्यवस्था, स्नान के लिए गीजर एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परिक्षण/ईलाज कराने आदि के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही डीएमने बताया ठंड से निपटने के लिए शासन द्वारा पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रत्येक तहसील में अलाव एवं कंबल के लिए आवश्यक धनराशि पूर्व में ही जारी कर दी गई है। एसडीएम निजामाबाद, तहसीलदार, जिला समाज कल्याण अधिकारी वं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## 66 प्रार्थना पत्रों में से महज 6 प्रार्थना पत्रों का मौके पर हुआ निस्तारण

**लालगंज, मीरजापुर।** संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में एडीएम अजय कुमार सिंह व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा 66 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 6का मौके पर निस्तारण किया गया शेष बचे हुए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस टीम गठित कर एक सप्ताह में निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। समाधान दिवस में फरियादी भैसोड जेर पहाड़ निवासिनी निर्मला पत्नी बंधु में प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि राष्ट्रीय पारिवारिक योजना का रुपया नहीं मिल रहा है दिलाया जाए। मटिहरा गांव निवासी रामचंद्र ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि नमामि गंगे योजना के तहत गांव के कई मजरे में पानी संचालित नहीं कराया जा रहा है जिसे संचालित कराया जाए एई को निर्देश दिया गया। बरया निवासी कालिका सिंह ने पत्र देकर अवगत कराया कि बढ़ौहा में धान कर केंद्र खोला जाए यहां से 35/40 किमी दूर धान का केंद्र है किसानों को परेशानी हो रही है। धसडा निवासी मिट्ठू पुत्र सरजू ने पत्र देकर अवगत कराया कि गांव में चकबंदी प्रक्रिया के तहत छोड़ी गई भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है जिसे रोका जाए। अंत में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा फरियादी की समस्या एक सप्ताह में गुणवत्ता पूर्वक निस्तारित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें उन्होंने कहा कि शासन का दबाव है कि फरियादी को बार-बार तहसील एवं थाने का चक्कर न लगाना पड़े जिसके परिपेक्ष्य में आप लोग सजग होकर मामले का निस्तारण करें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर तहसीलदार दीक्षा पांडे, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार, नायब तहसीलदार प्रताप नारायण, नायब तहसीलदार राजू यादव, वन क्षेत्राधिकारी के के सिंह, थाना प्रभारी लालगंज थाना प्रभारी हलिया राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश उपाध्याय लेखपाल समेत फरियादी मौजूद रहे।

# 62 फरियादें आयीं, केवल 7 निपटीं



**मीरजापुर।** शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील चुनार में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा द्वारा आए हुए फरियादियों की समस्याओ को सुना गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 62 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 7 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित किया कि पूरी पारदर्शिता गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए, ताकि लोगों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण न्याय मिल सके। इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलो में यथा-तहसील लालगंज में अपर जिलाधिकारी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में 63 प्रार्थना पत्रो में 3 का निस्तारण, तहसील मड़िहान में अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में प्राप्त 50 प्रार्थना पत्रों में 5 का निस्तारण एवं तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता की अध्यक्षता में प्राप्त 81 प्रार्थना पत्रो में 11 का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर तहसील चुनार में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, उप जिलाधिकारी चुनार राजेश वर्मा, सीएमओडॉ. सीएल वर्मा, क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पिकप में दो गोवंश बरामद, गो तस्कर फरार

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर।** क्षेत्र के यूपी एमपी सीमा पर स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में शुक्रवार की देर रात पिकप वाहन में गोवंशो को लाद रहे गो तस्कर पुलिस के पहुंचने से मौके से भाग निकले। पुलिस ने वाहन सहित दोनों गोवंशों को कब्जे में ले लिया और अज्ञात पिकप वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। शुक्रवार देर रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अज्ञात पिकप वाहन चालक द्वारा बेसहारा गोवंशो को पिकप वाहन पर लादा जा रहा है। सूचना पर उपनिरीक्षक राम विशाल कांस्टेबल सोहित कुमार,पावस कुमार व वेद प्रकाश भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में पहुंचे जहां उमेश कोल के घर के पास जंगल की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर पिकप वाहन खड़ी दिखाई दी। पुलिस के पहुंचने से पहले गो तस्कर पिकप वाहन चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने पिकप वाहन में दो गोवंश (बैल) तथा बोरियों में भूसा लदा पाया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर थाने ले गई। बरामद गोवंश को पुलिस ने महोगढ़ी गौ आश्रय स्थल पर सुरक्षित भेज दिया। पिकप वाहन को सीज कर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि बरामद गोवंश को गौ आश्रय स्थल पर भेज दिया गया है।

संक्षेप

## घर से भागी किशोरियां परिवार के हवाले

अयोध्या। बिहार से अपने घर से भागी दो किशोरियों को रेलवे पुलिस ने ट्रेन में पकड़ा है। चाइल्ड लाइन की मदद से दोनों का शनिवार को जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया और बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर परिवार के हवाले किया है। रेलवे सुरक्षा बल ने बिहार के किशनगंज से चलकर अजमेर जाने वाली अजमेर गरीब नवाज एक्सप्रेस ट्रेन में अयोध्या कैंट पर जांच के दौरान लावारिस हाल में दो किशोरियों को बरामद किया। जिसमें एक की उम्र 14 साल और दूसरे की 15 साल थी। पूछताछ में दोनों ने खुद को बिहार प्रान्त के मुजफ्फरपुर जिले का निवासी बताया। कहा कि दिल्ली निवासी सहेली के पास जा रही हैं। परिवार वालों ने संपर्क किया गया तो पता चला की दोनों परिवार को कुछ बताये बिना घर से निकली हैं। एक की मां ने बताया कि उसने अपनी पुत्री को मोबाइल पर किसी से बात करने से मना किया था और मोबाइल छीनकर उसको डांटा था।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 94 शिकायतें मिलीं, 11 मौके पर निपटीं



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में शनिवार को खड्डा तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों की गहन समीक्षा करते हुए यथासंभव मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष मामलों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 94 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष 83 मामलों को संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने हेतु सौंपा गया।

विभागवार विवरण में राजस्व विभाग से प्राप्त 38 शिकायतों में से 6 का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं पुलिस विभाग से 16, पुलिस व राजस्व के संयुक्त 7 तथा विकास विभाग से 9 शिकायतों में तत्काल निस्तारण संभव नहीं हो सका। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों से प्राप्त 24 शिकायतों में से 5 का निस्तारण मौके पर किया गया, शेष मामलों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा शीतलहर से प्रभावित गरीब एवं असहाय व्यक्तियों के बीच कंबल वितरण कर राहत प्रदान की गई। बढ़ती ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि अलाव जलाने एवं रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें, जिससे जरूरतमंदों को राहत मिल सके।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र सहित समस्त ग्राम सभाओं की सरकारी भूमि की वर्तमान स्थिति का विस्तृत विवरण शीघ्र तैयार करने तथा किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में परियोजना निदेशक पीयूष, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार पांडेय, डीसी मनरेगा राकेश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य, जिला कृषि अधिकारी डॉ. मेनका सहित सभी जनपद स्तरीय अधिकारी, तहसील स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### 16 का मौके पर निस्तारण

देवरिया, ।* सुशासन सप्ताह के अंतर्गत तहसील रुद्रपुर परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बरती जाए, ताकि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील रुद्रपुर में 4 पात्र लाभार्थियों को अन्त्योदय राशन कार्ड वितरित किए गए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है, जिससे अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों एवं आमजन को किसी भी स्तर पर अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी अधिकारी जिम्मेदारी एवं समन्वय के साथ कार्य करें सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 63 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 32 राजस्व विभाग, 12 पुलिस विभाग, 04 विकास विभाग एवं 15 अन्य विभागों से संबंधित थे।

## गोरखपुर-लखनऊ इण्टरसीटी एक्सप्रेस को भटनी से चलाने की माँग

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय रेलवे परिसर में राष्ट्रीय समानता दल के तत्वावधान में राष्ट्रीय महिला बहुजन संगठन व क्षेत्रीय नागरिकों की एक संयुक्त बैठक हुई (बैठक में रेल सुविधाओं के विस्तार सुदृढीकरण व जनहित में गोरखपुर-लखनऊ इण्टरसीटी एक्सप्रेस ट्रेन को भटनी से चलाने की माँग की गयी और स्टेशन अधीक्षक भटनी को एक माँग पत्र रेलमंत्री अपने स्तर से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सौंपा ।

इसके अलावे प्रमुख माँगों में चौरीचौरा एक्सप्रेस ट्रेनके समय परिवर्तन करने बरहज सतरांव रेलवे स्टेशन सिस ई गुलाब राय देवरहाबाबा हाल्ट स्टेशनो के प्लेटफार्म की उँचाई मानक के अनुरूप बढाने बरहज ट्रेन को प्रति फेरा भटनी सेबरहज नियमित करने भटनी से कुशीनगर बरहज से दोहरीघाट को रेलमार्ग से जोडने शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन को ओडिशा तक विस्तार देने की माँग शामिल है ।

बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय समानता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजयदीप कुशवाहा ने कहा कि पूर्वांचल के ग्रामीण व अर्धशहरी क्षेत्रोंकी जनता वर्षो से बेहतर रेल सुविधाओं की प्रतीक्षा कर रही है माँगे पुरी होने से यात्रियों का समय धन व सुविधा तीनो का लाभ मिलेगा ।

राष्ट्रीय महासचिव अगमस्वरुप कुशवाहा ने कहा कि भटनी रेलवे स्टेशन और निकटवर्ती स्टेशनो से प्रतिदिन हजारों यात्री सफर करते हैं ।

सुरेन्द्र बौद्ध ने कहा कि कुशीनगर जैसे अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध पर्यटक के महत्वपूर्ण स्थल को भटनी से रेलमार्ग से जोडना क्षेत्रीय विकास व रोजगार सृजन के लिए पत्थर का मील साबित होगा ।

जिलाध्यक्ष विजय कुमार संगठन सचिव विमलेश ने भी अपना विचार व्यक्त किया बैठक के अन्त में स्टेशन अधीक्षक भटनी के माध्यम से रेलवे बोर्ड पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन को अपने माँगो का पत्रक सौंपा गया ।

बैठक में रामज्ञानी आचार्य मोतीलाल रामविश्वास हरिनारायण सुरेश मौर्या श्रीकृष्ण कुशवाहा रामनयन कुशवाहा रमेश यादव ओमप्रकाश चौधरी वीरेन्द्र यादव दिनेश मौर्या रामप्रवेश सूर्यभान प्रमुख रुप से उपस्थित रहे ।

## सचिव ने किया राजकीय बाल गृह देवरिया का औचक निरीक्षण



**देवरिया ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया धनेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया मनोज कुमार तिवारी ने राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा बच्चों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित किया। सचिव ने बच्चों की स्थिति, देखभाल व्यवस्था, पोषण, चिकित्सा सुविधा, शैक्षणिक गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया ने मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों हेतु विशेष देखभाल तथा बच्चों के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक और प्रेमपूर्ण वातावरण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने राजकीय बाल गृह के प्रपत्रों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उनकी नियमित जॉच व बच्चों को नियमित व्यायाम कराये जाने पर जोर दिया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने राजकीय बाल गृह के परिसर, भण्डार कक्ष की साफ-सफाई तथा सुरक्षा हेतु विशेष दिशा निर्देश दिया।

## बौद्ध भिक्षुओं ने बच्चों में वितरित किए नि:शुल्क बैग



**कसया, कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत सरदार पटेल पूर्वांचल जूनियर हाई स्कूल, सिसवा-महंथ में 51 छात्र-छात्राओं में निःशुल्क बैग वितरित किया गया।

शनिवार को आयोजित बैग वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए म्यांमार मंदिर के भंते राजेंद्र ने कहा कि गरीब और जरूरत मंद बच्चों को शिक्षा के लिए सहयोग करना पुण्य का काम है। बुद्ध ने हमेशा करुणा भाव से जरूरत मंद लोगों की सेवा का उपदेश दिया। इसी क्रम में कोरिया मंदिर के प्रबंधक भंते सागर ने संस्कार युक्त शिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा से ही उन्नति संभव है। इसलिए हमें बच्चों की उचित शिक्षा पर ध्यान देने के साथ समय समय पर स्टेशनरी और अन्य सामानों से मदद करना है ताकि वे अभाव महसूस न करें और मन लगाकर अपनी पढ़ाई कर आगे बढ़ें तभी परिवार और देश का कल्याण होगा। प्रबंधक/प्रधानाध्यापक अमोद कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान रविन्द्र सिंह, रीना मिश्रा, सविता देवी, आंचल कुशवाहा, शिला सिंह, रानी सिंह, अंजली सिंह, सुनीता सिंह, विश्वनाथ कुशवाहा, अर्चना यादव सहित बच्चे मौजूद रहे।

## गेहूं की फसल में खरपतवार नियंत्रण के लिए कृषकों को कृषि विभाग ने दी सलाह

कुशीनगर। जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ0 मेनका सिंह ने जनपद के समस्त कृषक बन्धुओं को अवगत कराया है कि वर्तमान समय रबी की प्रमुख फसल गेहूं की बुआई का अंतिम चरण है। बुआई के उपरान्त खेतों में विभिन्न प्रकार के खरपतवार उग आते हैं, जिससे गेहूं की फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा उत्पादन एवं उपज में कमी आती है। जिसे समय रहते खरपतवारों का नियंत्रण करना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि गेहूं की फसल में संकरी पत्ती वाले खरपतवारों के नियंत्रण हेतु सल्फोसल्फयूरान 75 प्रतिशत डब्ल्यू.जी. की मात्रा 13.5 ग्राम पल्स 500 एमएल तथा चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों के नियंत्रण हेतु मेटसल्फयूरान मिथाइल 20% डब्ल्यू.पी. की मात्रा 8 ग्राम पल्स 200 एमएल अथवा 2,4-डी सोडियम साल्ट 80% की मात्रा 250 ग्राम को 150झ200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ की दर से प्रथम सिंचाई के पश्चात नमी की स्थिति में छिड़काव करें। इसके अतिरिक्त संकरी एवं चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों के एक साथ नियंत्रण हेतु सल्फोसल्फयूरान 75 प्रतिशत पल्स मेटसल्फयूरान मिथाइल 5 प्रतिशत डब्ल्यू.जी. की 16 ग्राम मात्रा को 150झ200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करने की सलाह दी जाती है। कृषक बन्धु अपनी फसल में कीट अथवा रोग से संबंधित किसी भी समस्या के निदान हेतु सहभागी फसल निगरानी एवं निदान प्रणाली के मोबाइल नम्बर 9452247111 एवं 9452257111 पर अपनी समस्या लिखते हुए अथवा कीट/रोग से प्रभावित पौधे की फोटो के साथ अपना नाम, विकास खण्ड एवं जनपद का नाम लिखकर एसएमएस/ वॉट्सएप के माध्यम से भेज सकते हैं। संबंधित समस्या का समाधान 48 घंटे के भीतर मोबाइल पर उपलब्ध करा दिया जाएगा ।अधिक जानकारी हेतु कृषक बन्धु अपने जनपद के जिला कृषि रक्षा अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

## दो युवक घायल, जिला अस्पताल से रेफर

अयोध्या। प्रयागराज हाइवे पर पूराकलन्दर थाना क्षेत्र में पिपरी गांव के शनिवार को रोडवेज बस ने एक बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में पास बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

जिनको सीएचसी से जिला अस्पताल और फिर वहां से हायर सेंटर रेफर किया गया है।

रौनाही थाना क्षेत्र के सलारपुर इब्राहीम पुर निवासी अनुराग गुप्ता (21 वर्ष) पुत्र श्रीचंद गुप्ता और शशांक कुमार (20 वर्ष) पुत्र शिवप्रसाद शनिवार को परीक्षा देने बीकापुर अपनी बाइक से गए थे। वापस लौटते समय थाना क्षेत्र के पिपरी गांव के पास सामने से आ रही रोडवेज बस ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी से रेफर होए के बाद जिला अस्पताल लाये जाने पर डाक्टर से हालत गंभीर देख दोनों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

# फर्जी दिव्यांग संगठनों को चिन्हित कर उन्हें सबक सिखाया जायेगा: एमआर पाशा

जिला संवाददाता

बिजनौर। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट बिजनौर में संपन्न हुई। बैठक में दिव्यांग, बुजुर्ग, विधवा, गरीब वर्गों की समस्याओं को लेकर मंथन हुआ। दिव्यांगों की समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा की गई।

कलेक्ट्रेट बिजनौर में बीते दिन आयोजित बैठक में जनपद भर से आए दिव्यांगजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी विभिन्न समस्याओं को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा के समक्ष रखा। इस दौरान जनपद बिजनौर में फर्जी संगठनों की बाढ़ आई हुई है। दिव्यांग के नाम से 10-20 लोगों का संगठन बनाकर दिव्यांग जनों के साथ, विधवा, बुजुर्ग गरीब वर्ग, के साथ जमकर दलाली करते हैं उनकी दलाली पर रोक लगाई जाए, इसके सहित जनपद से जुड़ी कई गंभीर दिव्यांगों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के उपरांत दिव्यांगों की समस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर एक मांग पत्र उप जिला अधिकारी रितु रानी चैधरी को सौंपा गया। मांग पत्र में बिजनौर जनपद में बिना लाइसेंस संचालित होटलों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि ऐसे होटल नियमों की अनदेखी करते हुए संचालित हो रहे हैं, जिससे कानून-व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो रहा है।

जिला प्रभारी मास्टर अफजाल ने कहा कि इसके अतिरिक्त, प्रदेश स्तरीय आह्वान पर एक अलग मांग पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम प्रेषित किया गया। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि कुछ गुंडा प्रवृत्ति के लोग विकलांग संगठन की आड़ में अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन ने मांग कि ऐसे फर्जी विकलांग संगठनों और अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कार्यकारी रोहित कुमार ने कहा कि संगठन हमेशा दिव्यांगों के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ता रहेगा और किसी भी प्रकार की अराजकता या अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद आजम खान ने कहा कि यदि दिव्यांगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करने के लिए वाध्य होगा। बैठक में एमआर पाशा, सुशील कुमार, मास्टर शहजाद, नकुल कुमार, सितारे आलम, इंतजाम, नवाजिश, कालूराम, मौ0 आजम खान, धर्मेंद्र सिंह, फहीम रायपुर वाले, दाऊद खान, पिंकी देवी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष निशा चैधरी, काजल देवी, कोमल देवी, सुशीला, कमला देवी, नाजिम मलिक, दिलशाद, फहीम सिंघा वाले आदि सहित भारी संख्या में संगठन के लोंग मौजूद रहे।

# हर लेखक अपनी परम्परा से कुछ न कुछ अर्जित करता है: शिवमूर्ति

अयोध्या। हिंदी साहित्य के ख्यातिलब्ध कथाकार एवं हाल में प्रकाशित ह्यअगम बहै दरियावह्व जैसी ऐतिहासिक कृति के लेखक शिवमूर्ति के शहर आगमन पर एक आत्मीय संवाद गोष्ठी का आयोजन साहित्यकार आशाराम जागरथ के निवास पर हुआ। आयोजन में शहर के कवि-लेखकों सहित युवा साहित्यप्रेमियों की भी भागीदारी रही।

अपनी रचना प्रक्रिया पर विस्तार से बात करते हुए श्री शिवमूर्ति ने कहा कि उन्होंने अपने लेखन में समाज के यथार्थ को जगह दी है और उनके अधिकतर पात्र वास्तविक हैं। उन्होंने कहा कि यदि मैं इतने शहरों में नहीं रहा होता तो शायद ये कहानियाँ मैं नहीं लिख पाता। स्वयं को प्रेमचंद और रेणु की परम्परा से जोड़ने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि हर लेखक अपनी परम्परा से कुछ न कुछ अर्जित करता है किन्तु वह अपनी ओर से नया रचते हुए कुछ जोड़ने का काम भी करता है, क्योंकि उसके समय के संदर्भ और प्रश्न नये होते हैं। कवि-प्राध्यापक डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने उनसे पूछा कि उनके कथा-साहित्य में आए प्रसंगों के सामाजिक-राजनैतिक आशय उनकी रचना-प्रक्रिया में किस प्रकार शामिल होते हैं। इस सवाल के जवाब में श्री शिवमूर्ति ने कहा कि यह सायास तो नहीं होता लेकिन पर्यवेक्षण में जो करुणा और पीड़ा के प्रसंग आते हैं, उनका प्रभाव कहीं न कहीं अवचेतन में अवश्य रहता है, जो इन आशयों में रूपांतरित होता है। डॉ. विशाल के ही किसान-आत्महत्या से जुड़े ह्यअगम बहै दरियावह्व में आए प्रसंग से सम्बन्धित प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि वह कई अलग-अलग घटनाओं से लिए गए समेकित प्रभाव से निर्मित है और उनकी कोशिश रही है कि इस संवेदनशील विषय का हर आयाम शामिल हो जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि इस उपन्यास का ठीक से पाठ करने पर ही इसके अलक्षित नायकों यथा मंगल सिंह और माठा बाबा के महत्व और केन्द्रीयता को समझा जा सकता है। डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि इस उपन्यास में पुरुष जीवन की त्रासदी का एक अत्यंत मार्मिक प्रसंग आया है जो हिंदी कथा-साहित्य में विरल है। आलोचक डॉ. रघुवंशमणि ने उपन्यास के संदर्भ में साहित्य और समाज के सम्बन्ध को स्पष्ट करते हुए कहा यथार्थ साहित्य में सपाट तरीके से नहीं आता है बल्कि उसके कई जटिल संस्तर होते हैं। उन्होंने परम्परा के प्रश्न पर भी कहा कि अपनी परम्परा से एक लेखक तात्विक स्तर पर सम्बद्ध होता है और स्थूल तरीके से परम्परा के निशान किसी कृति में ढूंढना पाठ का उचित तरीका नहीं है। वरिष्ठ कवि स्वप्निल श्रीवास्तव ने शिवमूर्ति की कहानियों की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी कृतियों में पठनीयता और अपने कथानक में पाठक को बांधे रखने की जो शक्ति है, वह अप्रतिम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिल्प और भाषा से बोझिल होती कहानियों के दौर में शिवमूर्ति को पढ़ना आश्वस्ति देता है। कवि-लेखक सी.बी. भारती ने शिवमूर्ति जी की कहानियों से अपने पुराने परिचय का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके पास एक लेखक के रूप में जीवनस्थितियों की सटीक पड़ताल करने की क्षमता है।

कवि आशाराम जागरथ ने उपन्यास के अंत में आए राजनीतिक स्टेटमेंट्स का उल्लेख करते हुए उपन्यास को प्रतिबद्धता के सवाल पर खरा उतरने वाला बताया। उन्होंने उपन्यास में लोकजीवन और लोकभाषा के प्रयोग को विशेष रूप से रेखांकित किया। सत्यभान सिंह जनवादी ने चर्चा के दौरान शिवमूर्ति जी के लेखन में जन आंदोलन और विद्रोह के वर्णन की प्रशंसा की। शायर मुजम्मिल फिदा ने उपन्यास की शैली को बेहद दिलचस्प बताया।

गोष्ठी में विंध्यमणि, कृष्णप्रताप सिंह, डॉ. अनिल सिंह, राम सनेही यादव, वैदिक द्विवेदी ,सत्यभान सिंह जनवादी, ऋषि द्विवेदी, .कीर्ति यादव, दीप्ति यादव ज्योति, राकेश यादव.सहित अन्य कवि-लेखक एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

# ओंकारनाथ पांडेय अध्यक्ष व अंबरीश कुमार चौबे महामंत्री निर्वाचित

## कुशीनगर सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन कसया का चुनाव सम्पन्न

जिला संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** दीवानी न्यायालय कसया में कुशीनगर सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव शनिवार को संपन्न हुआ। वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर ओंकारनाथ पांडेय महामंत्री पद पर अंबरिश कुमार चौबे व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संजय कुमार सिंह निर्वाचित घोषित किए गए।

चुनाव अधिकारी एल्डर कमेटी के अध्यक्ष प्रेम शंकर लाल श्रीवास्तव वह सहायक चुनाव अधिकारी महामंत्री अश्वनी कुमार शुक्ला के द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार कुल 359 मतदाताओं में से 346 में अपने मतों का प्रयोग किया। इसमें अध्यक्ष पद के लिए राजेश्वर सिंह एडवोकेट को 125 वोट, रमेश प्रसाद वर्मा को 89 वोट तथा ओंकार नाथ पांडे को 131 मत प्राप्त हुए एक वोट अवैध रहा ।इस प्रकार ओंकार नाथ पांडेय 6 वोट से निर्वाचित घोषित किए गए। वही महामंत्री पद पर अंबरीश कुमार चौबे 174 वोट व सोहराब अंसारी 171 वोट पाए,जिसमे एक मत अवैध रहा ।इस



प्रकार अमरीश चौबे तीन वोट से निर्वाचित घोषितकिए गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर संजय कुमार सिंह 225 वोट व गोपाल तिवारी 120 वोट प्राप्त किया एक मत अवैध रहा इस प्रकार संजय सिंह 105 वोट से निर्वाचित घोषित किए गए। इसके पूर्व कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर महेश मिश्रा संयुक्त मंत्री पुस्तकालय पर सौरभ कुमार संयुक्त मंत्री सूचना पर अभय पांडे व संयुक्त मंत्री प्रदीप कुमार व कनिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी के लिए असजद व कुमारी बबिता पहले ही निर्वाचित घोषित किया जा चुके हैं ।शेष पदों पर नामांकन न होने के कारण पद रिक्त है, जिसे बाद में पूरा किया जाएगा। शनिवार को सुबह 9:00 बजे से ही मतदान आरंभ हुआ तथा प्रत्याशियों के बीच गहमा गहमी रहा। 3:00 बजे चुनाव संपन्न होने के बाद मतगणना प्रारंभ हुई और परिणाम घोषित किया गया। विजई प्रत्याशियों में अध्यक्ष ओंकारनाथ पांडेय ने कहा कि अधिवक्ता हित व संघ हित मेरी प्राथमिकता रहेगी, भ्रष्टाचार पर मेरा प्रहार होगा तथा कासिया न्यायालय के क्षेत्राधिकार पर मैं फोकस करूंगा ।इसी प्रकार महामंत्री पद पर निर्वाचित अम्बरीष कुमार चौबे ने अपने अध्यक्ष व कार्यकारिणी के साथ कदम मिलाकर चलने की बात कही ।सकुशल चुनाव संपन्न कराने में पूर्व अध्यक्ष रविंद्र मणि, राकेश तिवारी, अशोक राय, ओमप्रकाश पांडे, सुमित नाथ त्रिपाठी, अजीत रावत, ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, विनोद कुमार श्रीवास्तव, सुरेंद्र शर्मा ने भरपूर सहयोग किया ।विजई प्रत्याशियों को पूर्व अध्यक्ष अवधेश पांडे, राजेंद्र लाल कुमार श्रीवास्तव, पंचानन मिश्रा रविंद्र मणि मनोज कुमार पांडे ओमप्रकाश सिंह आदि ने बधाई दिया।

## सदर विधायक के जन्मदिन पर मासूम को रक्तदान



**बांदा।** सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के जन्म दिवस पर सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था ने 2 वर्षीय बच्ची को रक्तदान किया। संस्था के मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने बताया कि शनिवार की सुबह अध्यक्ष सलमान खान को जानकारी मिली कि जिला अस्पताल में 2 साल की बच्ची बीमारी से जूझ रही है और उसे रक्त की आवश्यकता है। परिवार में रक्त देने वाला कोई नहीं है। डिमांड ग्रुप में डालते ही भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष अभय प्रताप सिंह प्रिंस ने तत्काल फोन कर ब्लड बैंक आने की बात कही और ब्लड बैंक पहुंचकर 2 साल की मासूम को रक्तदान कर उसे जीवन दान दिया। उन्होंने कहा कि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के जन्म दिन के अवसर पर आज से ही प्रण करता हूं कि प्रत्येक 5 माह के अंतराल में सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था से जुड़कर हर जरूरतमंद को रक्तदान करूंगा। इसके पहले भी 2 बार रक्तदान कर चुका हूं। इस दौरान, संस्था के अध्यक्ष सलमान खान, सलाहकार, मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, देवांश द्विवेदी, सीएमएम डॉ0 के. कुमार, डॉ0 प्रदीप कुमार सिंह, भाजपा नेता आलोक सिंह, देवेश कुमार मोनू, श्लोक द्विवेदी, प्रमोद द्विवेदी, पंकज जायसवाल, प्रमोद यादव व कई पत्रकार मौजूद रहे।

## एसपी ने किया थाना का निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने थाना कोतवाली देहात का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने अभिलेखों, मिशन शक्ति, शस्त्रागार व थाना परिसर की सफाई का बारीकी से जायजा लिया और जरूरी निर्देश दिए। अपराधों की समीक्षा में निर्देश दिए कि वांछित आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए साथ ही लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए ताकि प्रभावी पैरवी से आरोपियों को शीघ्र सजा दिलाई जा सके। उन्होने शस्त्रागार के निरीक्षण में रख-रखाव व सफाई देखी और मिशन शक्ति केन्द्र के तहत चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों और प्रगति के बारे में जानकारी ली। निर्देश दिए कि मिशन शक्ति अभियान व्यापक स्तर पर स्कूलों, बाजारों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक करें। लंबित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना के मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष का जायजा लिया। उन्होने इस दौरान चैकीदारों से बात कर उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण किया तथा उनके कार्यों की सराहना करते हुए पुलिस का सहयोग करने को प्रेरित किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक मौजूद रहीं।

## जे.एस.एस. देवरिया में क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आयोजित




देवरिया। जन शिक्षण संस्थान राघव नगर देवरिया द्वारा क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार तथा प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। इस अवसर पर संचालित कोर्सों पर विस्तार से चर्चा की गई और उन्हें बेहतर बनाने के लिए उपस्थित सभी अनुदेशकों से सुझाव लिए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाल संरक्षण अधिकारी देवरिया जय प्रकाश तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कोई भी कार्य यदि पूरी ईमानदारी और मेहनत से किया जाए तो उसका सकारात्मक परिणाम अवश्य मिलता है। उन्होंने अनुदेशकों से आह्वान किया कि मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा के साथ पालन करें, जिससे अधिक से अधिक प्रशिक्षार्थियों को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक अश्वनी मणि ने की। उन्होंने संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए सभी अनुदेशकों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर विजय यादव, हरेंद्र राव, स्नेहलता द्विवेदी, प्रकाश सिंह, अभिषेक बजाज, विभा पांडेय, शाहजहां सिद्दीकी, जनार्दन, जमीरुल हसन सहित अन्य अनुदेशक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक संवाद और संकल्प के साथ हुआ।

संक्षेप

## हनुमान मंदिर पर हुआ बुद्धि शुद्धि हवन

फतेहपुर। विकास भवन के समीप हनुमान मंदिर में जनपद में गौ माता की रक्षा सुरक्षा व उनके व्यवस्था को व्यवस्थित करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की बुद्धि शुद्धि के नितांत प्रतिष्ठित आचार्य द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों को कर्मचारियों को जागृत करने के उद्देश्य से यह हवन कार्यक्रम कर हनुमान जी से अर्चना कर 108 पाठ हनुमान चालीसा किया गया और प्रार्थना किया गया की व्यवस्था के लिए अपने जिम्मेदारी का निर्वाह करें जनपद फतेहपुर के अलग-अलग विभिन्न गौशालाओं की जो किसी जिम्मेदार वहां की कर्मचारियों पर ना तो कोई कार्यवाही की गई और ना ही कोई व्यवस्था में कोई सुधार हुआ यह कार्यक्रम प्रेम सागर मिश्रा निवासी जगतपुर आदिल निवासी के अन्य सभी क्षेत्र से आए हुए आचार्य द्वारा किया गया है और आशा है कि शीघ्र ही गौशालाओं की व्यवस्था को सुधार किया जाए सीसीटीवी व्यवस्था को मौसम के अनुसार गौशाला की व्यवस्था को समय अनुसार सही किया जाए यह बुद्धि शुद्धि कार्यक्रम विशेष कर जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों की।

# आई जीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण होः डीएम

जिला संवाददाता



**सीतापुर।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील लहरपुर जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने

● जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये। जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं। उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील लहरपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 127 शिकायतों में से 04 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील बिसवां में प्राप्त 54 प्रार्थना पत्रों में से 09, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 48 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील सदर में प्राप्त 24 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 48 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील महोली में प्राप्त 26 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील सिधौली में प्राप्त 26 प्रार्थना-पत्रों में से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

### लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरण जल्द निपटायें: एडीएम



महोली/सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से तहसील महोली के सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील महोली में विधायक शशांक त्रिवेदी व अपर जिलाधिकारी नीतेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। शिकायतकताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया वहीं जनता की शिकायत एवं समस्याओं को समय अंतर्गत निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो का मौके पर निस्तारण किया गया। अपर जिलाधिकारी नीतेश कुमार सिंह ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई है उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण करें। विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी फरियादी को जिला या लखनऊ की भाग दौड़ न लगानी पड़े। इस दौरान उप जिलाधिकारी देवेंद्र कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह, क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चैबे, तहसीलदार अंकुर यादव, नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह, शिव प्रकाश, बीडीओ महोली प्रशांत शुक्ला,पिसावा अमित यादव, प्रमुख पिसावा मिथिलेश यादव सहित राजस्व कर्मी व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूदरहे।

### 24 वें दिन भी नहीं हुए बैनामा, विधायक ने दिया अधिवक्ता भवन

महोली/सीतापुर। महोली बार एसोसिएशन के आह्वान पर बढ़ी हुई मूल्यांकन सूची के विरोध में अधिवक्ताओं के द्वारा 24 वें दिन भी कोई बैनामा नहीं किया गया जिससे राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। शनिवार को अधिवक्ताओं का शिष्ट मंडल संपूर्ण समाधान दिवस में विधायक शशांक त्रिवेदी व एडीएम नीतेश कुमार सिंह से मिला। अधिवक्ता जहां एक ओर बड़ी हुई मूल्यांकन सूची दरों का विरोध कर रहे हैं वहीं विधायक शशांक त्रिवेदी ने अपर जिलाधिकारी को इस सूची में सुधार करने का निर्देश दिया जिस पर अपर जिलाधिकारी नीतेश कुमार सिंह ने अपनी सहमति व्यक्त करते हुए शीघ्र सुधार करने का आश्वासन अधिवक्ताओं को दिया। समाधान दिवस में मौजूद विधायक शशांक त्रिवेदी ने महोली तहसील मे अधिवक्ता भवन देने की घोषणा की। इस पर अधिवक्ताओं ने विधायक का आभार प्रकट किया।

इस दौरान अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा, महासचिव जगजीवन भारती, अधिवक्ता संदीप सिंह, नीरज मिश्रा, विनोद त्रिवेदी, हरिकरन दीक्षित, अभय मिश्रा, नितेश सिंह, अमित सिंह, भूपेंद्र दीक्षित सहित अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई हुई



**पुरवा, उन्नाव।** तहसील पुरवा परिसर में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) उन्नाव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव, तहसीलदार मनीष द्विवेदी, नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी सहित तहसील स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित विभागों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। कुल शिकायत 52 दर्ज की गई जिसमें राजस्व 27पुलिस 10 विद्युत 6 विकास 4 अन्य विभागों की 5 निस्तारण 6 का मौके पर ही किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) द्वारा पूर्व निर्धारित शीतकालीन भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम विसुनखेड़ा में पंचायत भवन, ग्राम कुशलखेड़ा में शीतकालीन जन चैपाल का आयोजन किया गया। जन चैपाल के दौरान विभिन्न शासकीय एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत का सत्यापन किया गया। इसके साथ ही राजस्व विभाग से संबंधित भूमि विवाद रजिस्टर एवं ग्राम संपत्ति रजिस्टर का अवलोकन कर अभिलेखों के अद्यतन एवं पारदर्शिता पर विशेष बल दिया गया। जन चैपाल में शीत से बचाव हेतु जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर ग्राम कुशलखेड़ा निवासी जनका, अहमदाबाद ग्रांट निवासी रामचंद्र तथा ग्राम कुशलखेड़ा निवासी सुखराना को कंबल प्रदान किए गए। वहीं पेंशन से संबंधित शिकायतों पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रुकी हुई पेंशन तत्काल बहाल कराने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। संपूर्ण समाधान दिवस एवं शीतकालीन जन चैपाल के माध्यम से प्रशासन ने जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण और जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

### समाधान दिवस में आये 49 मामले, पांच का निस्तारण

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी रनवीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस मौके पर कुल 49 मामले आए पांच का ही मौके पर निस्तारण हो सका। वह जिलाधिकारी ने पिछले तहसील दिवस में आए प्रार्थना पत्तों की समीक्षा करने के पश्चात फरियादियों की एक-एक कर समस्या सुनी। इस मौके पर राजस्व के 22 , विकास के तीन ,पुलिस के आठ,अन्य 16 मामले पंजीकृत हुए। अफसरी निवासी शिव प्रसाद ने बिजली बिल संशोधन किए जाने का प्रार्थना पत्र दिया वही पुरंदरपुर निवासी शुभेंद्र ने विद्युत तार टूटने के बाद भी ठीक न किए जाने का प्रार्थना पत्र दिया । मिथिलेश पत्नी सोहन निवासी नरेंद्रपर ने घर के पानी का निकास बंद किए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया।केयर टेकर राजकुमारी निवासी मुरैता प्राचीन ने मानदेय दिलाने जाने की गुहार लगाई ।पीड़िता ने बताया पैस जनवरी 25 से अब तक मानदेय नहीं मिला। गढ़ेवा निवासी छुट्टन ने घर के मलबे को उठा ले जाने के लिए पड़ोसियों पर आरोप लगाया।

### डीएम व एसपी ने सुनीं जनशिकायतें

फतेहपुर। जिले की तहसील बिन्दकी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने आम जनता की शिकायतें सुनीं और प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कार्यक्रम की विस्तृत जानकारीतहसील बिन्दकी के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया था, जिसमें जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आम जनता की शिकायतें सुनी गईं इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे ताकि शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो सके शिकायतों के समाधान के लिए विभागीय टीमें गठित की गईं और जरूरत पड़ने पर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें भी मौके पर भेजी गईं शिकायतों का निस्तारणबिन्दकी तहसील में शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया शेष शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमों को निर्देशित किया गया ताकि त्वरित समाधान हो सके जनसमस्याओं के प्रमुख मुद्देदिव्यांग कल्याण समिति ने खाली आवासों के समस्याएं, जैसे भूमि, जल, विद्युत, और अन्य सामाजिक सुविधाओं की समस्याएं रखीं इस तरह, संपूर्ण समाधान दिवस तहसील बिन्दकी में जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण और जनता के विश्वास को बढ़ाने का प्रयास किया गया।

## रामपुर गढ़ौवा की उपलब्धियों ने खींचा ध्यान, सोलर ऊर्जा से रोशन होगा स्कूल



उन्नाव। उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा, विकास खंड औरास में शैक्षिक गुणवत्ता, खेल उपलब्धियों एवं सामाजिक-पर्यावरणीय नवाचारों से प्रभावित होकर जनपद उन्नाव की प्रतिष्ठित संस्था रघुनंदन सोलर कम्युनिकेशन ने विद्यालय में सोलर पैनल प्रणाली स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की है। संस्था द्वारा विद्यालय के सहायक अध्यापक प्रदीप कुमार वर्मा के सतत प्रयासों, बालिकाओं की शिक्षा, खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन, डिजिटल नवाचार तथा ग्रीन एंड क्लीन जैसे अभियानों की सराहना करते हुए यह पहल की जा रही है। प्रस्तावित सोलर पैनल प्रणाली से विद्यालय में बिजली संबंधी बाधाओं का समाधान, स्मार्ट क्लास, डिजिटल शिक्षा, कंप्यूटर, प्रोजेक्टर एवं तकनीकी संसाधनों का निर्बाध संचालन संभव हो सकेगा। संस्था का उद्देश्य है कि ऊर्जा की चिंता से मुक्त होकर विद्यालय के विद्यार्थी ज्ञान, विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छू सकें। यह सहयोग पूरी तरह नियमों, पारदर्शिता एवं विभागीय स्वीकृति के उपरांत प्रदान किया जाएगा। विद्यालय प्रशासन ने इस पहल को शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है, जो भविष्य में विद्यालय को आदर्श शैक्षिक संस्थान के रूप में और अधिक सशक्त करेगा। विद्यालय के शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि संस्था द्वारा रामपुर गढ़ौवा उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोलर पैनल स्थापना का प्रस्ताव डिजिटल शिक्षा व स्मार्ट क्लास संचालन को स्थायी ऊर्जा देने जैसा है। सोलर पैनल लग जाने से बिजली कटौती, शिक्षा में रोड़ा नहीं बनेगी। विद्यार्थियों को निर्बाध रूप से तकनीकी संसाधनों का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही अधिकारियों से इसकी लिखित स्वीकृति लेने के प्रयास होंगे।

## जेवर और नगदी चोरी

सीतापुर। कोतवाली महोली क्षेत्र के ग्राम कारीपाकर निवासी नरेश पुत्र फकीरे लाल के घर अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर नगदी व जेवरात चोरी कर लिए। कारीपाकर निवासी नरेश कचूरी सम्पर्क मार्ग पर रेलवे अंडरपास के पास मकान बना कर रहते हैं। बीते शुक्रवार को अपनी ससुराल सपाहा थाना मैगलगंज गए हुए थे। जब वह आज घर वापस लौटे तो देखा कि मकान के पीछे बने जीने के सहारे चढ़कर चोरों ने कमरे का ताला तोड़ दिया। घर के अंदर रखे बड़े बक्से में मौजूद छोटे बक्से से चोर सोने के कान के झूले, झुमकी, चांदी के जेवर, कपड़े, बर्तन तथा लगभग 16,200 रुपये सहित लगभग एक लाख का सामान चुरा ले गये। जिसकी लिखित सूचना महोली कोतवाली को दे दी गयी है। वहीं नेरी चैकी इंचार्ज विनोद कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है जाँच कर जल्द घटना का खुलासा किया जायेगा।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने कड़ाके की सर्दी में जगह-जगह अलाव जलवाये



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। मौरावां आदर्श नगर पंचायत मे जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अत्यधिक ठंड एवं घना कोहरा को देखते हुए अधिशासी अधिकारी संतोष चतुर्वेदी मौरावा नगर अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ के द्वारा मंदिरों में चैराहा में अस्पतालों में अलाव की व्यवस्था की गई। लगातार चैराहो में लकड़ी डलवाने की व्यवस्था की जा रही है। जिसमे की राहगीरों को ठंड से राहत मिल सके स्थानीय हो या राहगीर लोगों ने इस सराहनीय कार्य को देख कर धन्यवाद दिया। रोडबेज बस स्टॉप हिलौली तिराहा सामुदायिक अस्पताल 100 बेड अस्पताल पक्का तालाब मोरेश्वर तिराहा पोस्ट ऑफिस ईदगाह बाजार मस्जिद रोड जामा मस्जिद हनुमान मंदिर चैराहे पर लकडी डालने का कार्य किया जा रहा है।

## दबंगों ने सार्वजनिक रास्ते पर किया अवैध कब्जा

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम इटौंली निवासी 80 वर्षीय वृद्ध बुद्धिलाल पुत्र स्वर्गीय अतिबल ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में गांव के ही कुछ लोगों और ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित के अनुसार उसके मकान के सामने से गुजरने वाला सार्वजनिक रास्ता वर्षों से आमजन के आवागमन के लिए उपयोग में है, लेकिन पड़ोसी जमुना प्रसाद, वैधनाथ पुत्रगण महावीर, विनोद, मोहित पुत्रगण जमुना प्रसाद, गुड्डू, सन्नी पुत्रगण वैधनाथ, पूनम पत्नी विनोद, रीता पत्नी गुड्डू, संतोष मिस्त्री पुत्र लल्लू तथा ग्राम प्रधान खूंटी उर्फ कृष्ण कुमार दीक्षित ने दबंगई के बल पर लगभग 10 फीट ऊँची दीवार खड़ी कर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया। पीड़ित द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। शोर सुनकर जब पीड़ित की पुत्री प्रेम कुमारी बीच-बचाव के लिए आगे आई तो आरोप है कि गुड्डू ने उसके बाल पकड़कर बेरहमी से मारपीट की। वृद्ध बुद्धिलाल ने स्वयं को असहाय बताते हुए मामले में निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सार्वजनिक रास्ता खुलवाने की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

## जिला अस्पताल से चिकित्सक नदारद, मरीज परेशान



**उन्नाव।** जिला अस्पताल में चिकित्सकों का अपने ओपीडी कक्ष से गैरहाजिर रहने का सिलसिला जारी है। कई मरीज आंखों की गंम्भीर बीमारी से जूझ रहे है। जब इस सम्बन्ध में सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता से शिकायत की गई तो वे भी मामले से अंजान नजर आए। वहीं खानापूर्ति वाली कार्यवाही की बात कही। जिला अस्पताल में चिकित्सकों का अपने-अपने ओपीडी कक्षों से गैरहाजिर रहने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिसके चलते मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ मरीज बिना इलाज कराए परेशान होकर वापस अपने घरों का रुख कर लेते हैं। या फिर निजी अस्पतालों में हजारों रुपए की मोटी रकम खर्च कर इलाज कराने को मजबूर हो रहे हैं। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा जिला अस्पताल से चिकित्सकों गैरहाजिरी को लेकर उच्च स्तरीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके बावजूद नेत्र चिकित्सक डॉ संजीव कुमार मुख्यमंत्री के आदेशों की अवेहलना कर शासनादेश को ठेंगा दिखा रहे हैं। ओपीडी में समय से नहीं पहुंचते हैं। जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है। शनिवार को ऐसा ही नजारा देखने को मिला नेत्र चिकित्सक के कक्ष के बाहर मरीजों की भीड़ लगी है और उनका कक्ष 11 बजे तक नहीं खुला और मरीज कक्ष के बाहर खड़े इंतजार करते रहे। वायु प्रदूषण बढ़ने से अस्पताल में आंखों से संबंधित मरीज बढ़े हैं। जिसके चलते करीब 150 मरीज रोजाना अपनी आंखों के रोग निवारण के लिए जिला अस्पताल ओपीडी के कक्ष के बाहर खड़े रहते हैं। सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता के अनुसार जिला अस्पताल की ओपीडी खुलने व चिकित्सकों के ओपीडी में बैठने का समय सुबह आठ बजे से शुरू हो जाता है। लेकिन शनिवार को नेत्र चिकित्सक डॉ संजीव कुमार 11 बजे तक नहीं पहुंचे।

## ग्रामीण युवाओं ने की खेल के मैदान की मांग

सीतापुर। ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए उचित संसाधनों का होना अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि सुविधाओं के अभाव में प्रतिभा दबकर रह जाती है। खेल से संबंधित अनेकों संसाधनों में खेल के मैदान का अपना विशेष महत्व है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखकर विकास खण्ड रेउसा के ग्राम सिकहुवा के अनेकों युवाओं ने जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि रिजवान अहमद से उनके क्षेत्र भ्रमण के दौरान खेल के मैदान की मांग की।

युवा खिलाड़ियों ने बताया कि पूर्व में वह लोग खण्ड विकास अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी से भी मांग कर चुके हैं। रिजवान अहमद ने कहा कि सरकार एक तरफ खेलो इण्डिया जैसे अभियान के जरिए खेलों को बढ़ावा देने की बात करती हैं। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी आवश्यकताएं भी नहीं मुहैया करा पा रही है। सांसद प्रतिनिधि ने युवाओं को मांग को उचित बताते हुए आश्वासन दिया है कि इस मांग को लेकर वह संबंधित जिम्मेदारों से बात करेंगे। खेल प्रेमियों ने कहा है कि यदि इसको लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वह सभी बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेगी राशन सामग्री:डीएम

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 के निर्देश के क्रम में जनपद के ग्रामीण अंचलों में प्रमुख रास्तोंध्स्थानों पर निर्मित हो रहे अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण से कोटेदारों को दुकान तक राशन पहुँचाने में आसानी रहेगी तथा ग्रामवासियों को सुविधाजनक तरीके से राशन उपलब्ध होने के अतिरिक्त अन्नपूर्णा भवन से अपने घर तक राशन लाने में भी सुविधा रहेगी। जनपद के सभी 19 विकास खण्डों में 800 अन्नपूर्णा भवन निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें विकासखण्ड ऐलिया में ग्राम निधिध्मनरेगा से 44, विकास खण्ड बेहटा में मनरेगा से 47, विकास खण्ड बिसवां मनरेगा से 55, विकास खण्ड गोंदलामऊ में मनरेगा से 45, विकास खण्ड हरगांव में मनरेगा से 41, विकास खण्ड कसमण्डा में मनरेगा से 30, विकास खण्ड खैराबाद में मनरेगा से 40, विकास खण्ड लहरपुर में ग्राम निधिध्मनरेगा से 37, विकास खण्ड मछरेहटा में मनरेगा से 40, विकास खण्ड महमूदाबाद में मनरेगा से 39, विकास खण्ड महोली में मनरेगा से 38, विकास खण्ड मिश्रिख में मनरेगा से 36, विकास खण्ड पहला में मनरेगा से 43, विकास खण्ड परसेण्डी में ग्राम निधि मनरेगा से 42, विकास खण्ड पिसावां में मनरेगा से 49, विकास खण्ड रामपुरमथुरा में पूर्ति विभाग मनरेगा से 45, विकास खण्ड रेउसा में मनरेगा से 49, विकास खण्ड सकरन में मनरेगा से 49, विकास खण्ड सिधौली में मनरेगा से 31 अन्नपूर्णा भवन बनाये जायेंगे।

पूर्व में कोटेदारों द्वारा प्रायः अपने घर अथवा अपने लिए सुविधाजनक स्थान पर राशन का वितरण किया जाता था। जिससे घटतौली की आशंका बनी रहती थी, किन्तु अब इसकी सम्भावना अति न्यून रहेगी।

# जनपद में बुनकरों को विज्ञापन, मार्केटिंग सेंटर एवं प्रशिक्षण की सुविधाएं करायी जा रही हैं उपलब्धः डा. राजागणपति आर

जिला संवाददाता

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने इकाइयों को बढ़ावा देने की एक विशेष पहल की है, जिसमें ओडीओपी वित्त पोषण योजना, ओडीओपी एम०डी०ए० योजना, ओडीओपी टूलकिटध्प्रशिक्षण योजना, ओडीओपी सी०एफ०सी० (कामन फैसिलटी सेंटर), डिजाइनिंग सेंटर, विज्ञापन एवं मार्केटिंग एवं बुनकरों के लिये प्रशिक्षण की सुविधाएं जनपद स्तर पर प्रदान किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

दरी जनपद का परम्परागत उद्योग होने के कारण इस उद्योग में अपार संभावनाएं हैं। किसी भी उद्योग की सफलता उसके कुशल कारीगरों पर निर्भर करती है। परम्परागत व्यवसाय होने के कारण इस उद्योग की कार्य कुशलत पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। बिना किसी संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त किये बचपन से ही इसे सीखते चले आ रहे हैं। दरी उद्योग ने महिला सशक्तीकरण में अहम भूमिका निभाई है। दरी का कार्य इकाई (उद्योग)

● एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत दरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिये जिलाधिकारी की विशेष पहल

पर न होकर घरों में करने के लिये बांट दिया जाता है, जिससे महिलाओं को रोजगार हेतु कहीं बाहर नहीं जाना पड़ता है तथा वह अपने पारिवारिक दायित्वों के साथ-साथ इस कार्य में लगी हुई हैं। जनपद सीतापुर 17वीं व 18वीं शताब्दी में वस्त्र निर्माण के दृष्टिकोण से अत्यधिक प्रसिद्ध था। ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने खैराबाद और दरियाबाद में हथकरघे से बने वस्त्रों को विदेशों में निर्यात करने की व्यवस्था की थी। सीतापुर जनपद सूती एवं ऊनी दरियों के लिये आज भी प्रसिद्ध है। जिले का लहरपुर, हरगांव, बिसवां एवं खैराबाद कस्बा दरी निर्माण में अग्रणी है। इसके अतिरिक्त पैतेपुर, इमलिया सुल्तानपुर एवं अटरिया में भी बुनकरों द्वारा दरी बुनाई की जाती है। जनपद में काटन दरी के साथ-साथ पीवीसी दरी, जूट की दरी एवं चिन्दी दरी (पुराने कपड़ों की ब्लीचिंग करके पतली-पतली चींट से निर्मित) का भी निर्माण किया जाता है।

वर्तमान में जनपद में नर्मित दरियों का निर्यात जापान, फ्रांस, इटली, डेनमार्क, ब्राजील, आस्ट्रिया, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, जर्मनी, कनाडा, यू०एस० सहित यूरोपियन देशों में किया जाता है। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजनान्तर्गत जनपद सीतापुर के परम्परागत उत्पाद दरी को शामिल किया गया है। ओडीओपी उत्पाद दरी को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाये जाने हेतु शासन द्वारा अनेक योजनायें संचालित की गयी हैं, जैसे-ओडीओपी वित्त पोषण योजना, ओडीओपी एम०डी०ए० योजना, ओडीओपी टूलकिटध्प्रशिक्षण योजना, ओडीओपी सी०एफ०सी० (कामन फैसिलटी सेंटर), डिजाइनिंग सेंटर, विज्ञापन एवं मार्केटिंग एवं बुनकरों के लिये प्रशिक्षण की सुविधाएं जनपद स्तर पर प्रदान किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। जनपद में लगभग 150 दरी निर्माण इकाइयां, 45000 हथकरघे स्थापित हैं तथा लगभग 30 से 35 दरी निर्माण समितियां संचालित है। लगभग 311 करोड़ का निर्यात विदेशों में किया जाता है।

### डीएम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया औचक निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज पी0एच0पी0 लहरपुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर खैरूल्लापुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अनुपस्थित डा0 प्रीती वर्मा एवं फार्मासिस्ट अशोक कुमार वर्मा का आज का वेतन रोकने के निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने प्रसव कक्ष देखा एवं एक माह पूर्व के प्रसव रजिस्टर का अवलोकन किया। चिकित्सालय में किटों एवं अन्य उपकरणों की उपलब्धता न होने पर नोडल अधिकारी को निर्देश दिये कि किटों की उपलब्धता, हैण्डवाश व अन्य मूलभूत सुविधाएं मरीजों को मुहैय्या करायी जाये।

## परिवहन आयुक्त निर्देश पर नो हेलमेट नो फ्यूल मामले में सख्त हुआ प्रशासन

सीतापुर। परिवहन विभाग द्वारा परिवहन आयुक्त किंजल सिंह के निर्देश पर 19 दिसंबर 2025 से 17 जनवरी 2026 तक चलाए जा रहे नो हेलमेट, नो फ्यूल विशेष अभियान के अंतर्गत पहले दिन से ही सख्त कार्रवाई के साथ-साथ जन-जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया गया। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाना है। एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीमों ने जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर बिना हेलमेट बाइक चला रहे वाहन चालकों को रोककर यातायात नियमों की जानकारी दी। अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को ईंधन न दिया जाए, जिससे नियमों का पालन अनिवार्य रूप से कराया जा सके। एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को चलाए गए अभियान के दौरान 53 बाइक सवारों के चालान किए गये।

संक्षेप

## अवैध खनन से बिगड़ जायेगा प्राकृतिक रवैया

ललितपुर (वीओएल)। विगत दिनों में सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली पर्वत माला में सौ मीटर से ऊपर पर्वतों को अरावली पर्वत माला में रखा है। सौ मीटर से कम पर्वतों को अरावली पर्वत माला के पर्वत नहीं माना है, जिन पर्वतों को अरावली पर्वत माला का हिस्सा नहीं माना गया। वैसे पर्वत 90 से 92 प्रतिशत हैं जिनको सरकार चाहे तो आधिकारिक तौर पर खनन करने की अनुमति दे सकती है, जिससे कि उत्तर भारत का प्राकृतिक संतुलन बिगड ? की पूरी उम्मीद है। इसी गंभीर चिंता के बादल मंडरा रहे हैं, अगर अरावली पर्वत माला का खनन होना शुरू हो गया तो रेगिस्तान की गर्म हवा और रेत उत्तर भारत के राज्यों को अपने चंगुल में ले लेगी और दिल्ली जो कि देश की राजधानी है। आने वाले समय में रेगिस्तान का रूप ले लेगी इस गंभीर विषय पर चिंतन कर जय हिंद क्लब ललितपुर के तत्वाधान में सेव अरावली ट्रस्ट की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए उप जिलाधिकारी सदर के जरिए महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान राम प्रताप, मोंटी शुक्ला, अंकित यादव, आयुष शर्मा, पंकज श्रीवास, चरण सिंह, पंकज रैकवार, अनमोल कुशवाहा आदि शामिल रहे।

## देशी शराब बरामद

ललितपुर। नेहरू नगर चैकी पुलिस ने एक कैंसर पीड़ित व्यक्ति के पास से भारी मात्रा में अवैध देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। दरअसल, नेहरू नगर चैकी प्रभारी उ.नि. अंकित कौशिक अपने हमराह आरक्षी योगेन्द्र कुमार के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर खास से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपनी जैकेट में देशी शराब को छिपाकर रेलवे लाइन किनारे से जा रहा है और कहीं बेचने की फिराक में है। सूचना मिलने पर चैकी प्रभारी मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचे और ओवरब्रिज के बने पिलर के पीछे छिपकर संदिग्ध व्यक्ति का इंतजार करने लगे। कुछ ही समय पश्चात एक व्यक्ति वहां से गुजरा जो कि जैकेट पकड़े हुये था। पुलिस ने तत्काल उसे पकड़ लिया। पकड़े गये युवक ने अपना नाम पतरूआ माता मंदिर के पास निवासी आनन्द कुमार पुत्र आशाराम अहिरवार बताया। पुलिस ने उसके पास से एक गत्ते में 28 टेट्रा पैक देशी शराब रसभरी मार्का बरामद किया गया। आनन्द कुमार ने पुलिस को बताया कि वह कैंसर से ग्रसित है और शराब बेचकर अपना गुजारा कर रहा है। पुलिस ने आनन्द के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 (1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# समाधान दिवस में फरियादियों की अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही हुआ निस्तारण



जिला संवाददाता

ललितपुर । जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महरौनी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान सुशासन सप्ताह का असर देखने को मिला, जहां दूरदराज से आये फरियादियों की समस्याओं का जिलाधिकारी ने अधिकारियों से मौके पर ही निस्तारण कराया। साथ ही जो शिकायतें शेष बच गईं, उनके सम्बंध में विभागीय अधिकारियों को मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन के उपरान्त निस्तारण कराने के निर्देश दिये। सुशासन सप्ताह के दौरान शनिवार को महरौनी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने नगर व ग्रामीण अंचलों से आये फरियादियों की शिकायतों को सुना और मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण भी कराया। उन्होंने एक-एक कर शिकायकताओं को अपने पास बुलाया और उनकी पूरी बात सुनकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराया और शिकायती पत्र सौंपते हुए निर्देशित किया कि मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण कराना सुनिश्चत करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यहां पर अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद सम्बंधी आती हैं, इन शिकायतों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन करे और निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी गौतम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी महरौनी रजनीश कुमार, तहसीलदार महरौनी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत महरौनी, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जन शिकायतों का करें त्वरित निस्तारणः डीएम

बांदा। तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने जिला स्तरीय अधिकारियों को जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्धता के साथ करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, नगर पालिका, चकबंदी, विद्युत व अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें मिलीं। जमालपुर गांव के फरियादी ने आरसीसी रोड पर चबूतरा बनाए जाने की शिकायत की। इस पर लेखपाल और कोतवाली देहात पुलिस टीम को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। छापर गांव में जिला पंचायत की सड़क बनने पर एक फरियादी की भूमि जाने की शिकायत पर लेखपाल एवं जिला पंचायत की टीम के साथ मौके पर निरीक्षण कर शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश दिए। गुरेह गांव में भूमिधरि जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायत मिली, इस पर लेखपाल को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बिजली बिल अधिक आने और विद्युत चोरी की फरियादी से शिकायत मिलने पर अधिशाषी अभियंता विद्युत को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक, उप जिलाधिकारी नमन मेहता, तहसीलदार विकास पाण्डेय, नायब तहसीलदार तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# किसी शिकायत का निस्तारण करना संभव न हो तो शिकायतकर्ता को संतुष्ट करेंः डीएम



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि तहसील दिवस व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग शासन स्तर से की जा रही है। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त होने वाली शिकायतों को सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से लेते हुए ससमय उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना संभव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सकें।

जिलाधिकारी जसजीत कौर शनिवार को तहसील धामपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुनः प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस एवं जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप से प्राप्त कर लें। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवेदनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है, अतः सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। तहसील दिवस के मौके पर कुल 149 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में 06 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कौशलेंद्र सिंह सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं स्थानीय अधिकारी मौजूद थे।

# युवक की हत्या के दो आरोपियों को आजीवन कारावास

जिला संवाददाता

बांदा। गोली मारकर युवक की हत्या के दो आरोपियों को दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट डॉ विकास श्रीवास्तव प्रथम ने आजीवन कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। वादी भूखन वर्मा पुत्र शिवमंगल निवासी ग्राम मझींवां थाना बबेरू ने तहरीर देकर कहा कि 29 अक्टूबर 2015 रात 10 बजे अरूण उर्फ राजाबाबू पाण्डेय तथा एक व्यक्ति जिसका नाम नही जानता घर आए और मेरे लड़के श्याम 36 को बुलाया। लड़का और मैं व पुत्र छोटू टॉर्च लिए बाहर आए। दोनो ने लड़के से उधार पैसे मागे। उसने कहा कि मेरे पास पैसे नही है। इसी बात पर दोनो लड़के से विवाद करने लगे और दोनो ने हांथों में लिए अवैध असलहे से जान से मारने की नियत से फायर किए जिससे लड़का जमीन पर तड़पने लगा। शोर सुनकर पड़ोसी दौड़े और पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह मेरे ऊपर भी तमंचे की बट से वार कर दिया जिससे मुझे भी चोट आई। तब तक वह मोटरसाइकिल, मोबाइल, जूता व साफी छोड़कर जंगल की ओर भाग गये। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद विवेचक ने अदालत में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। अदालत में सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक डॉ महेन्द्र कुमार द्विवेदी व विशेष लोक अभियोजक विमल कुमार सिंह ने 12 गवाह पेश किए। दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात अरूण उर्फ राजाबाबू पुत्र सत्यनारायण निवासी ग्राम बिसंडी, थाना बिसंडा व जय सिंह उर्फ गब्बर पुत्र जयवीर सिंह ग्राम पतवन थाना बबेरू को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। जुमार्ना न अदा करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अन्य धाराओं में भी सजा व जुमार्ना किया गया।

**दोनो को 20-20 हजार का अर्थदण्ड**

# पिंक रोजगार मेले में 163 अभ्यर्थियों का चयन

जिला संवाददाता



ललितपुर (वीओएल)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ललितपुर में एक दिवसीय पिंक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्रीमती सोनाली जैन द्वारा किया गया। मंच का संचालन अनुदेशक चन्द्रभान प्रजापति द्वारा किया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम नरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा पिंक रोजगार मेले में मुख्य अतिथि का सभी नियोजकों से परिचय कराया। मुख्य अतिथि ने रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रहे सभी अभ्यर्थियों को जनपद के बाहर की कम्पनियों में उनकी योग्यता अनुसार रोजगार पाने हेतु प्रेरित किया। पिंक रोजगार मेले के साथ ही कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का भी आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल एवं सेवायोजन पोर्टल की विस्तृत जानकारी दी गयी। काउन्सलर डा0 प्रियम्बदा सुड़ेले द्वारा अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु इण्टर एवं आई0टी0आई0 उत्तीर्ण के बाद रोजगार के विभिन्न आयामों से परिचित कराया गया। पिंक रोजगार मेले में कुल 04 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें कुल 239 अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार दिया गया। साक्षात्कार उपरान्त कुल 163 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। साक्षात्कार में चयनित कुछ अभ्यर्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान भी किये गये। कार्यक्रम के अन्त में संस्थान के प्रधानाचार्य राजपाल सिंह द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। सेवायोजन कार्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुये संस्थान की ओर से अनुरोध किया गया कि उनके शिक्षण संस्थान में भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। इस अवसर पर जिला सेवायोजन कार्यालय एवं आई0टी0आई0 के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यशाला आयोजित कर दी गई जानकारियां**

## सांसद चंद्रशेखर ने स्थानीय लोगो को टोल फ्री करने के लिए संसद में उठाई आवाज



बिजनौर। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने संसद में टोल प्लाजा से 10 से 15 किलोमीटर की दूरी पर रहने वाले लोगों के लिए टोल सुविधा फ्री करने के लिए आवाज उठाई। लोकसभा में जनहित में आवाज उठाते हुए नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि उनके लोकसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय राजमार्ग 119 निकलता है। उनकी लोकसभा क्षेत्र के पुरैनी नगीना व किरतपुर में अलग-अलग दो टोल पड़ते हैं। दोनों टोल की दूरी शहर से पांच किलोमीटर के अंदर है, बावजूद उसके स्थानीय लोगों से टोल प्लाजा द्वारा लगातार टोल वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके लोकसभा क्षेत्र में रहने वाले अधिकतम लोग किसान वर्ग के हैं। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि जनहित की इस समस्या को देखते हुए टोल प्लाजा क्षेत्र के 10 से 15 किलोमीटर के अंदर रहने वाले स्थानीय लोगों से टोल नहीं लिया जाना चाहिए। लोकसभा में सांसद चंद्रशेखर के बोल के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सदन में मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सांसद चंद्रशेखर को भरोसा दिलाया कि वर्ष 2026 में इस समस्या का समाधान होने के साथ लोगों को टोल संबंधी कुछ राहत भी मिलेगी।

## झाड़ियों से होमगार्ड का शव मिलने से पुलिस में मचा हड़कम्प, परिजनों में कोहराम

धामपुर, बिजनौर। झाड़ियों से बेहोशी की हालत में मिले एक व्यक्ति को इलाज के लिए सरकारी हॉस्पिटल भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शेरकोट थाने में होमगार्ड जगदीश सिंह के रुप में हुई। मृतक होमगार्ड रात को धामपुर शहर में ई-रिक्शा चलाने का काम भी करता था। होमगार्ड का शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

धामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह लगभग 9 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति गंभीर अवस्था में सिसौली धामपुर लाया गया है। मौके पर जाकर जानकारी करने पर पता चला कि उक्त व्यक्ति होमगार्ड जगदीश सिंह पुत्र स्व परवीन सिंह निवासी बढ़वान थाना धामपुर है। वर्तमान होमगार्ड की तैनाती थाना शेरकोट में चल रही थी। परिजनों का कहना है कि शुक्रवार की शाम को अपने घर से ई-रिक्शा चलाने के लिए निकला था, जो देर रात तक घर वापस नहीं लौटा। शनिवार की सुबह जगदीश धामपुर में केएम इंटर कॉलेज के पास गंभीर अवस्था में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। होमगार्ड का शव मिलने से परिजनों में मचा कोहराम। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकता है।

# छात्राओं को बाल विवाह और सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन को लेकर विशेष कार्यक्रम हुआ आयोजित



ललितपुर (वीओएल)। प्रदेश में महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति 5.0 एवं बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान के अन्तर्गत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जागरूकता हेतु शनिवार को जिला जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत महिला कल्याण विभाग से डी0एम0सी0 श्रीमती ममता श्रीवास द्वारा विद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम के अन्तर्गत बाल विवाह निषेध अधिनियम-2006 के प्राविधानों से अवगत कराया गया। मिशन शक्ति 5.0 की जारी कार्ययोजना के अनुसार (महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम-2013) के प्रावधानों पर जागरूक किया गया। जिसके अन्तर्गत लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण तथा गरिमा से कार्य करने का अधिकार, महिलाओं के प्रति सभी प्रकार के विभेदों को दूर करने सम्बन्धी अभिसमय और महिलाओं के संरक्षण के लिए उक्त अभिसमय को प्रभावी करने के लिए उपबन्ध करना समिचीन है। किसी कार्य स्थल पर आन्तरिक परिवाद समिति के गठन सम्बन्धी नियमों के बारे में अवगत कराया गया।

उक्त के अतिरिक्त कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनायें यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन प्राप्त कर रही महिला की पुत्री विवाह, दहेज के कारण परित्यक्त महिलाओं को आर्थिक एवं कानूनी सहायता, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, निवारण प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013, घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की विस्तृत जानकारी देते हुए टोल फ्री नम्बर 1930 साइबर हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन सेवायें, 112 आपात कालीन पुलिस सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवायें, 1098 चाइल्ड लाईन, 181 विमेंस हेल्प लाइन, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिये एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अन्जना वर्मा द्वारा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में महिला थाना अध्यक्ष अनीता, महिला हेड कांस्टेबल जया, महिला कांस्टेबल सिमरन, महिला कल्याण विभाग से जेंडर स्पेशलिस्ट श्रीमती रागिनी प्रजापति, प्रियंका नामदेव, वन स्टॉप सेंटर से पैरामेडिकल स्टाफ नर्स कीर्ति यादव एवं विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

**100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जागरूकता रहा उद्देश्य**

## हत्या के दूसरे दिन भी आरोपी का नहीं चला पता

ललितपुर (वीओएल)। नाराहट थानान्तर्गत ग्राम बछराई में बीते शुक्रवार को 27 वर्षीय दीपक प्रजापति का शव कमरे में पलंग पर मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण गला दबाना बताया गया है। मृतक के चेहरे पर आंख के पास और कंधे पर चोट के हल्के निशान भी पाए गए हैं। पिता की तहरीर पर मृतक के दोस्त राम अवतार निरंजन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गई हैं, लेकिन दूसरे दिन भी आरोपी का कोई पता नहीं चल सका है। मृतक के पिता ने यह भी आरोप लगाया है कि हत्यारोपी उसके बेटे का मोबाइल और पैसे भी ले गया है। नाराहट थाना क्षेत्र के ग्राम बछरई निवासी दीपक प्रजापति दस दिन पहले दिल्ली से मजदूरी कर गांव लौटा था। वह अपने साथ पैसे भी लाया था। घर पर अकेला होने के कारण वह पिछले तीन दिनों से गांव के निवासी अपने दोस्त रामावतार के साथ लगातार शराब पी रहा था। 18 दिसंबर की शाम 7 बजे दीपक शराब पार्टी करने के लिए रामावतार के घर गया था। अगले दिन, 19 दिसंबर को, जब उसकी मां रामसखी दिल्ली से मजदूरी करके गांव लौटीं और दीपक को खोजते हुए रामावतार के घर पहुंचीं, तो उन्हें दीपक का शव पलंग पर पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार, हत्यारोपी रामावतार ने कथित तौर पर दीपक का पहले तौलिये से गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने दीपक के चेहरे पर तकिया, टायर, पत्थर और लकड़ी की मयारी रख दी थी। मृतक के पिता मुन्ना लाल ने बताया कि उनके दो बेटे थे। एक बेटे की मौत आठ साल पहले एक दुर्घटना में हो गई थी, और अब दूसरे बेटे की हत्या कर दी गई है।

# दुर्घटनाओं से बचाव को छात्राओं का जागरुकता अभियान



बांदा। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के चलते घने कोहरे एवं धुंध में दुर्घटनाओं से बचाव के लिए शनिवार को आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने कचेहरी चैराहे पर जागरूकता अभियान चलाया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने छात्राओं के बनाए गए पोस्टरों को देखकर उनका मनोबल बढ़ाया तथा उनके इस प्रदर्शन की प्रशंसा की। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन उदयवीर सिंह ने घने कोहरे में वाहन सावधानी से चलाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए ताकि दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सौरभ कुमार ने छात्राओं को ड्राइविंग लाइसेंस की महत्ता के विषय में बताते हुए वैध ड्राइविंग लाइसेंस के बिना वाहन न चलाने का सुझाव दिया। मंडलीय समन्वयक, मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा डॉ. पीयूष मिश्र ने छात्राओं के लोगों को प्रेरित करने के लिए नोडल छात्र के रूप में कार्य करते हुए दुर्घटना में घायल नागरिकों की मदद के लिए आगे आकर अपना फर्ज निभाते हुए श्रेष्ठ मददगार की भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया। अपेक्षा की, कि वीडियो क्लिप बनाने के बजाय दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर एक आदर्श नागरिक होने का फर्ज निभाएं। यातायात प्रभारी संजय मिश्रा ने यातायात नियमों के विषय में विस्तार से बताया। सड़क सुरक्षा समिति सदस्य सुनील सक्सेना ने छात्राओं के किए जा रहे कार्यों का उत्साह वर्धन एवं अपील की, इस दौरान छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। छात्रा कशिश एवं वैष्णवी ने भाषण के जरिए लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक एवं संभागीय परिवहन अधिकारियों द्वारा छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पूनम गुप्ता, शिक्षिका प्रमोद कुमारी, तृप्ति ठाकुर एवं बबीता चैहान मौजूद रहीं।

## फर्जी आदेश के जरिए ट्रक छुड़ाने वाले दो गिरफ्तार




बांदा। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने सीज किए गये ट्रक को फर्जी, कूटरचित अवमुक्त आदेश प्रस्तुत करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 7 दिसम्बर को आरटीओ ने निर्धारित सीमा से अधिक उप खनिज का परिवहन करते पाए जाने पर ट्रक को सीज कर मंडी समिति पुलिस चैकी में खड़ा कराया था। 19 दिसम्बर को दो व्यक्तियों ने ट्रक को रिलीज कराने के लिए कोतवाली नगर में आरटीओ व वाणिज्यकर विभाग के अवमुक्त आदेश प्रस्तुत किए थे। पुलिस को यह आदेश संदिग्ध लगा और इन विभागों से सत्यापन कराया तो वाहन अवमुक्ति का आदेश फर्जी मिला। इस मामले में तत्काल कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कर दोनो आरोपियों को गल्ला मंडी में ट्रक के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में धनपति सिंह पुत्र हिन्दुपति सिंह निवासी थाना हैदरगढ़ जिला बाराबंकी व विक्रम सिंह पुत्र वंश बहादुर सिंह निवासी थाना शिवरतनगंज जिला अमेठी हैं। आरोपियों के पास से फर्जी अवमुक्ति आदेश, चार पहिया वाहन, 15 हजार रुपये व 3 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बलराम सिंह, चैकी प्रभारी अलीगंज अरविंद कुमार मौर्य, हेड कांस्टेबल राकेश चंद्र व कांस्टेबल अखिलेश कुमार रहे।

## सर्दी और कोहरे के दृष्टिगत चलाया जागरूकता अभियान



महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में और प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में 20 दिसंबर 2025 को यातायात पुलिस टीम ने ठंड के मौसम में कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विशेष जागरूकता अभियान का चलाया। उक्त अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस टीम ने रोडवेज बस स्टैंड एवं टैक्सी स्टैंड पहुंचकर सभी वाहन चालकों और परिचालकों को एकत्रित कर उन्हें कोहरे और कम दृश्यता की स्थिति में वाहन संचालन के सुरक्षित तरीके, सड़क पर सावधानी बरतने के उपाय, और यातायात नियमों का पालन करने के महत्व के विषय में विस्तृत निर्देश दिए गए। साथ ही यात्रियों और वाहन चालकों को सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए गए, जिनमें कोहरे के दौरान वाहन संचालन, गति नियंत्रित करने और वाहन की रोशनी का सही उपयोग करने के उपाय शामिल हैं। यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेंगे ताकि सभी वाहन चालक और यात्री सुरक्षित यात्रा कर सकें।

## उपचाररत युवक की मौत, एफआईआर दर्ज

ललितपुर (वीओएल)। रिपोर्टिंग पुलिस चैकी राजघाट के प्रेमनगर निवासी राजकुमार पुत्र बल्देव प्रसाद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 3 दिसम्बर को उसका 31 वर्षीय पुत्र प्रवीण पड़ौस में रहने वाले आशीष पुत्र सोमसिंह, कप्तान पुत्र प्रीतम के साथ मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.डी. 5352 से ललितपुर में निमंत्रण करके राजघाट लौट रहा था। वह जैसे ही थनवारा बस स्टेण्ड के पास पहुंचा, तभी रात करीब 8.30 बजे सामने से आ रही मोटर साइकिल संख्या एम.पी. 36 एम.आई. 8821 को एक अज्ञात व्यक्ति ने तेजी व लापरवाही से आया और उसकी मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के समय कप्तान सिंह बाइक चला रहा था, जबकि उसका पुत्र प्रवीण व आशीष पीछे बैठे हुये थे।

इस घटना में कप्तान सिंह के पैर में मोच आ गयी और प्रवीण व आशीष गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को प्रेमनगर निवासी मदन पत्र अरविन्द ने अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्रवीण की हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान 5 दिसम्बर को प्रवीण की मृत्यु हो गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त मोटर साइकिल चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

संक्षेप

## जल जीवन मिशन की पाइप हुई क्षतिग्रस्त

**मीरजापुर**। लालगंज तहसील मुख्य गेट के पास जल जीवन मिशन की पाइप क्षतिग्रस्त होने से सड़क पर बेकार बह रहा पानी।बिजली पोल गाड़ते समय हाइड्रा से पाइप क्षतिग्रस्त हो गया था और पानी के तेज धार पाइप से निकलकर सड़क पर बहने लगा। इससे जहां एक ओर पानी की बबार्दी हो रही है तो दूसरी ओर ग्रामीणों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही हैं। लालगंज तहसील मुख्य गेट के पास बस्ती में शनिवार को बिजली का पोल खड़ा करने के लिए हाइड्रा से खुदाई की जा रही थी, इसी समय जल जीवन मिशन की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होकर पानी का तेज धार निकलने लगा और पूरे सड़क पर पानी फैल कर बेकार बहने लगा। जिससे आगे पानी जाना बंद हो गया और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## थानाध्यक्ष के स्थानांतरण होने पर दी गयी विदायी

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर**। थाना परिसर में शनिवार को समारोह आयोजित कर यहां से विंध्याचल स्थानांतरित हुए थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय को विदाई दी गई। आयोजित विदाई समारोह थानाध्यक्ष के कुशल नेतृत्व की चर्चा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र देकर माल्यार्पण करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि ब्रह्मदीन पांडेय ने एक कुशल प्रशासक के रूप में काम किया। उनके कार्य व्यवहार से लोग काफी खुश थे। तथा इनमें जन सहयोग की भावना थी। वे हर समस्या का अपने स्तर से समाधान कर लिया करते थे। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विकास के उत्तम शिखर पर पहुंचने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान ग्राम प्रधान कौशलेंद गुप्ता, अरुण मिश्रा, धीरज मिश्रा, सोनू सिंह, जेपी तिवारी, धीरज केशरी, पिंटू केसरी, प्रतिमा सिंह परिहार, पप्पू सिंह, एसआई शिवाकांत पांडेय, सुभाष यादव, राम विशाल, मनसुख लाल यादव, हेड कांस्टेबल अरविंद सिंह, संतोष यादव, घनश्याम यादव, प्रमोद यादव आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने सीएचसी कछंवा का किया निरीक्षण

**मीरजापुर**। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कछवां का निरीक्षण किया। इस दौरान ब्लड मशीन खराब होना बताया गया कि जिसे जिलाधिकारी द्वारा तत्काल ठीक कराया गया। उन्होंने कहा कि हड्डी की चोट से पीड़ित मरीज का प्राथमिक उपचार करने के उपरान्त ही यदि आवश्यकता हो तो हायर सेंटरो में भेजा जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाला कोई भी मरीज बिना उपचार के वापस न जाए इस हेतु जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने पूरे परिसर का भ्रमण कर साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आता है तो उसे उपचार की सुविधा मुहैया कराए जाने का निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया। उन्होंने एक्स रे कक्ष का भी निरीक्षण किया, एक्स रे मशीन पूर्णतया क्रियाशील पाई गई। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी सीएल वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम सूर्य घर योजना की धीमी प्रगति पर भड़के डीडीओ



● पिपरौली ब्लाक का डीडीए ने किया औचक निरीक्षण

गीडा, गोरखपुर। जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) राजमणि वर्मा ने शनिवार को पिपरौली विकास खंड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकास कार्यों की समीक्षा की। जिसमें 'पीएम सूर्य घर योजना' की बेहद धीमी प्रगति देखकर उन्होंने गहरा रोष प्रकट किया।

डीडीओ ने संबंधित पटल सहायकों और अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ा जाए और पेंडिंग आवेदनों का निस्तारण जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने ब्लॉक में एनसीआर और अन्य अभिलेखों की गहनता से जांच की और रख-रखाव को लेकर जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) राकेश कुमार शुक्ला, एडीओ पंचायत अरविन्द सिंह, एडीओ (आईएसबी) संजय दूबे सहित ब्लॉक के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# आभूषण दुकान से लाखों के जेवरात चोरी

**दुद्धी, सोनभद्र**। दुद्धी कस्बे के रामनगर स्थित मुख्य मार्ग पर स्थित एक आभूषण दुकान को चोरों ने रात्रि में निशाना बना दिया। चोरों ने घनी आबादी के बीच स्थित एक ज्वेलर्स दुकान का शटर तोड़कर करीब तीन लाख रुपये के आभूषण लेकर फरार हो गए। शनिवार की अल सुबह जब मोहल्ले के लोग टहलने के लिए बाहर निकले तो उन्होंने ज्वेलरी शॉप का शटर खुला देखा तत्काल दुकान मालिक को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दुकानदार ने देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ है और दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा है। यह दृश्य देखकर वे स्तब्ध रह गए। पीड़ित दुकानदार ने तुरंत डायल 112 और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम के साथ दुद्धी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक स्वतंत्र कुमार सिंह अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

**चोरी को लेकर दुद्धी बार एसो. जताया कड़ा एतराज**

**दुद्धी, सोनभद्र**। दुद्धी कस्बे में हुई चोरी को लेकर दुद्धी बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रेमचंद यादव, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, कुल भूषण पाण्डेय, रामपाल जौहरी, सिविल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामलोचन तिवारी, विजय, आशीष सहित अन्य अधिवक्ताओं ने एसडीएम निखिल यादव से मिलकर कड़ा एतराज जताया। उधर स्वर्णकार संघ एवं भाजपा नेता श्रवण गौड़ ने तहसील समाधान दिवस में पहुंचकर एसडीएम और सीओ को ज्ञापन सौपते हुए चोरियों खुलासे की मांग किया।

पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक सप्ताह पहले इसी इलाके में लगभग 200 मीटर की दूरी पर एक घर का ताला तोड़कर नकदी और लाखों रुपये के गहनों की चोरी हुई थी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नगरवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि जब दुद्धी कस्बे में थाना स्थित था, तब रात में पुलिस वाहन और पैदल गश्त नियमित होती थी, लेकिन थाना रजखड़ गांव स्थानांतरित होने के बाद रात्रि पैदल गश्त बंद हो गई है। नगरवासियों का दावा है कि दुद्धी कस्बे में अब तक एक दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन किसी भी मामले में चोरों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# 10 गोवंश तथा गो-तस्करी में प्रयुक्त पिकअप बरामद



**मड़िहान, मीरजापुर**। जनपद में अपराधों रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा गो-तस्करी में संलिप्त लोगों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार गो- तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को थाना मड़िहान पुलिस द्वारा सघन चेकिंग की जा रही थी कि इस दौरान लालगंज की तरफ से एक पिकअप वाहन तेजी से आती हुई दिखाई दी, जिसे पुलिस टीम द्वारा रूकने का इसारा किया गया, परन्तु पिकअप चालक द्वारा वाहन की गति को और बढ़ाकर पुलिस पर चढाकर जान मारने की नीयत से मौके से भागा गया। थाना मड़िहान पुलिस टीम द्वारा अपने आपको सुरक्षित रखकर पिकअप वाहन का पीछा किया गया तो गुरूदेव नगर मठ के पास गो-तस्करों द्वारा पुलिस से अपने आप को घिरता देख वाहन से निकल कर कुहरा, अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग लिया गया। थाना मड़िहान पुलिस टीम द्वारा मौके पर पिकअप वाहन की तलाशी ली गयी तो पिकअप वाहन में क्रूरता पूर्वक बांध कर लदे 10 राशि गोवंश 2 राशि बछड़ा व 08 राशि गाय बरामद हुई। मौके से फरार गो-तस्करों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

## समस्याओं को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

**जौनपुर**। तहसील केराकत के सभागार में जिलाधिकारी डा० दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा आमजन की समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। मंगल पुत्र विनोद द्वारा जन्म प्रमाण पत्र समय से निर्गत न किए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी, केराकत को प्रकरण का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दिलशाद अहमद पुत्र आजाद अहमद ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि ग्राम परमानन्दपुर में लगभग 20 वर्ष पूर्व निर्मित खड़ंजे को नवीनीकरण के नाम पर ग्राम प्रधान द्वारा उखड़वा दिया गया है, जिससे ग्रामवासियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। तहसील केराकत के रसूलपुर झनिया के इंदु प्रकाश का नाम त्रुटिवश इंदू दर्ज हो गया था, विगत कई वर्षों से लंबित इस प्रकरण में जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए वरासत में नाम दर्ज करने के निर्देश उपजिलाधिकारी को दिए जिस पर उनका नाम वरासत में दर्ज कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि गुड गवर्नेंस के तहत ऑनलाइन सर्विस डिलीवरी के अंतर्गत जाति प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र समय पर निर्गत किए जाए, इसमें विलंब नहीं होना चाहिए। आज ऐसे ही एक प्रकरण को महज दस मिनट में निस्तारित किया गया। उन्होंने कहा कि यदि नाम संबंधी त्रुटियां हैं तो उसको तत्काल निस्तारित कर दिया जाए, । कुल 202 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 24 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष प्रार्थना पत्र को सम्बंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

# नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर मचाया तांडव

**जौनपुर**। थाना गौराबादशाहपुर क्षेत्र अंतर्गत लूरखुरी (जमुआरी) गांव में शनिवार की रात नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर महिलाओं व परिवार के साथ मारपीट करने के साथ तांडव किया। पीड़िता प्रभावती देवी का आरोप है कि विजय यादव व रामचंदर यादव , अजय यादव पुत्र रामचंदर लूरखुरी गांव के ही मूल निवासी है। साजिश में लगभग दो दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने धारदार हथियार व असलहा लेकर उसके घर में घुस कर गलियां देने के साथ घर में तोड़-फोड़ किए और चिल्ला-चिल्ला । कह रहे थे कि भईया विजय यादव व अजय यादव और रामचंद्र यादव से मुकाबला करेगा और परिवार को भी मारने पीटने लगे तथा भेजे गए बदमाशों में एक व्यक्ति दीपक यादव पुत्र लखराज यादव को मेरी पोती गमछा खींच ली और पहचानी जो देवली (अमरा) गांव का रहने वाला है। जाते-जाते लोगों ने घर की लाइट पहले तोड़ दिया घर में रख खाने-पीने का सामान व मोबाइल चार्ज उठा ले गए। और साथ में परिवार को जान से मारने की धमकियां भी दिया। परिवार में अरविंद यादव व पोती गुरुप्यारी और दिवाकर यादव को काफी चोट लगी है। और प्रभावती व उनकी बहू को भी अंदरूनी काफी चोट लगी है। यह भी बताया कि इसके पूर्व में भी परिवार पर दो बार घटना घटी थी। जिसमें उसके द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया था पीड़िता के लड़के रामआसरे यादव के द्वारा भी कई प्रार्थना पत्र दिया गया था लेकिन मुकदमा पंजीकृत न होने की वजह से उपरोक्त लोगों का मनोबल और बढ़ रहा है। परिवार के ऊपर जानलेवा हमला तीसरी बार हुआ। परिजनों ने घटना की सूचना पीआरवी डायल 112 पुलिस को दी। पुलिस घटना को लेकर जांच पड़ताल की और प्रार्थना पत्र के आधार पर कारवाई की बारत कह रहा है। पीड़िता व परिवार के लोग थाने पर पहुंच बदमाशों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। अभी तक न ही कोई मुकदमा पंजीकृत हुआ और न ही कोई सुनवाई हो रही हैं।

# बुटीक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



जिला संवाददाता (vol)

**सोनभद्र**। जनपद सोनभद्र में प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना अंतर्गत ग्रांट इन घटक में बुटीक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वनाथ, उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश सरकार, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम लखनऊ तथा ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सोनभद्र द्वारा स्थानद्द एस एम एआई टी कैंपस, धर्मशाला रोड, रॉबर्ट्सगंज में दीप प्रज्वलन करके किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा स्वरोजगार से संबंधित अनुसूचित जाति के लिए चलाई जा रही सरकार द्वारा पीएम अजय महत्वाकांक्षी योजना की सराहना करते हुए स्वरोजगार से जोड़ने के लिए चयनित सभी लाभार्थियों को प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास द्वारा पीएम अजय योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए प्रशिक्षण में सैद्धांति तथा व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा सरकारी प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

प्रशिक्षणउपरांत सभी लाभार्थियों को 50,000 का अनुदान धनराशि प्रदान किया जाएगा जो स्वरोजगार में अहम भूमिका निभाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उदयभान निजी सचिव, उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम लखनऊ, अपर्णा, सहायक प्रबंधक द्वारा प्रशिक्षण तथा विभाग की चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा अभिषेक शुक्ल, सहायक लेखाकार, सनी प्रसाद, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम और सोनभद्र कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान रामचंद्र जिला समन्वयक एएफसी इंडिया लिमिटेड द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में निःशुल्क प्रशिक्षण सैद्धांतिक तथा व्यवहारिक व तकनीकी रूप से मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा, प्रशिक्षणउपरांत प्रमाण पत्र तथा अनुदान कि धनराशि प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सादिक अंसारी, अखिलेश कुमार, शाहीन, विवेक मिश्रा, रुखसाना आदि की उपस्थिति सराहनी रही।

## प्रशासनिक अधिकारियों ने किया अलाव और गौशालाओं का किया निरीक्षण

**आजमगढ़**। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार द्वारा बढ़ती ठंड के दृष्टिगत कल देर रात्रि जनपद के समस्त तहसीलो मे रैन बसेरे, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन मे जलने वाले अलाव एवं गौशालाओ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया। उक्त के क्रम में रात्रि अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गंभीर सिंह एवं प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका आजमगढ़ प्रियंका सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट चैराहा स्थित नगर पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरे का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। प्रभारी ईओ नगर पालिका आजमगढ़ द्वारा बड़ादेव स्थित जिला महिला अस्पताल में रैन बसेरे का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इसके साथ ही उप जिलाधिकारी सदर द्वारा कलेक्ट्रेट चैराहा स्थित रैन बसेरा एवं रोडवेज परिसर आजमगढ़ का निरीक्षण किया गया। उप जिलाधिकारी सगड़ी द्वारा रैन बसेरा अजमतगढ़ का निरीक्षण किया गया, जिसमें दो लोग ठहरे हुए पाए गए, वहां पर रजाई गद्दा, ताजा पानी एवं हीटर की व्यवस्था पाई गई।

# चरित्र निर्माण में सहायक हैं खेल प्रतियोगिताएं




**जौनपुर**। नगर के बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान में मेरा युवा भारत, द्वारा आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (नवीन) के प्रांतीय अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर 100 मीटर बालिका वर्ग दौड़ से किया। प्रतियोगिता में 100 मीटर, 400 मीटर दौड़, रस्सा-कशी, साइकिलिंग, लंबी कूद एवं वॉलीबॉल जैसे खेलों का शानदार आयोजन हुआ।पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने की। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलों से शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ छिपी हुई खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि अजीत कुमार ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर नागरिक बनाने का प्रभावी माध्यम हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं सामाजिक समरसता, चरित्र निर्माण एवं आपसी प्रेम-सद्भाव को बढ़ावा देती हैं। संयोजक रामगोपाल सिंह चैहान जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं विशाल सिंह रहे। सहसंयोजक प्रकाश चंद यादव एवं ऋषि श्रीवास्तव रहे।मैच रेफरी रविंद्र कुमार यादव तथा सहयोगी सत्य प्रकाश सरोज, धर्मजीत भास्कर एवं विमल कुमार श्रीवास्तव, चित्रसेन सिंह, शैलेंद्र मोहन अस्थाना रामानुज जायसवाल साहब लाल यादव, प्रेमकुमार अनिल कुमार, रहे।

# कफ सिरप के अवैध कारोबार में गिरफ्तार आरोपियों के सपा से संबंध : सुरेश खन्ना

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शनिवार को आरोप लगाया कि कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार में जितने भी लोग गिरफ्तार किए गए, उनका कहीं न कहीं समाजवादी पार्टी के लोगों के साथ संबंध है। खन्ना ने आज यहां कहा कि कफ सिरप के अवैध भंडारण तथा विक्रय के संबंध में प्रदेश के 31 जनपदों में अब तक 74 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं, जिसमें 1265455 कोडीन युक्त कफ सिरप की शीशियां बरामद हुई हैं। 75 अभियुक्तों को साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि 132 कंपनियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले के लिए एसआईटी का गठन किया गया जिसमें पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में बनी समिति ने 15 मुख्य षड्यंत्रकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की है तथा अन्य अभियुक्तो को चिन्हित करके उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

साथ ही 12 मुख्य आरोपियों के विरुद्ध लुक आउट सर्कुलर जारी कराया जा चुका है तथा अन्य अभियुक्त के भी लुक आउट सर्कुलर को जारी करने की कार्रवाई चल रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि कोडीन युक्त कफ सीरप की आपूर्ति में यह पाया गया की दवा निर्माता कंपनियों द्वारा आपूर्ति की जा रही सिरप निचले स्तर पर मेडिकल स्टोर पर नहीं पहुंच रही तथा फर्जी बिल बनाकर भारी मात्रा में गैर चिकित्सीय उपयोग के उद्देश्य से उसे नेपाल तथा बांग्लादेश में तस्करी के माध्यम से भेजने की शिकायत है।

## मड़िहान से मीरजापुर तक 27.150 किमी सड़क होगी चौड़ीकरण : रमाशंकर सिंह



मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान विधानसभा क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात सामने आई है। मड़िहान से मिर्जापुर तक लगभग 27.150 किलोमीटर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सड़क निर्माण को लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना की अनुमानित लागत 70.10 करोड़ रुपये है, जिसमें से 24.53 करोड़ रुपये की धनराशि प्रथम चरण में जारी कर दी गई है। 19 दिसंबर 2025 को इस विकास कार्य को औपचारिक स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। यह उपलब्धि पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल के अथक प्रयासों और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से किए गए निरंतर आग्रह का परिणाम मानी जा रही है। सड़क चौड़ीकरण से क्षेत्र में तेज, सुरक्षित और सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा, वहीं आर्थिक, शैक्षिक एवं सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। इस स्वीकृति पर विधायक रमाशंकर पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## कार्यालय में लगी आग, दो कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज

इटावा। सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित निचली गंग नहर सिंचाई विभाग के कार्यालय में लगी भीषण आग के मामले में चैंकाने वाला खुलासा हुआ है। इस घटना में विभाग के रिकॉर्ड रूम सहित कई कमरे जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए, जिसमें लगभग पचास वर्षों से अधिक पुराने महत्वपूर्ण अभिलेख, फाइलें और नक्शे राख हो गए। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद विभाग के ही दो चैकीदारों की भूमिका संदिग्ध पाई गई, जिसके चलते दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और एक आरोपी भरत के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह घटना बीते सोमवार 15 दिसंबर की सुबह तड़के सामने आई थी। शनिवार और रविवार के अवकाश के चलते कार्यालय पूरी तरह बंद था। सोमवार सुबह करीब छह बजे अचानक कार्यालय परिसर से धुआं उठता दिखाई दिया। कुछ ही देर में आग की लपटें तेज हो गईं और आग एक कमरे तक सीमित न रहकर अलग अलग बने छह कमरों में फैल गई। आग इतनी भीषण थी कि आसपास के इलाकों में रहने वाले लोग दहशत में आ गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार्यालय में रखा अधिकांश रिकॉर्ड जलकर नष्ट हो चुका था। आग की चपेट में आकर लकड़ी का फर्नीचर, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य जरूरी सामान भी पूरी तरह खाक हो गया। कई कमरों की दीवारें और छत भी क्षतिग्रस्त हो गईं। सहायक अभियंता प्रतीक आनंद ने बताया कि आग लगने की घटना की गंभीरता को देखते हुए अधीक्षण अभियंता स्तर पर पांच सदस्यीय जांच कमेटी का गठन कर दिया गया है। यह कमेटी पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और आग लगने के वास्तविक कारणों तथा हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## हिंदू सम्मेलन में हिंदुओं की एकता पर जोर

**हलिया, मीरजापुर**। हलिया कस्बा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास हिंदू सम्मेलन का शनिवार को आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता मुकुट धारी पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्र गान व यज्ञ आहुति के बाद बाद भगवान राम, हनुमान तथा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर चित्रकूट से पधारे स्वामी प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि हिंदू समाज के दायित्व को जानने की जरूरत है समाज को जानने के लिए कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। सनातनियों की जहां बात हो वहां आगे आए बेटियों को पराया न समझे धन के अभाव में गरीब बेटियों का सहयोग करें। बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करें उन्होंने ने हिन्दू समुदाय को एकजुट होने का संदेश दिया मंदिर तथा उत्सव में जाएं तो अपने भेष भूषा में जाएं पूर्वज एवं प्रभु के विषय में बच्चों को बताएं देश में मलिच्छों की संख्या बढ़ रही है। व्यापार अपने समुदाय के भाइयों में करें। मुख्य वक्ता के रूप में स्वान्त रंजन अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि भारत विश्व गुरु था दुनिया के लोग भारत में शिक्षा के लिए आया करते थे एक समय भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। नालंदा विश्वविद्यालय सहित अनेक विश्वविद्यालय का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि सैकड़ो विश्वविद्यालय देश में थे जहां की शिक्षा के लिए विदेश के लोग आया करते थे। एक समय सिकंदर भारत को जितने के लिए आया राजा पुरू तथा सिकंदर में युद्ध हुआ सिकंदर की सेना हारकत कर बगावत कर दी रास्ते में सिकंदर की मौत हो गई। पृथ्वीराज चौहान 17 बार मोहम्मद गोरी को परास्त कर दिया धोखे वालों से सावधान रहना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित रहे प्रभुख, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया, धनेन्द्र पांडेय, दिनेश अग्रहरि, पंकज सिंह चंदेल, ताराचंद अग्रहरि, शिवा अग्रहरि, ज्ञानेंद्र सिंह, प्रतिमा सिंह परिहार, तारकेश्वर केशरी, बसंत लाल आचार्य, गो रच्छक दल से दीपू त्रिपाठी, धर्मेन्द्र दूबे, राम जी त्रिपाठी विकास उर्फ छोटू सोनकर, शशी पटेल आदि।

# दलाई लामा की बहन ने कुशीनगर मंदिर में भगवान बुद्ध के दर्शन किए

जिला संवाददाता

**कुशीनगर**। तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता दलाई लामा की छोटी बहन जेट्सन पेमा ने शनिवार को यहां महापरिनिर्वाण मंदिर में भगवान बुद्ध की प्रतिमा के दर्शन किए।

शुक्रवार को 85 वर्षीय पेमा अपने पति तेनपा ला के साथ श्रावस्ती से कुशीनगर पहुंचीं। दंपति ने यहां महापरिनिर्वाण मंदिर में बुद्ध की प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक चीवर चढ़ाकर प्रार्थना की। चीवर, बौद्ध भिक्षुओं और साधुओं द्वारा पहने जाने वाले वस्त्र (परिधान) को कहते हैं। उन्होंने माथा कुंवर बुद्ध मंदिर और रामाभार स्तूप के भी दर्शन किये।

बिरला धर्मशाला के प्रबंधक वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि वे लोग कुशीनगर के बिरला धर्मशाला में ठहरे और बाद में बोधगया के लिए रवाना हो गए। तिवारी ने बताया कि कुशीनगर स्थित तिब्बती बुद्ध मंदिर के प्रभारी लामा कोंचोक तेंगक्योंग ने आगमन पर उनका स्वागत किया। दशकों पहले दलाई लामा के साथ तिब्बत से भारत आईं पेमा हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में रहती हैं। तिवारी ने बताया कि अपनी यात्रा के दौरान दंपति ने यहां के तिब्बती बुद्ध मंदिर में भी प्रार्थना की।

# पहले से सक्रिय सिम कार्ड बेचने के मामले में 10 एजेंट पर केस दर्ज

बरेली। बरेली में पुलिस ने पहले से सक्रिय सिम कार्ड कथित तौर पर बेचने वाले दस एजेंटों के खिलाफ पांच थानों प्रेम नगर, बारादरी, फरीदपुर, बिथरी चैनपुर और क्योलड़िया में प्राथमिकीदर्ज की गई हैं। आरोपियों की पहचान अशोक, हरवेंद्र सिंह, राज अग्रवाल, अनमोल रत्न, सुभाष चंद्र, कृष्णकांत, सचिन कुमार, हरिशंकर, रवि और उमेश के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, दक्षिण पूर्व एशियाई देशों से साइबर ठग भारत के लोगों से ठगी करने के लिए बरेली से सक्रिय किये गए सिम कार्ड का इस्तेमाल कर रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के आधार पर पांच से 20 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान कंबोडिया, म्यांमा, लाओस से संचालित साइबर अपराध में प्रयुक्त होने वाले मोबाइल सिम कार्ड की अवैध बिक्री करने वाले संदिग्ध एजेंट्स की पहचान कर उनसे पूछताछ की गई, संबंधित दस्तावेजों की जांच करते हुए संदिग्ध पाए गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गयी। आर्य ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बरेली से खरीदे गए कुछ सिम का इस्तेमाल भारत के अलावा अन्य देशों में हुई साइबर ठगी में किया गया है। इस मामले में पांच थानों में सिम बेचने वाले दस एजेंटों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

संक्षेप

## कविता व राष्ट्रभाव से सजेगी अयोध्या

अयोध्या। पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर की संध्या अयोध्या साहित्य और काव्य रस से सराबोर होगी। इस अवसर पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह के संयोजन में जीआईसी मैदान में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर से ख्यातिप्राप्त कवि अपनी रचनाओं के माध्यम से अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि यह कवि सम्मेलन केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि अटल बिहारी वाजपेयी के बहुआयामी व्यक्तित्व को स्मरण करने का साहित्यिक माध्यम है। अटल जी कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ ओजस्वी वक्ता, संवेदनशील कवि, पत्रकार और प्रखर साहित्यकार थे।

उनकी कविताएं आज भी युवाओं में राष्ट्रप्रेम, शौर्य और आत्मविश्वास का संचार करती हैं। कवि सम्मेलन में डा.सुनील जोगी, जमुना उपाध्याय, विनीत चैहान, डा.विष्णु सक्सेना, डा.अनु सपन, प्रियांशु गजेन्द्र, रुचि चतुवेर्दी, अनिल चैबे, अभिसार गीता शुक्ला, लोकेश त्रिपाठी अपनी काव्य प्रस्तुतियां देंगे।

# पहले बिछेगी सीवर लाइन फिर होगा गलियों का निर्माण



**अयोध्या।** अशोक सिंघल नगर एवं परमहंस रामचंद्र दास वार्ड में जल निकासी का प्रबंध करने के साथ ही सीवर लाइन डाली जाएगी। इसके बाद पेयजल के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा कर गलियों का निर्माण कराया जाएगा। यह वादा महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने ह्लनगर की सरकार आपके द्वारह्ण अभियान के तहत नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ भ्रमण के दौरान किया। सुबह 8.30 बजे

- नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत महापौर व नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण
- रामनगरी के नव विकसित इलाकों के विकास के लिए बनेगी योजना

महापौर एवं नगर आयुक्त दीनबंधु अस्पताल के पास पहुंचे और अशोक सिंघल वार्ड के सोना देवी मार्ग से निरीक्षण शुरू किया। उनके साथ पार्षद अंकित तिवारी भी थे। मुख्य मार्ग से जुड़े सोना देवी मार्ग का रैंप कच्चा देखकर महापौर ने नाराजगी जताई और खुले नाले के कॉर्नर में पटिया रखवाने का निर्देश दिया। उन्होंने विराट विश्वकर्मा मंदिर के पास नाली निर्माण का वादा किया। यहां स्थानीय लोगों ने बताया कि नाली क्रॉसिंग के कारण सीवर लाइन बिछाने में कठिनाई हो रही है। महापौर ने समस्या का समाधान कराने का भरोसा दिया। उन्होंने सोतिया नाला निर्माण के लिए भी प्रस्ताव तैयार करने को कहा। महापौर ने सफाई खराब पाए जाने पर नाराजगी जताई और अभियान चला कर सफाई करने को कहा। महापौर में निरीक्षण के दौरान रामदासजी महाराज मंदिर के निकट नाली की टूटी पटिया बदलने का निर्देश दिया। रामपथ पर उन्होंने सोलर लाइट लगाने की योजना बनाने का निर्देश दिया। रामघाट चैराहे पर नाले का कोना खुला पाया गया और अतिक्रमण की शिकायत स्थानीय लोगों ने की। उन्होंने जांच कर समस्या के समाधान करने का निर्देश जोनल अधिकारी को दिया। श्रीराम जन्मभूमि कार्यशाला की ओर बढ़ने पर लगाए गए जल प्याऊ की महापौर ने जांच की तो पानी नहीं आ रहा था।

इस पर उन्होंने अवर अभियंता जलकर को तलब कर लीकेज ठीक कराकर पानी सुचारू रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने बिजली विभाग के केवल डालते समय पेयजल की पाइप क्षतिग्रस्त न हो, इस पर निगरानी करने का निर्देश अवर अभियंता जलकर को दिया। उन्होंने कोने पर निमार्णाधीन नाले का भी जायजा लिया। अहिराना पहुंचने पर महापौर ने शौचालय के सामने मुख्य मार्ग पर सिगनेज लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने गली में पानी का लीकेज ठीक करने का निर्देश दिया और गलियों की मरम्मत का भी वादा किया। यहां सीवर लाइन डालने, पेयजल पाइपलाइन बिछाने के साथ ही गलियों को ठीक करने की आवश्यकता लोगों ने जताई।

थोड़ा आगे बढ़ने पर कूड़े का ढेर देखकर महापौर ने कूड़ा निस्तारण के लिए प्लांट लगवाने पर विचार करने का वादा किया। यहां झाड़ू न लगने की शिकायत मिलने पर नगर आयुक्त ने सुपरवाइजर से स्पष्टीकरण तलब करने का निर्देश दिया। लोगों ने नाली टूटी होने की शिकायत की। इस पर नगर आयुक्त ने जांच कराकर ठीक करने का भरोसा दिया।नगर निगम के जनसंपर्क कुमार पांडेय ने बताया कि इसके बाद नगर निगम की टीम परमहंस रामचंद्र दास वार्ड के नया पुरवा स्थित श्रीरामनगर कॉलोनी पहुंची। यहां यदुनाथ के साथ बड़ी तादात में लोग खड़े थे। यहीं पार्षद कृष्ण गोपाल भी पहुंचे। लोगों से बात कर महापौर ने उनकी समस्याएं जानी। नव विकसित हो रही कॉलोनी में सीवर लाइन डालने, लटके तार को ऊंचा करने, पेयजल सप्लाई को पूरी तरह बचाने, नाली निर्माण कराने, स्ट्रीट लाइट लगाने आदि आवश्यकताएं जताई गई। इस पर महापौर ने पहले चरण में सीवर लाइन डलवाने और पेयजल पाइपलाइन बिछाने का भरोसा किया। उन्होंने नगर आयुक्त को नाला निर्माण का प्रस्ताव भेजने का भी सुझाव दिया।

नगर आयुक्त ने कॉलोनी में निरंतर फॉगिंग कराने, गृह कार्य एवं जलकर संबंधी समस्या का निदान करने के लिए कैंप लगाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ एवं भारत भार्गव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार सिंह, महाप्रबंधक जलकल सौरभ, सहायक अभियंता निर्माण राजपति यादव एवं भारत सिंह वर्मा, मधुकरिया संत मिथिला बिहारी दास आदि थे।

## एआरटीओ ने व्यावसायिक वाहनों, ट्रैक्टर ट्रालियों में लगवाएं रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप



**बाराबंकी।** शीतलहर व धुंध के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में परिवहन विभाग ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न मार्गो पर व्यावसायिक वाहनों समेत ट्रैक्टर ट्रालियों में रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाकर चालकों को सावधानीपूर्वक वाहन संचालित करने हेतु जागरूक किया गया। तो वही नियमो का उल्लंघन मिलने पर दर्जनों वाहनों के चालान किये गये। आज सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने लखनऊ-बाराबंकी, देवा-कुर्सी मार्ग पर विशेष जागरूकता अभियान चलाकर दर्जनों वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगवाकर चालकों को सावधानी बरतने एवं निर्धारित गति सीमा पर वाहन संचालित करने का संकल्प भी दिलाया।

## परिवहन और शिक्षा विभाग ने विद्यालयो को जारी किया पत्र

**बाराबंकी।** कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को कम करने, यात्रियो व छात्रो की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला व जिला विद्यालय निरीक्षक ओ0पी त्रिपाठी ने पत्र जारी करते हुये समस्त स्कूल प्रबन्धको, प्रधानाचार्य, मान्यता प्राप्त विद्यालयो को निर्धारित गति सीमा के अंतर्गत स्कूल वाहन संचालन करने हेतु निर्देशित किया है। जारी पत्र मे कहा गया है कि समस्त वाहन चालक मार्ग पर सतर्कता बरतने, निर्धारित गति सीमा के अंतर्गत वाहन का संचालन करने, विद्यालयी यानों के लिए किये गये विशेष उपबन्धों के अनुरूप व उसका स्वस्थता प्रमाण-पत्र एवं अन्य आवश्यक प्रपत्र वैध होने, कम दृश्यता होने पर बस रोकने, लो-बीम हेडलाइट्स और फॉग लैंप का इस्तेमाल करने, रेटो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने जैसे सुरक्षा उपायों का पालन तथा वाहन चालकों को बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन नियमों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## कोहरे में बरतें विशेष सावधानी, मानक अनुरूप फिट वाहनों का करें संचालन:ऋतु सिंह

अयोध्या। परिवहन आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ऋतु सिंह ने शनिवार को बस ऑपरेटरों एवं वाहन चालकों के साथ संभागीय परिवहन कार्यालय में बैठक की गयी। आरटीओ द्वारा शीत ऋतु में बरती जा रही सावधानियों के संबंध में जानकारी देते हुए यह बताया गया कि अपने वाहन को संचालित करने से पूर्व वाहन के ब्रेक, क्लच, हेडलाइट, वाइपर आदि जाँच ले कि ये सही प्रकार से काम कर रहें है अथवा नहीं तथा किसी भी दशा में अनफिट वाहनों का संचालन न करें। इसके अतिरिक्त आरटीओ द्वारा शीत ऋतु में बरती जाने सावधानियों के संबंध में जागरूक करते हुए निर्देश दिये गये कि कोहरे में दृश्यता कम होने पर गति सीमा पर नियंत्रण रखें व तीव्र गति से वाहन न चलायें। दृश्यता शून्य होने की स्थिति में अपने वाहन को सुरक्षित स्थान पर रोक कर रखें। कोहरे की स्थिति में लेन परिवर्तन न करें।

कम दृश्यता होने पर आगे चल रहे वाहन का दूरी वास्तविक दूरी से अधिक होने के भ्रम की स्थिति चालक को उत्पन्न होती है, ऐसे में आगे चल रहें वाहनों से पर्याप्त दूरी बना के रखें। वाहन संचालन से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वाहन के हेड लाइट, टेल लाइट, फाग लाइट, इण्डीकेटर, ब्रेक्स, टायर, विन्डस्क्रीन, वाइपर, वाहन की बैटरी की स्थिति, वाहन की हीटिंग व्यवस्था आदि सही प्रकार से कार्य कर रहें है अथवा नहीं। वाहन की लाइट लो-बीम पर रखें एवं मानक के विपरीत वाहन में लाइट का प्रयोग न करें।

अपने वाहनों में मानक के अनुरुप रिफलेक्टिव टेप अनिवार्य रूप से लगायें। नशे की हालत में वाहन न चलाये तथा वाहनों में ओवरलोडिंग व अन्य ओवर हँगिंग न करें। आरटीओ ऋतु सिंह ने सभी से शीत ऋतु में बरती जाने वाली सावधानियों एवं यातायात नियमों का पालन करने तथा इन सावधानियों को सभी वाहन चालकों जागरूक करने की अपील की।

## गंभीरता से जनता की शिकायतों को सुनें अधिकारी: निखिल



**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस के दौरान व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे गंभीरता व संवेदनशीलता से जनता की शिकायतों को सुनें और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।

तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता ग्राम कुम्हिया विकासखंड मया ने भूमि पर अवैध कब्जा व अतिक्रमण हटाने की शिकायत में जिलाधिकारी ने तहसीलदार को मामले की जांच कर न्यायोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता ग्राम मड़ना विकासखण्ड पूराबाजार ने चहर दीवार निर्माण के सम्बंध में शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने एडीएम (वि०/रा०) को जांच करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में शिकायतकर्ता ग्राम दुगार्पुरी जनौरा विकासखण्ड मसौधा ने विद्युत कनेक्शन की शिकायत, शिकायतकर्ता ग्राम तारडीह कछौली विकासखण्ड पूराबाजार ने जमीन विवाद के सम्बंध में व ग्राम तारापुर रजौली नगर निगम ने रास्ता को न निकाले जाने के सम्बंध में शिकायत की है, जिसमें जिलाधिकारी ने उक्त मामलों में तहसीलदार सदर को न्यायोचित जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सदर सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज कुल 59 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 08 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसील दिवस में मुख्यतः भूमि विवाद, राजस्व, सड़क, जल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन आदि से संबंधित अधिकतर शिकायतें प्राप्त हुईं, इसके निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, तहसीलदार व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सोहावल में आये 101 मामले चार का मौके पर निस्तारण

सोहावल-अयोध्या। संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य राजस्व अधिकारी डाक्टर गजेंद्र ने की इस मौके पर सोहावल तहसील में कुल 101 शिकायतें आईं। जिसमें मौके पर चार शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित को सौंपा गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सोहावल सविता कुमारी तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह नायब तहसीलदार रेशू जैन एसडीओ विद्युत अरशद अली आदि सहित अन्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## अलाव व रैन बसेरों पर उपलब्ध व्यवस्थाओ का निरीक्षण करने पहुंचे सीडीओ



**बाराबंकी।** भीषण शीतलहर को देखते हुये देर रात्रि मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने नगर क्षेत्र में संचालित अलाव एवं रैन बसेरों में उपलब्ध कंबल, पेयजल, शौचालय एवं प्रकाश व्यवस्था की की स्थिति का निरीक्षण किया। सीडीओ ने नगर के प्रमुख चैराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं रैन बसेरों में जलाए जा रहे अलावों की व्यवस्थाओ को देखते हुये संबंधित अधिकारियों को अलाव नियमित रूप से जलाते रहने, ईंधन की किसी भी प्रकार की कमी न होने तथा अलाव के आसपास साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखने को लेकर निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रशासन द्वारा नगर क्षेत्र में कुल 22 चिन्हित स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की है। 5 जगहों पर अस्थाई रैन बसेरे भी बनाये गए है जहां ठंड से बचाव के लिए गैस हीट रिफलेक्टर सहित सभी मूलभूत सुविधाये उपलब्ध कराई गई हैं। जिससे रात्रि में ठहरने वाले व्यक्तियों को पर्याप्त गर्माहट मिल सके। जिला अस्पताल में बने रैन बसेरे मे ठहरे लोगो से मुख्य विकास अधिकारी ने बातचीत कर उपलब्ध सुविधाओ की जानकारी भी ली। सीडीओ ने कहा कि शीतलहर के दृष्टिगत प्रशासन की यह प्राथमिक जिम्मेदारी है कि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण असुविधा या संकट का शिकार न हो। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगरपालिका संजय कुमार शुक्ला सहित संबंधित विभागों अधिकारी मौजूद रहे।

## सीडीओ की अध्यक्षता में समाधान दिवस संपन्न



**बहराइच ।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील सदर बहराइच में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर सीडीओ श्री चन्द्र ने उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

सीडीओ ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से भी आच्छादित कराया जाय। सीडीओ ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद भी की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाय ।सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, परियोजना आनन्द कुमार शुक्ला, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।उल्लेखनीय है कि तहसील सदर बहराइच में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 19 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 03, तहसील महसी में प्राप्त 30 के सापेक्ष 03, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 22 के सापेक्ष 02, पयागपुर में प्राप्त 35 के सापेक्ष 04, कैसरगंज में प्राप्त 33 के सापेक्ष 02 व नानपारा में प्राप्त 24 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 04 का मौके पर निस्तारण किया गया।

## एएसपी ने कैसरगंज थाने का किया निरीक्षण



**बहराइच।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा थाना कैसरगंज, जनपद बहराइच का निरीक्षण किया गया व दिये गये आवश्यक दिशा निर्देशअपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अशोक कुमार सिंह द्वारा थाना कैसरगंज का निरीक्षण किया गया ।इस दौरान महोदय द्वारा थाना परिसर में सलामी ली गयी तथा इसके उपरांत थाना परिसर का भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना भवन, आरक्षी/महिला आरक्षी बैरक एवं आवास की स्थिति का अवलोकन किया गया तथा साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत कार्य कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

महोदय द्वारा थाना कार्यालय, विभिन्न अभिलेखों/रजिस्टरों, विवेचना कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, हवालात, मेस एवं सीसीटीएनएस शाखा आदि का निरीक्षण किया गया। महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर में विधिवत अंकित कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा पीड़ितों से फीडबैक प्राप्त करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया। साथ ही महिला आगंतुकों के लिए पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। मालखाना निरीक्षण के दौरान शस्त्र-अस्त्र, एम्यूनिशन एवं अन्य सरकारी माल का गहन अवलोकन किया गया। एक्सपायरी एम्यूनिशन को नियमानुसार बदलने, शस्त्रों की हिस्ट्री शीट अद्यतन रखने तथा मालखाना अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाने पर जब्त खड़े वाहनों का भी निरीक्षण किया गया तथा उनके संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा सभी उपनिरीक्षकों एवं प्रभारी निरीक्षक को विवेचनाओं का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। गंभीर अपराधों में प्रगति लाने एवं लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने पर विशेष बल दिया गया। थाना परिसर की समग्र साफ-सफाई, अनुशासन, सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को शीघ्र दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।

## बाबा बागेश्वर धाम के समर्थन में हिन्दू राष्ट्र सनातन धर्म पदयात्रा का भव्य शुभारंभ



**रुपईडीहा बहराइच।** बाबा बागेश्वर धाम के समर्थन तथा हिन्दू राष्ट्र और सनातन धर्म की स्थापना की मांग को लेकर 20 दिसंबर 2025 को हिन्दू राष्ट्र सनातन धर्म पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा का शुभारंभ दोपहर 1 बजे रुपईडीहा स्थित हनुमान मंदिर से हुआ ।पदयात्रा शिवराज सिंह के नेतृत्व में निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग, सनातन धर्म के अनुयायी एवं ग्रामीण शामिल हुए। आयोजकों ने बताया कि पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा समाज को एकजुट करने का संदेश देना है ।यह पदयात्रा रुपईडीहा से मटेरा तक पहुंची, जहां रात्रि विश्राम किया गया ।इसके उपरांत यात्रा रिसिया, खुटेहना, आर्यनगर, गोंडा, डुमरियाडीह, वजीरगंज होते हुए अयोध्या धाम पहुंचकर संपन्न होगी। यात्रा के दौरान कुल आठ स्थानों पर रात्रि विश्राम की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

रुपईडीहा में पदयात्रा के स्वागत को लेकर नगर पंचायत चेयरमैन डॉक्टर उमाशंकर वैश्य द्वारा भोजन, जलपान एवं पुष्पवर्षा की व्यवस्था कराई गई। नगर क्षेत्र में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर पदयात्रा का जोरदार स्वागत किया गया ।इस अवसर पर चेयर नगर पंचायत रूपईडीहा डॉक्टरउमाशंकर वैश्य, प्रतिनिधि डॉक्टर अश्वनी वैश्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भीमसेन मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष महाराजदीन वर्मा, महामंत्री नरेंद्र सिंह, कन्हैया वर्मा, शेर सिंह कसौधन, तेजप्रताप वर्मा, रतन अग्रवाल, विजय सिंह, रमेश मिश्र सहित सैकड़ों समर्थक एवं ग्रामीण पदयात्रा में शामिल रहे ।आयोजकों का कहना है कि हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर निकाली जा रही इस पदयात्रा में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सराहनीय रही और आगे भी यात्रा को व्यापक समर्थन मिलने की उम्मीद है।

## प्रशिक्षु महिलाओं ने फुटवियर डिजाइन संस्थान का भ्रमण कर सीखी बारीकियां



अमानीगंज-अयोध्या। विकास खंड के पूरे दला में उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत चल रहे जूट के परम्परागत एवं आधुनिक उत्पाद प्रशिक्षण की प्रतिभागी महिलाओं को अमेठी स्थित फुटवियर डिजाइन और विकास संस्थान का भ्रमण कराया गया। नाबार्ड के सहयोग से ओंकार सेवा संस्थान द्वारा तीस महिलाओं को पंद्रह दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। भ्रमण दल को सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर शैलेश तिवारी ने प्रशिक्षण केंद्र से हरी झंडी दिखकर रवाना किया। प्रशिक्षु महिलाओं ने अमेठी के फुरसतगंज स्थित वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार की संस्था फुटवियर डिजाइन और विकास संस्थान का भ्रमण कर फुटवियर डिजाइन ,फैशन डिजाइन तथा टेक्सटाइल डिजाइन पर की बारीकियों को समझा तथा जूट से स्लीपर तथा लेडीज पर्स, जूता तथा अन्य विभिन्न उत्पादों के निर्माण की जानकारी ली।

फुरसतगंज में संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ सुनील कुमार द्विवेदी, प्राध्यापक वरुण कुमार गुप्ता, अवधेश कुमार तथा पवन कुमार की टीम ने सभी महिलाओं को संस्थान के सभी विभागों का भ्रमण करवाया तथा सिलाई तथा प्रिंटिंग का प्रायोगिक ज्ञान भी प्रदान किया। कार्यक्रम संयोजक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शीघ्र ही एफडीडीआई के साथ एक समझौता करेंगे जिससे फुटवियर में संस्थान की तकनीकी का लाभ महिलाओं को प्राप्त हो सके। भ्रमण में शालिनी शुक्ला, पूजा मिश्रा, गौरी नेता, संगीता मौर्य, स्वाति, कामिनी तिवारी, ज्योति कश्यप, मिथिलेश, साबरमती, मोनिका, अनीता आदि मौजूद रहीं।

## धान क्रय केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें नोडल अधिकारी: जिलाधिकारी



**बहराइच ।** विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जनपद में की जा रही धान खरीद कार्य की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि धान खरीद शासन की महत्वपूर्ण योजना में सम्मिलित है, जो सीधे कृषकों के हित से जुड़ी है ।इस हेतु किसी भी धान कय केन्द्रों पर किसानो को अपने धान विक्रय करने में कोई परेशानी न होने पाये। उन्होंने समस्त जिला प्रबंधको को निर्देश दिया कि संस्था के अनुमोदित क्रय केन्द्रों पर तेजी से धान खरीद करायी जाये तथा अधिक से अधिक कृषकों को समर्थन मूल्य योजना का लाभ दिलाया जाय।

डीएम श्री त्रिपाठी ने समस्त जिला प्रबंधको को सचेत किया कि किसी भी क्रय केन्द्र पर बिचौलियों की मार्फत धान की खरीद न की जाये।

किसी भी क्रय केन्द्र पर यदि अनियमितता प्रकाश में आती है तो सम्बन्धित केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। क्रय केन्द्रों के निरीक्षण हेतु नामित जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि नियमित रूप से आवंटित क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। डीएम ने सभी प्रबन्धकों को निर्देश दिया कि धान क्रय केन्द्रों पर किसानों के लिए शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जायें। कृषक पजीकरण सत्यापन कार्य की समीक्षा के दौरान बताया गया कि अब तक 13285 किसानों द्वारा पंजीकरण किया गया है।

डीएम ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों के पंजीकरण सत्यापन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराएं। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी/जिला खरीद अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि जनपद को आवंटित लक्ष्य 205000 मै.टन के सापेक्ष 17 दिसम्बर तक 7657 किसानों से 58042.79 मै.टन धान की खरीद की गई है जो कि लक्ष्य का 28.31 प्रतिशत है ।इस अवसर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, जिला प्रबंधक पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस, सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति बहराइच एवं जिला प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम मौजूद रहे। जबकि समस्त उप जिलाधिकारियों द्वारा वर्चुअली बैठक में प्रतिभाग किया गया।

### लोनिवि ने बंद किया बड़ी नहर का साइफन

सोहावल-अयोध्या। शारदा सहायक नहर से जुड़े साइफन को लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण के दौरान बंद कर दिए जाने से नहर के किनारे खेती करने वाले सैकड़ों किसानों की लगभग 500 बीघा की फसल दाँव पर लग गई है। सिंचाई के अभाव में सूखने के आसार बढ़ गए हैं।

भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं सहित कई किसानों ने शनिवार को तहसील में एडीएम प्रशासन से शिकायत दर्ज कराई है। भाकियू नेता फरीद अहमद के साथ किसानों ने आरोप लगाया कि सुचित्तागंज बाजार से मसौधा तक बनाई गई पक्की सड़क के दौरान लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार ने नहर के किनारे बने साइफन और कुलाबों को बंद कर दिया। नहर से पानी किसानों के खेतों में नहीं जा पा रहा है। बोई गई लगभग 500 बीघा गेहूं की फसल की पहली सिंचाई लेट हो रही है।

किसानों द्वारा इसे खोले जाने का प्रयास करने पर विभाग के कर्मी प्राथमिकी दर्ज कराने की धमकी देते हैं। तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामले को त्वरित निस्तारण के लिए विभाग को सौंप दिया गया है।

## 22 उपनिरीक्षकों और 27 आरक्षियों के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव

**बहराइच ।**पुलिस अधीक्षक ने जिले में बड़े पैमाने पर विभाग में फेरबदल करते हुए 22 उप निरीक्षक समेत 27 मुख्य आरक्षियों व आरक्षियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए नई तैनाती दी है । पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने की ओर से किए गए तबादले में उप निरीक्षक अमित प्रताप सिंह को फखरपुर से प्रभारी चौकी चौक , संजय गौतम को प्रभारी चौकी जिला अस्पताल से चौकी दुनक्का , धीरेन्द्र कुमार को प्रभारी चौकी जिला अस्पताल , शैलेन्द्र कुमार सोनकर को प्रभारी चौकी गायघाट से चौकी समतलिया , नंदकिशोर सिंह को थाना हरदी से प्रभारी मेटूकहा चौकी , धर्म प्रकाश सिंह को थाना बौंडी से प्रभारी चौकी खैरा बाजार , नवनीत कुमार थाना दरगाह से चौकी शंकरपुर , राकेश पांडे को लाइन से प्रभारी चौकी चहलारी घाट, दीपक सिंह को थाना हरदी से चौकी कुंडासर का प्रभारी बनाया गया है ।इसके साथ ही 27 आरक्षियों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव करते हुए उन्हें नई तैनाती दी गई है ।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर ये बदलाव किए गए हैं ।

संक्षेप

## वॉलीबाल व खोखो में दस-दस महिला खिलाड़ी चयनित

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रदेश स्तरीय महिला खेल समारोह के अंतर्गत खेल निदेशालय ने आयोजित प्रतियोगिता में जिला स्तरीय चयन ट्रायल वॉलीबॉल और खो-खो में आयोजित किया। वॉलीबाल में प्रियांशी यादव कशिश प्रिया चारु गुप्ता साजिया बानो अंशिका कामक्षी यादव शहनूर अंशिका समृद्धि चतुवेर्दी साक्षी कसौधन आरक्षित में लक्ष्मी गुप्ता का चयन हुआ, वहीं खोखो में शालू, रेनू, दीपिका, सिमरन, संगम, एलीना, अंशिका, आस्था सिंह, शिवानी, रिया का चयन हुआ, जिसका मंडलीय ट्रायल 22 दिसंबर को डाभा सेमर अयोध्या में आयोजित किया जाएगा। क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने बताया की खिलाड़ी अपने साथ दो पासपोर्ट आकार की फोटो आधार कार्ड के साथ मंडल चयन में प्रतिभाग करेंगे वॉलीबाल और खोखो की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जौनपुर में 25 से 26 दिसम्बर के मध्य आयोजित होगी। इस अवसर पर परिषद् से खिलाडियों ने भी प्रतिभाग किया। इस मौके पर अध्यापक नितीश पांडेय, मुनेन्द्र मिश्रा, अनिल सोनी, सुमित यादव, कोच आनंद श्रीवास्तव, प्रदीप यादव आदि मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों को राजस्व विभाग ने बांटेकंबल

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** कड़ाके की सर्दी के बीच इसौली ग्राम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य राजस्व विभाग के सौजन्य से कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। गिरते तापमान और ठिठुरन भरी हवाओं के कारण गरीब, असहाय व बेसहारा लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में कंबल वितरण की इस पहल ने जरूरतमंदों को बड़ी राहत दी और उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। कार्यक्रम के दौरान इसौली गांव के बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और मजदूर वर्ग के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर लाभार्थियों ने राहत की सांस ली और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि ठंड के इस मौसम में कंबल गरीब परिवारों के लिए जीवन रक्षक साबित होते हैं। प्रधान प्रतिनिधि शाकिर अब्बास ने बताया कि समाज के कमजोर वर्ग की मदद करना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आगे भी ठंड में जरूरतमंदों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। स्थानीय लोगों ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए अन्य सामाजिक संगठनों से भी आगे आने की अपील की। कंबल वितरण से न केवल जरूरतमंदों को ठंड से बचाव मिला, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और संवेदनशीलता का संदेश भी दिया गया।

## वाहनों में लगाये गये रिफ्लेक्टिव टेप

**अमेठी ।** एसपी अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में जिलेभर में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जा रहे हैं, ताकि घने कोहरे और कम दृश्यता की स्थिति में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। साथ ही वाहन चालकों और वाहन स्वामियों से तेज गति से वाहन न चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है। इसी क्रम में अमेठी के सुल्तानपुर रोड पर उस समय खास नजारा देखने को मिला, जब अपर पुलिस अधीक्षकएएसपी सिंह स्वयं सड़क पर उतर आये।

# रोजगार सेवक महिला की प्रेमी ने की हत्या



● प्रेमी ने भी जहर खाकर की आत्महत्या

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के जगतपुर भिचकौरा गांव में प्रेमी प्रेमिका के विवाद में प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की बांके से हमला कर हत्या करती है। जगतपुर भिचकौरा गांव में शनिवार दोपहर 1बजे के करीब उस समय हड़कंप मचगया, जब गांव की रोजगार सेवक महिला सीमा देवी पासवान की उसके प्रेमी राम सुमेर ने ही बांके से वार कर हत्या कर दी। वही उसके बाद हत्यारे राम सुमेर ने भी गांव के बाहर खेत में जहर खाकर आत्महत्या कर ली। गांव में हत्या और आत्महत्या की घटनाओं से सनसनी फैल गई है। गांव की महिला सीमा पासवान पंचायत मित्र के पद पर तैनात थी। इस समय बीएल ओ का भी कार्य कर रही थी। महिला का पति राजेंद्र बाहर शहर में प्राइवेट नौकरी करता है। अधिकांशतः घर से बाहर ही रहता है। पंचायत मित्र महिला का गांव के ही राम सुमेर रैदास से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था जबकि मोहल्ले वाले राम सुमेर के आने जाने पर एतराज जताते थे। जिसके कारण राम सुमेर अपनी प्रेमिका महिला पर साथ भाग जाने के लिए दबाव बना रहा था। लेकिन महिला तैयार नहीं थी ।2 दिन से राम सुमेर महिला के दरवाजे आकर झगड़ा कर रहा था। जब महिला नहीं मानी तो शनिवार दोपहर जब सीमा देवी अपने घर में खाना बना रही थी तभी वह पीछे के दरवाजे से घुस आया और बांके से उसकी गर्दन चेहरे पर ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी। महिला की हत्या करने के बाद राम सुमेर सामने के दरवाजे से भाग निकला। गांव के ही रामकरन ने बताया कि उसने राम सुमेर को घर से निकल कर भागते हुए देखा है। महिला की हत्या के 2 घंटे बाद हत्यारोपी राम सुमेर को अचेत हालत में गांव वालों ने गांव के बाहर खेत में पड़े देखा तो पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने राम सुमेर को आनन-फानन लालगंज सरकारी अस्पताल रवाना किया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीमा देवी अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गई है वही राम सुमेर का भी भरा पूरा परिवार है। रोजगार सेवक की मौत होने के चलते उप जिलाधिकारी मिथिलेश कुमार त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी अमित सिंह ,प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह सहित पुलिस बल गांव घटनास्थल पहुंचा जहां अधिकारियों ने घटनास्थल का मौका मुवायना किया। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आवश्यक कार्यवाही की जारही है।

## गौरी पांडेय और अंजली सिन्हा ने जीते अपने मुकाबले

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में पहले दिन खिलाडियों में संघर्ष देखने को मिला। प्रतियोगिता के दूसरे दिन भाजपा नेता रूपेश सिंह ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। आयोजन अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह ने बताया कि इस तीन दिवसीय आयोजन में पुरुष वर्ग में 80 और महिला वर्ग में 50 नामांकन हुए, इसमें 15 वर्षीय बालक/बालिका सिंगल्स, ओपन कैटेगरी में महिला/पुरुष सिंगल्स, पुरुष डबल्स इसके अलावा 35 प्लस, 45 प्लस और 55 प्लस में पुरुष डबल्स में प्रतिभागी हिस्सा लें रहे हैं। अंडर 15 पुरुष वर्ग में बेहतरीन मुकाबले देखने को मिले दूसरे दिन अंडर 15 वर्ग के फाइनल में अंशुमान ने अक्षत शुक्ला को 15-9, 15-12 से मात दी वहीं, अंडर 15 बालिका वर्ग के फाइनल में गौरी पांडे ने आराध्या सिंह को 15-7, 15-9 से जीत दर्ज की। ओपन महिला एकल में अंजली सिन्हा और मांडवी सिंह के बीच खेला गया, जिसमें अंजली सिन्हा ने 15-9 और 15-11 से खिताब पर कब्जा जमाया। पुरुष और महिला संवर्ग के शेष मुकाबले समापन के दिन संपन्न होंगे। निर्णायक स्टेडियम कोच श्याम धर ओझा, आदित्य, मानवेन्द्र रहे। व्यवस्था में सुजीत, डॉ. जामीन पीवी सिंह संजय श्रीवास्तव राजेश तिवारी अनुपम मुनेन्द्र मिश्रा अभिषेक, निखिल धवन, शैलेन्द्र, विवेक, अमोल, महेश, पंकज सिंह आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने किया लखनऊ शैक्षणिक भ्रमण

**सुलतानपुर (वीओएल)।** केएनआईपीएसएस कृषि संकाय के बी.एससी. एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों ने शनिवार को लखनऊ शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ का सकुशल भ्रमण के दौरान प्रत्यक्ष अवलोकन किया, जिसमें 120 विद्यार्थी प्रतिभागी रहे। इस शैक्षणिक भ्रमण दल को सुबह संस्थान प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह एवं कृषि संकायाध्यक्ष डॉ. नवीन विक्रम सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि अनुसंधान पौध जैव प्रौद्योगिकी उन्नत किस्मों के विकास एवं संरक्षण तकनीकों की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना रहा। भ्रमण के दौरान पर्यटन इंचार्ज डॉ. नीरज सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने एनबीआरआई में चल रहे विभिन्न अनुसंधान कार्यों प्रयोगशालाओं हर्बेरियम एवं वनस्पति उद्यान आदि का अवलोकन किया।

## खड़ंजे में किया जा रहा पीली ईंट का प्रयोग, अधिकारी मौन



**शाहगढ़, अमेठी।** प्रदेश सरकार जहां ग्राम पंचायतो में ईमानदारी से कार्य करने का निर्देश जारी करती रहती है वहीं ग्राम सभा कौहार में सड़क से अरुण मिश्रा के घर तक खड़ंजे का कार्य पीली ईंटों से कराया जा रहा है अधिकारी मौन है। बताते चलें कि पीली ईंटों से खड़ंजा डूड जाते हैं। आखिर कब प्रदेश सरकार की मंशा को पूरा करेंगे उनके मातहत और भ्रष्टाचार पर अंकुश लग पायेगा। इस सम्बन्ध में शाहगढ़ बीडीओ से बात हुई तो उन्होंने कहा कि ठीक है इस मामले की जांच की जाएगी बाकी आगे कोई भी अधिकारी बात करने को तैयार नहीं है सचिव को फोन किया गया तो सचिव सुमन यादव फोन नहीं उठा रही है।

## सीडीओ ने तहसील डलमऊ में संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनीं समस्याएं

**रायबरेली।** सीडीओ अंजूलता की अध्यक्षता में तहसील डलमऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सीडीओ ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। सीडीओ ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि तहसील डलमऊ में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 21, पुलिस 06, विकास 04 एवं अन्य 02 कुल 33 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 05 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए।

## तहसीलदार की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित

**महराजगंज, रायबरेली।** शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके पर जाकर जांच कर नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करें लापारवाही बर्दास्त नही की जायेगी। यह उद्गार तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मे तहसीलदार मंजुला मिश्रा सम्बन्धितों को निर्देशित कर व्यक्त कर रही थी। तहसीलदार की अध्यक्षता में समाधान दिवस में कुल 23 शिकायते आई मौके पर 4 शिकायतो का निस्तारण किया गया। आपको बता दें कि प्राप्त शिकायतो में राजस्व 10 पुलिस 12, अन्य एक प्रार्थना पत्र आए। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित को मौके पर जांच कर निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, खंड विकास अधिकारी शिव बहादुर सिंह, अवर अभियंता संजय कुमार अवर अभियंता अजय सैनी, अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा, पूर्ति निरीक्षक मुकेश पांडेय, सीएचसी अधीक्षक गणनायक पांडेय, राजस्व निरीक्षक उमेश चंद्र त्रिपाठी, अहमद, आबिद अली, लेखपाल राजीव मिश्र, सुनील यादव, संतोष पटेल सहित सम्बन्धित थानों के उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

## संयुक्त सचिव भारत सरकार ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**अमेठी।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार संयुक्त सचिव, युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार श्री कुनाल ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार, अमेठी में समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अब तक की गई प्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान संयुक्त सचिव ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नई विवाहित महिलाओं की मैपिंग एवं एएसडी सूची के गहन सत्यापन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए जिले के सभी बूथों पर दो दिवसीय विशेष कैंप आयोजित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांवों में आने वाली नई बहूओं की सघन मैपिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज होने से वंचित न रह जाए। संयुक्त सचिव ने सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ एवं बीएलए की संयुक्त बैठकें आयोजित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि दोनों आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मैपिंग प्रक्रिया को शत-प्रतिशत पूर्ण कराएं। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी अपेक्षा जताई कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें, जिससे निर्वाचक नामावलियों को अधिक सटीक और समावेशी बनाया जा सके। बैठक से पूर्व संयुक्त सचिव ने जिले के विभिन्न मतदेय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण भी किया । इस क्रम में उन्होंने विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय थौरी प्रथम स्थित बूथ संख्या 359 व 360, तथा विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज में बूथ संख्या 329, 330, 331 एवं 332 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित बीएलओ एवं सुपरवाइजरों से मैपिंग कार्य की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त संयुक्त सचिव ने थौरी गांव का भ्रमण कर नई विवाहिताओं की मैपिंग से संबंधित कार्य का स्थलीय सत्यापन भी किया तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को कार्य में और अधिक गति व गुणवत्ता लाने के निर्देश दिये।

## हिन्दू सम्मेलन में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता पर हुआ मंथन



सुलतानपुर (वीओएल)। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गारवपुर में रविवार को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और हिन्दू विचारधारा पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने की। सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्रामीण, बुद्धिजीवी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि पूज्य संत सत्यसमदर्शी देवेन्द्र कविराज देव जी (उद्दीनीश आचार्य, सत्यवाय आश्रम सिंहौली) ने अपने उद्बोधन में कहा कि संत कबीर, तुलसीदास और मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के विचार सामाजिक समरसता के महान उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दू संस्कृति का मूल मंत्र सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयः है, जो सम्पूर्ण मानवता के कल्याण की भावना को दर्शाता है। भारत के महापुरुषों और समाज सुधारकों ने सदैव देश की सांस्कृतिक एकता और अखंडता के लिए कार्य किया है, जिनसे समाज को प्रेरणा लेनी चाहिए। सम्मेलन के मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक श्री प्रकाश जी ने कहा कि हिन्दू धर्म मात्र एक पंथ नहीं बल्कि एक विचार है, जिसके मूल में ह्ववसुधैव कुटुम्बकमह्व की भावना निहित है। आज के संघर्षशील वैश्विक परिवेश में हिन्दू चिंतन विश्व की आवश्यकता बन गया है। उन्होंने कहा कि हिन्दू संस्कृति वैज्ञानिक, मौलिक और समावेशी है तथा भारत अपनी सांस्कृतिक शक्ति के बल पर विश्व का नेतृत्व करने में सक्षम है। उन्होंने समाज में व्याप्त षड्यंत्रों से सावधान रहने का आह्वान करते हुए कहा कि ह्वसर्वे हिन्दू सहोदराःह्व की भावना से ही सामाजिक समरसता और एकता सुदृढ़ होगी। सम्मेलन में रीता सरोज (बीसी सखी), शिवबरन गौतम (एलआईसी) सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना का संदेश दिया।

## नहर की सफाई के नाम पर बंदरबांट

**नसीराबाद, रायबरेली।** एक ओर भाजपा सरकार किसान की हितैषी तो दूसरी ओर उन्हीं के मातहत अधिकारी पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष शिव बहादुर सिंह ने मुद्दा उठाते हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। बताते चलें कि बातचीत में करोड़ों का गोलमाल की बात कही है। मामला छतोह के टिकरिया नहरिया का है जहां आज भी किसान अपनी खेती को पानी देने के लिए तरस रहा जबकि इस नहरिया को 2024 में विभाग द्वारा जनपद मे पहला स्थान देते हुए आदर्श नहर घोषित किया गया है। यह नहर डीह ढिवाई से निकलकर करीब 15 किमी मऊ होते हुए टिकरिया मटटन नाला में गिरती है। किसान नेता ने आगे बताया कि सफाई आदि के नाम सरकार से एक ही वर्ष में कई करोड़ रूपए लिया गया बावजूद नहरिया जस की तस है। आज भी दिखने में जंगल जैसी सबसे बड़ी बात नहर मे पानी की एक बूंद भी नसीब नहीं जिससे किसान हर वर्ष अपनी फसल को पानी देने के लिए तरसता रहता है। किसान अध्यक्ष ने कहां कि अगर इसकी उच्च स्तरीय टीम द्वारा जांच कराई जाए तो खानापूर्ति कर बंदरबाट मामले में करीब करोडो रुपए गोलमाल कर घपले की बात सामने आ सकती है। उन्होंने कहाकि यह बात मैंने सिंचाई विभाग के बड़े अधिकारी से शिकायत की लेकिन गौर नहीं किया गया।

## डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित



**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकताहै, मुख्यमंत्री द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। आज तहसील गौरीगंज में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 04 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 15 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 3 का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में 33 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 4 शिकायत का निस्तारण किया गया, तथा तहसील अमेठी में 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 1 का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10 से 12 बजे तक जन समस्याओं को सुनें तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान एसडीएम गौरीगंज प्रीति तिवारी, सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## रोडवेज बस-डंपर की टक्कर चालक समेत दो घायल

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** लखनऊ बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसा हो गया मयार्दी इंटर कॉलेज बरौंसा के सामने बलिया से सुल्तानपुर जा रही रोडवेज डिपो की बस और सामने से आ रहे एक डंपर वाहन की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई हादसे के समय रोडवेज बस में करीब 50 यात्री सवार थे। बस चालक राकेश दुबे और परिचालक पवन यादव यात्रियों को लेकर सुल्तानपुर जा रहे थे। इसी दौरान सुल्तानपुर की ओर से कादीपुर जा रहा डंपर अनियंत्रित होकर बस से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि रोडवेज बस इंटर कॉलेज की बाउंड्री वॉल से जा भिड़ी। हादसे में बस और डंपर दोनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।टक्कर के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया आसपास मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित बस से बाहर निकाला और अलाव की व्यवस्था की। इस दुर्घटना में बस चालक राकेश दुबे पुत्र राम कलप निवासी भरतपुर जनपद अयोध्या घायल हो गए वहीं एक महिला यात्री पूजा (35) पत्नी श्यामू निवासी राईबिगो पांडेय बाबा जनपद सुल्तानपुर के पैर में चोट आई। दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी जयसिंहपुर में भर्ती कराया गया। इसके अलावा एक-दो अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही बरौंसा चौकी इंचार्ज रामराज और सिपाही अभिनीश पाल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर आवागमन सुचारू कराया। हादसे में अधिकांश यात्री बाल-बाल बच गए। बाद में परिचालक पवन यादव ने बस रुकवाकर यात्रियों को उनके गंतव्य के लिए रवाना कराया।

## एसजेएस लालगंज के नौनिहालों ने शैक्षिक भ्रमण के दौरान चिड़ियाघर का उठाया आनंद



**लालगंज, रायबरेली।** नगर के सर्वश्रेष्ठ व बहुचर्चित अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान एस.जे.एस. पब्लिक स्कूल, लालगंज के नन्हें-मुन्हें के.जी. से कक्षा 2 तक के छात्र-छात्राएँ एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर लखनऊ के प्रसिद्ध चिड़ियाघर पहुँचे। बच्चों के चेहरों पर उत्साह और जिज्ञासा देखते ही बन रही थी। चिड़ियाघर में स्थित संग्रहालय विशेष रूप से बच्चों के आकर्षण का केंद्र बना। यहाँ उन्होंने वन्यजीवों से संबंधित अनेक जानकारियां प्राप्त कीं। चिड़ियाघर में शेर, भालू, चीता, मगरमच्छ तथा विभिन्न प्रजातियों के रंग-बिरंगे पक्षियों को देखकर बच्चे अत्यंत प्रसन्न हुए। शिक्षकों ने बच्चों को जानवरों के जीवन, उनके भोजन और संरक्षण के महत्व के बारे में सरल भाषा में बताया। बच्चों ने न केवल जानवरों को नजदीक से देखा, बल्कि उनसे जुड़े रोचक प्रश्न भी पूछे। यह भ्रमण बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ मनोरंजन से भरपूर रहा। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। यह यात्रा बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव बन गई, जिसे वे लंबे समय तक याद रखेंगे। विद्यालय द्वारा आयोजित इस शैक्षिक भ्रमण में विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह, सह प्रबंधिका डॉ. अनुश्री सिंह व प्रधानाचार्या अंजू सिंह सहित विद्यालय की शिक्षिकाएं व शिक्षक उपस्थित रहे।

## अराजक तत्वों ने अंबेडकर प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में रोष

**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां विकासखंड की कंन्नावा ग्राम सभा में वर्षों से पुरानी अंबेडकर प्रतिमा को बीती रात अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह जब ग्रामीणों ने देखा तब ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सुबह से ही सोशल मीडिया पर अंबेडकर प्रतिमा को तोड़े जाने की फोटो व वीडियो वायरल हो गई। गांव व क्षेत्र के लोगों को जब इस घटना की जानकारी हुई तो मौके पर पहुंचकर एकत्रित हो गए। वहीं मौके पर ही ग्रामीणों ने एडवोकेट हेमंत कुशवाहा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन भी प्रारंभ कर दिया।

ग्रामीणों की बस केवल एक ही मांग है कि जिन अराजक तत्वों ने अंबेडकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया है उनको तत्काल हिरासत में लेकर कानूनी कार्यवाही की जाए। डॉ भीमराव अंबेडकर समाज के महापुरुष व प्रेरणा स्त्रोत है। उनकी प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ पता नहीं किस अज्ञात कारणों से अराजक तत्वों ने की है यह तो कार्यवाही के बाद ही ज्ञात हो सकेगा। इस मामले को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने बताया कि कंन्नावा ग्राम सभा में अंबेडकर प्रतिमा को अराजक तत्व द्वारा क्षतिग्रस्त किया जाना बहुत ही निंदनीय घटना है प्रशासन मामले को संज्ञान में लेकर कानूनी कार्यवाही करें जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था बरकरार रहे। वहीं इसके साथ ही साथ बछरावां के पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने मौके पर पहुंचकर अराजक तत्वों के ऊपर विधिक कार्यवाही के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर शांति व्यवस्था कायम करने के लिए महाराजगंज सी.ओ. प्रदीप कुमार व भारी मात्रा में पुलिस बल भी तैनात रहा।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित



**सुलतानपुर (वीओएल)।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कटका क्लब सामाजिक संस्था के तत्वावधान में कूरेभार स्थित रानी लक्ष्मीबाई स्मारक महाविद्यालय में भव्य एवं भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर सामूहिक वंदे मातरम्गायन के साथ हुई, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के भाव से गूंज उठा।

कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन गुप्ता ने कहा कि वंदे मातरम्केवल एक गीत नहीं, बल्कि मातृभूमि को शक्ति, समृद्धि और दिव्यता का प्रतीक मानते हुए भारत की एकता, आत्मसम्मान और राष्ट्रीय चेतना को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करता है। कथा वाचक शनि मिश्र ने अपने संबोधन में राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि राष्ट्र के प्रति कर्तव्य भावना ही सच्ची देशभक्ति का आधार है। संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने कहा कि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम् ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देशवासियों के हृदय में अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष की ज्वाला प्रज्ज्वलित की थी। साहित्यकार कमलनयनम तिवारी ने वंदे मातरम्के गौरवशाली 150 वर्षों को भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि इस गीत ने पीढ़ी-दर-पीढ़ी राष्ट्रप्रेम की भावना को जीवंत रखा है। कार्यक्रम में बृजेन्द्र मिश्र, विपिन त्रिपाठी, मदन मोहन पांडे, निशा मिश्रा, रेनू सिंह, संजय सिंह, अग्निश कुमार, कंचन यादव, रिजवाना खान, रामलौट यादव, शिवानी शुक्ला, सोनम केसरी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का प्रेरक संदेश देकर संपन्न हुआ।

## 15.54करोड़ धनराशि जमा

**अमेठी।** बिजली बिल राहत योजना के अन्तर्गत सर्द मौसम में भी ग्रामीण अंचल में शिविरों का आयोजन जारी है। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लगभग 12फीसदी पंजीयन हो चुके हैं। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लगभग साढ़े सात फीसदी धनराशि जमा हो चुकी है। शनिवार को अधीक्षण अभियंता इंजीनियर अरुण कुमार ने दो बजे तक दफ्तर में बैठकर जनशिकायतों का निस्तारण किया। आफिस के काम के बाद उन्होंने अधिशासी अभियंता इंजीनियर अभिषेक कुमार के साथ कैम्पों का निरीक्षण किया।

## दबिश के दौरान 48 लीटर अवैध शराब बरामद

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 रोबिन आर्य द्वारा मय हमराह विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा महाराजगंज तहसील के थाना बछरावाँ अंतर्गत संदिग्ध ग्राम मदन टूसी एवं पासी टूसी में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों, संदिग्ध घरों में दबिश के दौरान जनपद में कुल 48 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 300 किलो लहन बरामद कर लहन को मौके पर नष्ट किया गया एवं 03 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

संक्षेप

## लाखों की नगदी व आभूषण चोरी

**मथुरा।** शातिर अपराधियों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए ड्राई फ्रूट विक्रेता के यहां से लाखों रुपए की नगदी सहित भारी मात्रा में सोने व चांदी के जेवरात चुरा लिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना हाईवे क्षेत्र अंतर्गत प्रगति कुंज में चोरों ने विपिन कुमार भारद्वाज के मकान में शुक्रवार को दिनदहाड़े उस समय चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया, जब वह आगरा अपनी ड्राई फ्रूट की दुकान पर तथा उनकी पत्नी ब्रज धाम विद्यालय में शिक्षण कार्य के लिए गई थी। चोर घर से 5 लाख 20 हजार की नगदी 1 किलो चांदी के 26 सिक्के और लगभग 8 तोले सोने की जेवरात चुरा ले गए। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## हरियाणा से बिहार ले जायी जा रही अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**मथुरा।** मथुरा आबकारी विभाग के जिला आबकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह के निर्देशन में निरीक्षक निहत यादवऔर जैंत पुलिस ने शुक्रवार को एनएच-19 पर घेराबंदी कर एक लग्जरी कार से भारी मात्रा में गैर-प्रांतीय शराब बरामद की है। आबकारी टीम और पुलिस ने थाना जैत अंतर्गत कृष्ण वैली के सामने चेकिंग अभियान चलाया था। इसी दौरान हरियाणा की ओर से आ रही एक सिलेटी रंग की हुंडई वरना कार को संदिग्ध मानकर रोका गया। तलाशी लेने पर कार के भीतर से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस और आबकारी टीम ने कार से कुल 724 बोतलें (543 बल्क लीटर) अवैध मदिरा जब्त की है, जिसमें ?154 बोतल ओल्ड मॉन्क रम, ?570 बोतल ट्रिपल वन एसीई रम ?बरामद की गई है। शराब का बाजार मूल्य लगभग 43400 रुपए आंका गया है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह यह खेप हरियाणा से बिहार तस्करी कर ले जा रहा था। शराब के साथ आरोपी उत्तम कुमार (27 वर्ष) पुत्र धर्मवीर, निवासी ग्राम मदीना, थाना बहुअकबरपुर, जिला रोहतक (हरियाणा) को गिरफ्तार किया गया है।

## भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मथुरा।** थाना शेरगढ़ क्षेत्र स्थित ग्राम रान्हेरा के खूपचंद गीता देवी पब्लिक स्कूल के मैदान में ऑपरेशन जागृति फेज 5 के अंतर्गत एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक तथा आसपास के बच्चे शामिल हुए। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों और समाज को सामाजिक सुरक्षा, नैतिक मूल्यों और समसामयिक चुनौतियों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने विशेष रूप से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। नाटक के माध्यम से किशोरावस्था, सामाजिक सुरक्षा और बहकावे से बचने तथा माता पिता को अपना दोस्त मानकर सब बातों को शेयर करने जैसे विषयों पर प्रभावशाली संदेश दिया गया। वहीं स्कूली बालिकाओं ने ऑपरेशन जागृति के समर्थन में प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर मौजूद दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई। बच्चों की आत्मविश्वास भरी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। क्षेत्राधिकारी छाता ने बच्चों और अभिभावकों को एलोपमेंट, टीन एज समस्याएं, गुड टच-बैड टच और साइबर अपराध जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

# योगी सरकार नये साल में ब्रजवासियों को देगी सौगात

## 42 करोड़ से बन रहा ऑडिटोरियम



**मथुरा।** नए साल में ब्रज वासियों और यहाँ के कलाकारों के लिए योगी सरकार एक शानदार सौगात लेकर आ रही है। मथुरा और वृंदावन के बीच सौ-शैय्या अस्पताल के समीप ब्रज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोने और उसे एक आधुनिक वैश्विक मंच प्रदान करने के लिए एक अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण किया जा रहा है। लगभग 4215.60 लाख रुपये की लागत से बन रहा यह प्रेक्षागृह ब्रज की कला, संगीत और पारंपरिक विधाओं के संरक्षण का नया केंद्र बनेगा। विदित रहे कि योगी सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। मथुरा- वृंदावन आने वाले श्रद्धालु अब न केवल मंदिरों के दर्शन करेंगे, बल्कि इस भव्य केंद्र में ब्रज की जीवंत कलाओं का अनुभव भी कर सकेंगे।

**ब्रज की कला और संस्कृति को नई उड़ान :** ब्रज क्षेत्र अपनी रासलीला, चरकुला नृत्य और ध्रुपद गायन जैसी अनुपम कलाओं के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद का मुख्य विजन इन कलाओं को केवल जीवित रखना नहीं, बल्कि उन्हें एक आधुनिक स्वरूप में दुनिया के सामने पेश करना है। इस ऑडिटोरियम के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक भव्य मंच मिलेगा, जिससे ब्रज की प्राचीन संस्कृति का संरक्षण होगा और युवा पीढ़ी को इससे जुड़ने की प्रेरणा मिलेगी।

**1000 की क्षमता और भव्य एम्फीथियेटर :** इस परियोजना पर योगी सरकार 42 करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रही है। मुख्य ऑडिटोरियम की क्षमता 1000 व्यक्तियों की है, जहां बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सम्मेलनों का आयोजन किया जा सकेगा। इसके साथ ही, खुले आसमान के नीचे पारंपरिक उत्सवों और प्रस्तुतियों के लिए एक भव्य एम्फीथियेटर भी बनाया गया है, जो ब्रज के उत्सवों को एक नया अनुभव प्रदान करेगा।

**आधुनिक सुविधाओं का संगम :** ऑडिटोरियम में केवल मंच ही नहीं, बल्कि यहां आने वाले कलाकारों और मेहमानों की सुविधा का भी पूरा ध्यान रखा गया है। परिसर में दूर- दराज से आने वाले कलाकारों के ठहरने के लिए डोरमेट्री, पर्यटकों और दर्शकों के लिए खानपान के लिए कैंटीन की व्यवस्था की जा रही है। परिसर में टाइप- 3 आवास, पार्किंग, गार्ड रूम और सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध होंगे।

**90 प्रतिशत कार्य पूर्ण, फरवरी में होगा शुभारंभ**

परियोजना अपनी अंतिम दहलीज पर है। 90 प्रतिशत निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है और वर्तमान में फिनिशिंग का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ सूरज पटेल ने बताया कि फरवरी माह के अंत तक यह ऑडिटोरियम पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा और ब्रज वासियों को समर्पित कर दिया जाएगा।

## यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को नगर आयुक्त की समीक्षा बैठक

**मथुरा।** यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित एवं सुदृढ़ बनाए जाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा नरहौली थाना परिसर में एसपी ट्रैफिक, सीओ ट्रैफिक एवं नरहौली थाना प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान यातायात व्यवस्था को बेहतर किए जाने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह एवं अधिशासी अभियंता (निर्माण) अमरेंद्र गौतम उपस्थित रहे।

बैठक के उपरांत नगर आयुक्त द्वारा एसपी ट्रैफिक, सीओ ट्रैफिक, नरहौली थाना प्रभारी, अपर नगर आयुक्त एवं अधिशासी अभियंता के साथ नरहौली चैराहा एवं उसके आसपास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा मुख्य मार्गों के दोनों ओर से अतिक्रमण को पूर्णतः हटाने हेतु अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया। साथ ही नरहौली थाना के सामने स्थित डिवाइडर को भारी वाहनों की आवाजाही हेतु बंद किए जाने के निर्देश दिए गए, जिससे यातायात का दबाव कम किया जा सके एवं ट्रैफिक व्यवस्था अधिक सुचारू हो। इसके पश्चात नगर आयुक्त द्वारा मंडी चैराहा के आसपास क्षेत्र एवं गोवर्धन चैराहा रोड का भी अपर नगर आयुक्त श्री सौरभ सिंह एवं अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्गों एवं चैराहों के आसपास से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सड़क किनारे लगे विज्ञापन यूनिपोल एवं विद्युत पोलों को व्यवस्थित रूप से अन्यत्र स्थानांतरित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि यातायात संचालन में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सड़क के किनारे स्थित कच्चे मार्गों पर इंटरलॉकिंग कार्य कराए जाने के निर्देश भी दिए गए, जिससे सड़कें अधिक सुरक्षित, सुगम एवं सुंदर बन सकें।

नगर आयुक्त महोदय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्य मार्गों पर किसी भी प्रकार का अवरोध स्वीकार्य नहीं होगा। अतिक्रमण हटाने हेतु नियमित अभियान चलाकर अतिक्रमण को पूर्णतः हटाया जाए तथा मार्गों पर लगे अव्यवस्थित विज्ञापन पोलों को नियमानुसार अन्य उपयुक्त स्थानों पर शिफ्ट किया जाए, जिससे शहर के मार्ग सुंदर, सुव्यवस्थित एवं यातायात के अनुकूल बन सकें। विशेष रूप से नेशनल हाईवे रोड स्थित नरहौली चैराहा के आसपास क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर सुधारने के निर्देश दिए गए।

## अटल जनशताब्दी समारोह पर जिला भाजपा की कार्यशाला संपन्न

**मथुरा।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी को लेकर जिला भाजपा ने आगामी कार्यशाला की बैठक संपन्न हुई। भाजपा ने 25 से 31 दिसंबर तक मथुरा जिले की तीनों विधानसभाओं में अटल स्मृति सम्मेलनआयोजित करने का फैसला किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने अभियान की रूपरेखा जारी करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक नेता नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की आत्मा थे। उनकी स्मृति को स्थायी और जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे के अनुसार, अटल स्मृति वर्ष के तहत हर विधानसभा क्षेत्र मे। जिले की छाता, गोकुल और मांट विधानसभाओं में होने वाले अटल स्मृति सम्मेलनों में तीन वक्ता अटल जी के जीवन, विचार, सुशासन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालेंगे। यह सम्मेलन केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भाजपा की वैचारिक विरासत को जमीन से जोड़ने का माध्यम होंगे। भाजपा ने अटल स्मृति वर्ष को केवल भाषणों तक सीमित न रखते हुए इसे जन-आंदोलन का स्वरूप देने का फैसला किया है। 25 से 31 दिसंबर तक पूरे जिले में सुशासन यात्राएं निकाली जाएंगी। प्रभात फेरियां आयोजित होंगी। रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। जिले के मण्डल और बूथ स्तर पर कवि सम्मेलन, चित्रकला प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी का आयोजन होगा। इन आयोजनों के जरिए अटल जी के सुशासन, समावेशी विकास और राष्ट्रवाद के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाएगा। भाजपा ने 25दिसंबर को अटल जी की स्मृति को समर्पित एक विशेष दिन के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस दिन जिले की हर विधानसभा के हर बुथ पर हर मण्डल के भाजपा कार्यालय में अटल की प्रतिमा के समक्ष दीपोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम को पार्टी संगठन के साथ-साथ सामाजिक संगठनों की भागीदारी से भव्य रूप दिया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने सभी कार्यकताओं से अनुरोध किया कि आगामी कार्यक्रमो को सोशल मीडिया, नमो एप, फेसबुक इत्यादि पर पोस्ट करना अनिवार्य है।

# भाजपा महानगर की कार्यशाला में आगामी कार्यक्रमों पर मंथन



**मथुरा।** शनिवार को भाजपा महानगर द्वारा पुष्पांजलि स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने की। इस अवसर पर हरिशंकर राजू यादव ने कार्यकताओं को बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में पार्टी द्वारा अटल स्मृति वर्ष मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को अटल जी के जन्म के 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, जिसे भाजपा संगठन देशभर में श्रद्धा, संकल्प और सेवा के भाव के साथ मनाएगा।महानगर अध्यक्ष ने कार्यकताओं से अटल जी के विचारों, राष्ट्रवाद, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए संगठनात्मक सहभागिता, अनुशासन एवं जनसंपर्क को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है, और आगामी कार्यक्रमों में प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है। वहीं महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि भाजपा महानगर द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती (25 दिसंबर) को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर पूरे महानगर में श्रद्धा, संकल्प और सेवा के भाव के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनमें बूथ स्तर पर सभाएं, काव्य गोष्ठियां, प्रदर्शनी तथा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस का आयोजन प्रमुख रूप से शामिल रहेगा। कार्यशाला के उपरांत भाजपा कार्यकताओं द्वारा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव का जन्मदिवस भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संचालन कमला प्रसाद शर्मा ने किया। इस अवसर डीसीएफ अध्यक्ष सुल्तान सिंह तरकर चंद्रपाल कुंतल संजय शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी नितिन शर्मा दीपक गोला पवन हिंडोल पूजा चैधरी अंकुर अग्रवाल विनीत शर्मा विजय शर्मा नितिन चतुर्वेदी ललित गौतम मनोज सौनोठ प्रणय पाराशर धर्मेश चैधरी पार्षद हनुमान गुर्जर पार्षद विकास दिवाकर तरुण सैनी अंकुर गुर्जर हरिओम शर्मा कपिल पटेल राकेश तोमर बृजेश अहेरिया एवं सभी मंडल अध्यक्ष सभी सेक्टर भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नयी रोशनी बनकर आयी सीएम आवास योजना ग्रामीण

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अंत्योदय के संकल्प को चरितार्थ करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। फिरोजाबाद जनपद के शिकोहाबाद विकास खंड की ग्राम पंचायत असुआ की रहने वाली माया देवी की कहानी इस संकल्प की एक जीवंत मिसाल है। पति की आकस्मिक मृत्यु के बाद दुख के सागर में डूबी माया देवी के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एक नई रोशनी बनकर आई, जिसने न केवल उनके सिर पर छत दी, बल्कि उनके बच्चों के भविष्य को भी सुरक्षित किया। माया देवी के पति के निधन के बाद उनके जीवन में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। दो छोटे बच्चों के पालन- पोषण की जिम्मेदारी और रहने के लिए कोई पक्का मकान न होना उनकी सबसे बड़ी व्यथा थी। माया देवी अपने परिवार के साथ तिरपाल से बनी एक कच्ची झुग्गी में रहने को मजबूर थीं। बारिश और ठंड के मौसम में कच्ची झुग्गी में रहना किसी चुनौती से कम नहीं था, साथ ही उन्हें हमेशा अपने और बच्चों की सुरक्षा का डर सताता रहता था। जब माया देवी को जानकारी हुई कि योगी सरकार विधवाओं और निराश्रित महिलाओं को विशेष प्राथमिकता के आधार पर आवास मुहैया करा रही है, तो उन्होंने आवेदन किया। पात्रता सर्वे के दौरान उन्हें उपयुक्त पाया गया और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत उनके आवास की स्वीकृति मिल गई। सरकार द्वारा आवास निर्माण के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये की कुल राशि तीन किस्तों में (40 हजार, 70 हजार और 10 हजार रुपये) सीधे उनके खाते में भेजी गई। योगी सरकार की संवेदनशीलता यहीं खत्म नहीं हुई। आवास निर्माण के साथ-साथ माया देवी को 90 दिन की मनरेगा मजदूरी के रूप में 22,680 रुपये की अतिरिक्त आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। इस दोहरी सहायता ने उन्हें आर्थिक रूप से टूटने से बचा लिया और वह सम्मान के साथ अपना घर बना सकीं। आज माया देवी का पक्का मकान पूरी तरह बनकर तैयार है, जहां वह अपने बच्चों के साथ सुरक्षित महसूस करती हैं। इसके साथ ही माया देवी को प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना से भी लाभान्वित हुई है।

**माया देवी के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव**

डीएमरमेश रंजन ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का मुख्य उद्देश्य समाज के सबसे वंचित और जरूरतमंद वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ना है। माया देवी जैसी पात्र महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर आवास, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना और मनरेगा मजदूरी का लाभ दिया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार हमारा प्रयास है कि जनपद में कोई भी पात्र व्यक्ति आवास विहीन न रहे। माया देवी के जीवन में आया यह सकारात्मक बदलाव हमारे लिए संतोष का विषय है। बीते दो वर्षों में लाभान्वित हुए लोगों की संख्या वर्ष 2024-25 में लक्ष्य 1553, स्वीकृत- 1553 निर्मित 1541, निमार्णाधीन 12, वर्ष 2025-26 में लक्ष्य 1207 आवास स्वीकृत 1207 आवास प्रथम किश्त जारी- 632, निमार्णाधीन आवास 632, शेष प्रक्रियाधीन है।

## डीएम-एसएसपी ने सुनीं आम जनमानस की समस्याएं, तीन का मौके पर निस्तारण

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में अवसर पर तहसील सदर में आम-जनमानस की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। डीएम ने प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम ने समस्त विभागीय अधिकारीयों को तहसील दिवस में आने वाले आम-जनमानस/शिकायतकर्ताओं को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे, यह हमारी प्राथमिकता है। डीएम ने समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर मुआयना करने तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करके पीड़ित लोगों को राहत पहुँचाने हेतु अधिकारियों को कडे.निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस या किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाए। उप जिलाधिकारी सदर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट। अभिनव जे जैन ने अवगत कराया है कि तहसील सदर में 33 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 3 शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया गया। अन्य शिकायतों को डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए ससमय निराकरण के निर्देश दिए गए। उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि तहसील गोवर्धन में 41 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 4 का त्वरित निस्तारण किया गया है। एसडीएम छाता वैभव गुप्ता ने अवगत कराया है कि तहसील छाता में 38 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

## मदन मोइत्रा की जीभ काट कर लाने वाले को एक करोड़ का इनाम

**मथुरा।** धर्म रक्षा संघ की एक धर्म गोष्ठी महामंडलेश्वर स्वामी परमेश्वर दास महाराज की अध्यक्षता में वृंदावन स्थित मोर कुटी में आयोजित की गई। धर्म गोष्ठी में टीएमसी के विधायक मदन मोइत्रा के द्वारा भगवान श्रीराम को मुसलमान बताए जाने पर साधु-संतों ने आक्रोश व्यक्त किया और बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि टीएमसी नेता मदन मोइत्रा के डीएनए की जांच होनी चाहिए क्योंकि उनके अन्दर किसी मुस्लिम का खून उबाल मार रहा है। उन्होंने मदन मोइत्रा की जीभ काट कर लाने वाले को एक करोड़ रुपया इनाम की घोषणा की। महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज ने कहा कि बंगाल में ममता बनर्जी के इशारे पर मुस्लिम वोट पाने के लिए टीएमसी के नेता अनर्गल बयान बाजी कर हिंदुओं का और सनातन धर्म का अपमान कर रहे हैं। सरकार को वहां अति शीघ्र राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य बद्रीश महाराज ने कहा के मदन मोइत्रा जैसे लोगों को सबक सिखाने के लिए सरकार को ईश निंदा कानून बनाना चाहिए और भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित कर सनातन विरोधियों को दोयम दर्जे का नागरिक बना देना चाहिए। महामंडलेश्वर स्वामी परमेश्वर दास त्यागी ने कहा मुस्लिम वोटो की खातिर टीएमसी नेता मदन मोइत्रा ने किस प्रकार भगवान श्री राम को मुस्लिम धर्म से जोड़ा है इससे सभी साधु संतों में भयंकर आक्रोश है। उन्होंने कहा कि मात्र 1400 साल पहले पैदा होने वाले मजहब से हमारे हजारों साल पहले के प्रभु श्रीराम जी को जोड़ना हमारे सब्र की पराकाष्ठा है, ऐसे नेता को फांसी की सजा होनी चाहिए। धर्म गोष्ठी में महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज, हरिओम पायलट बाबा, श्रीदास प्रजापति, अमरेश पुंडीर, अजय शर्मा, स्वामी देवानंद महाराज, स्वामी अतुल कृष्ण दास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी रामदास, विनीत द्विवेदी, गोपाल शर्मा आदि उपस्थित थे।

# 58 शिकायतों में 12 का मौके पर किया निस्तारण

**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता और एसएसपी सौरभ दीक्षित एवं सीडीओ शत्रोहन वैश्य के साथ सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील शिकोहाबाद के सभागार कक्ष में किया गया, डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागों से संबंधित प्रकरण आए हैं, उन सभी प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करें इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतकर्ता को एक ही शिकायत के लिए बार-बार चक्कर न लगाना पड़े, उसकी शिकायत का एक ही बार में निस्तारण की जाए, यदि शिकायतों का निस्तारण में कोई अधिकारी लापरवाही करेगा तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी, इस दौरान राजस्व कानून व्यवस्था




पेंशन पूर्ति विभाग नगर पालिका भूमि कब्जा आदि मामले आए, इस दौरान देवेंद्र कुमार जो नगला झील शोभापुर शिकोहाबाद के निवासी हैं, उन्होंने शिकायत की है कि गांव के लोगों को आने-जाने के मार्ग में कठिनाई होती है, इस हेतु चकरोड काफी दिनों से अधूरा पड़ा हुआ, इसकी पैमाइश कराकर चकरोड बनवाने की मांग की, जिस पर डीएम ने उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद को निर्देशित किया की स्थलीय जांच कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

इसी प्रकार सुदामापुरी निवासी विनोद कुमार ने शिकायत की की संयुक्त चिकित्सालय में महिला डॉक्टर की ड्यूटी निरंतर लगाये जाने के संबंध में बताया कि महिला डॉक्टर अपनी ड्यूटी पर नहीं रहती है और इसके अलावा इस चिकित्सालय में डिजिटल एक्सरे मशीन खराब पड़ी है, उसे चालू कराया जाए, जिस पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि नियमित रूप से आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें, इस दौरान जिलाधिकारी के समक्ष संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 58 शिकायती पत्र आए, जिसमें से 12 का मौके पर निस्तारण किया गया, इस अवसर पर उप जिलाधिकारी डॉ गजेंद्र पाल सिंह, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी आज उपस्थित रहें। इसके बाद डीएम और एसएसपी ने शिकोहाबाद स्थित बस अड्डा पर बने महिला एवं पुरुष रैन बसेरे का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होने रैन बसेरे में विद्युत पेयजल रजाई-गददे पलंग की उपलब्धता आदि व्यवस्थाओं को देखा जो रैन बसेरे में पाई गई और बस अड्डे पर शीत लहर को देखते हुए लकड़ी के अलाव एवं गैस के हीटर चलते हुए नजर आए, इस दौरान डीएम और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने गरीब असहाय लोगों को कंबल भी वितरित किये।

## मथुरा की कला को दुनिया तक पहुंचाने की जिद 25 दिसंबर को प्रीमियर व 26 को यूट्यूब पर रिलीज



**मथुरा।** अब तक धर्म, संस्कृति और परंपराओं के लिए पहचानी जाने वाली श्रीकृष्ण की नगरी ने फिल्मी दुनिया में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा दी है। थैंक यू फिल्म्स के बैनर तले बनी ब्रज क्षेत्र की पहली वेब सीरीज ह्लपॉलीटेक्निकह्ल का आज आधिकारिक ट्रेलर लॉन्च किया गया। प्रीमियर शोः 25 दिसंबर को बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज आयोजित किया जाएगा तथा इसका डिजिटल रिलीज 26 दिसंबर को ह्लयूट्यूब चैनल पर आयेगा। वेब सीरीज का निर्देशन युवा निर्देशक आशु खान ने किया है, जबकि इसके निमार्ता अनिल कुमार हैं। सीरीज में भाविक रुद्र, चेतन स्वरूप मिश्रा, महेश गोस्वामी, मनोज राठौर और अनुप जाना जैसे कलाकारों ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं, जिन्होंने स्थानीय प्रतिभा को एक नई पहचान देने का प्रयास किया है। आज इसको लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में बताया गया कि ह्लपॉलीटेक्निकह्ल सिर्फ एक वेब सीरीज नहीं, बल्कि उन युवाओं की कहानी है जिन्होंने अपने सपनों को पूरा करने के लिए तन, मन और धन सब कुछ दांव पर लगा दिया। बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के बजाय मेकर्स ने सीरीज को सीधे जनता तक पहुंचाने का साहसिक निर्णय लिया है। यह सीरीज मथुरा के युवाओं के आत्मसम्मान, संघर्ष और सपनों की आवाज बनने जा रही है। निर्देशक- निमार्ता ने कहा कि हमने अपनी पूरी मेहनत और संसाधन इस प्रोजेक्ट में लगा दिए हैं। अब यह मथुरा की जनता पर है कि वह अपनी मिट्टी से निकले कलाकारों को पहचान और समर्थन दे। प्रेस वार्ता में विशेष मीडिया सहयोग के रूप में सुमित गोस्वामी और गौरव शर्मा भी मौजूद रहे।

## धूमधाम से मना गौ माता सेवा महासंघ का स्थापना दिवस

**टूंडला।** अंतर्राष्ट्रीय गौ माता सेवा महासंघ का स्थापना दिवस नगर के रॉयल गार्डन मैरिज होम में बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश उपाध्याय मौजूद रहे कार्यक्रम में जरूरतमंदों को कंबल भी वितरण किए गए। इसके उपरांत एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने गौ माता पर अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.दिनेश उपाध्याय ने कहा कि गौ माता के शरीर से उत्पन्न हो वाली ऊर्जा से मिलने वाले लाभ के विषय में भी चर्चा की संबोधन में गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए एक आह्वाहन भी किया और गौ माता में कितनी बीमारियों से बचाव की शक्ति है उसके बारे में भी प्रकाश डाला साथ ही भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने भी गौ माता पर अपने विचार व्यक्त किये कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव साध्वी महिमा ब्रजकिशोरी और राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां प्रदेश अध्यक्ष रामवीर सिंह मलिक प्रदेश महामंत्री संगठन रामतीर्थ सिंह चक,एवं हरियाणा प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हरीश रावत,श्री कृष्ण गौतम सुशील पोनियां,संजय परमार,दिनेश गुप्ता,रूपेश शुक्ला,दीपक चौधरी, चौ,हमवीर सिंह,पंकज चौधरी,पीयूष शुक्ला,जितेन्द्र पचौरी,उदय प्रताप वर्मा,शरद पोनियां,पीयूष पचौरी,संकी राणा प्रदीप पाठक,मुकेश उपाध्याय नरेंद्र चक अमित सिसोदिया,मनोज चक, दुष्यन्त जादौन साकेत कुलश्रशेष्ठ,चेतन बिहारी सक्सेना,गुरुचरण माहौर,सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## ट्रेन मैनेजर्स ने आरपीएफ को 109 रनों से हराया

**टूंडला।** कंपनी बाग स्पोर्ट्स ग्राउंड टूंडला में उत्तर मध्य रेलवे टूंडला में 4 अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला सैमी फाइनल ट्रेन मैनेजर्स एवं आरपीएफ के बीच खेला गया। जिसमे ट्रेन मैनेजर्स ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 155-10 रन बनाए। जबकि आरपीएफ ने 46-10 रन ही बना सकी। ट्रेन मैनेजर्स ने 109 रन से मैच में जीत दर्ज की। मन ऑफ द मैच सागर मल मीना रहे। दूसरा सेमी फाइनल आरएसओ एवं सीएंडडब्लू के मध्य खेला गया जिसमें सीएंडडब्लू ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। आरएसओ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 147 रन बनाए। जवाब में सीएंडडब्लू ने 13.2 ओवर में 67 रन ही बना सके।इस तरह आरएसओ ने 80 रन से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच अजीत कुमार रहे। रविवार को फाइनल मैच 11 बजे ट्रेन मैनेजर्स एवं आरएसओ के मध्य खेला जाएगा। इस मौके पर उप मुख्य यातायात प्रबन्धक अमित आनन्द, डीईई ओपी प्रतीक यादव, अमित पाल सिंह, रोहित शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन जागृति फेज-05 अभियान के तहत एएसपी ने किया जागरूक




**फिरोजाबाद।** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ के निर्देशन में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान स्वावलम्बन एवं युवाओं में प्रेम प्रसंग के अंतर्गत घर से चले जाने के मामलों की रोकथाम हेतु ऑपरेशन जागृति फेज-05 के विशेष अभियान के तहत जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद द्वारा थाना उत्तर क्षेत्रान्तर्गत बृजराज इंटर कॉलेज एवं थाना रसूलपुर क्षेत्रान्तर्गत सुगरा बेगम इंटर कॉलेज हाजीपुरा में छात्र छात्राओं को ऑपरेशन जागृति फेज 05 के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा छात्र छात्राओं को विभिन्न हैल्पलाइन नम्बरों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप एक्स फेसबुक इन्स्टाग्राम आदि के सम्बन्ध में विशेष जानकारी देकर जागरूक किया गया। जनपद में पुलिस टीम द्वारा रैली संगोष्ठी नुक्कड़ नाटक आदि माध्यमों से छात्र-छात्राओं, महिलाओं व बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति अभियान फेज 05 के तहत सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन तथा युवाओं में प्रेम प्रसंग के अंतर्गत घर से चले जाने के मामलों की रोकथाम हेतु जागरुक किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर थाना प्रभारी उत्तर, थाना प्रभारी रसूलपुर एवं थाना उत्तर व रसूलपुर ऑपरेशन जागृति टीम उपस्थित रहे। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनुज चौधरी द्वारा थाना शिकोहाबाद क्षेत्रान्तर्गत सरस्वती विद्या मन्दिर शिकोहाबाद में में छात्र छात्राओं को ऑपरेशन जागृति फेज 05 के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद एवं थाना शिकोहाबाद ऑपरेशन जागृति टीम उपस्थित रहे।

## ट्रेनों व स्टेशन पर यात्रियों के सामानों को चुराने वाले गैंग के चार सदस्य जीआरपी ने पकड़े

**मथुरा।** ट्रेनों से तथा स्टेशन पर प्लेटफोर्म पर आने जाने वाले यात्रियों की वस्तुओं को चोरी करने वाले गैंग के शातिर महिला सहित चार लोगों को जीआरपी और आरपीएफ टीम ने आज प्लेटफार्म 1 से गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से जीआरपी ने चांदी की मूर्ति बरामद की है जिसकी कीमत लगभग 04 लाख 75 हजार रुपए है, इसके अलावा चार मोबाइल तथा आठ अन्य चोरी के मोबाइल जब्त किए है। वैधानिका कार्यवाही कर सभी आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे महोदय के निर्देशन, पुलिस उप महानिरीक्षक रेलवे लखनऊ/प्रयागराज के पर्यवेक्षण, पुलिस अधीक्षक रेलवे आगरा के मार्गदर्शन एवं पुलिस उपाधीक्षक रेलवे, आगरा की देखरेख एवं थाना जीआरपी प्रभारी के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान संचालित है। जिसके तहत थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन पुलिस टीम तथा आर०पी०एफ० टीम द्वारा पवन मुखिया पुत्र श्रीलाल मुखिया नि० ग्राम चिलबिली थाना कुद्रा जिला कैमूर बिहार, मीहिर गोस्वामी पुत्र मनीष गोस्वामी नि० धौली प्याऊ थाना कोतवाली जिला मथुरा, अर्जुन पुत्र पवन मुखिया नि० ग्राम चिलबिली थाना कुद्रा जिला कैमूर बिहार तथा भानमती देवी पत्नी मुकेश ग्राम चिलबिली थाना कुद्रा जिला कैमूर बिहार को प्लेट फार्म 01 पर आगरा साइड खाली स्थान से आज दोपहर गिरफ्तार किया गया।

# विदेशों में सुधरी भारत की छवि

## औद्योगिक कार्य-संस्कृति को आत्मसात और विकसित करना प्राथमिकता : जयशंकर

एजेंसी

पुणे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि आज दुनिया भारत को पहले की तुलना में कहीं अधिक सकारात्मक रूप में देखती है और देश की छवि में आया यह बदलाव एक निर्विवाद सच्चाई है। जयशंकर ने पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड विश्वविद्यालय) के 22वें दीक्षांत समारोह में कहा कि वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा शक्ति और प्रभाव के कई केंद्र उभर चुके हैं और अब कोई भी देश, चाहे वह कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, सभी मुद्दों पर अपनी मर्जी नहीं थोप सकता। जयशंकर ने कहा आज दुनिया हमें किस तरह से देखती है? इसका संक्षिप्त उत्तर यह है- पहले की तुलना में कहीं अधिक सकारात्मक और कहीं अधिक गंभीरता से। इसका कारण हमारा राष्ट्रीय ब्रांड और हमारी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा दोनों हैं, जिनमें उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

विदेश मंत्री ने कहा कि आज दुनिया भारतीयों को मजबूत कार्य-नैतिकता वाले, प्रौद्योगिकी में दक्ष और परिवार-केंद्रित संस्कृति को अपनाने वाले लोगों के रूप में देखती है। उन्होंने कहा विदेश में संवाद के दौरान मैं हमारे प्रवासी भारतीयों के बारे में अक्सर प्रशंसा



के शब्द सुनता हूं। भारत में कारोबार करना आसान हो रहा है और जीवन-यापन में सहूलियत बढ़ रही है। इसी के साथ एक व्यक्ति, राष्ट्र और समाज के रूप में भारत के बारे में पुरानी रूढ़िवादी धारणाएं धीरे-धीरे पीछे छूट रही हैं। जयशंकर ने कहा प्रगति और आधुनिकीकरण की अपनी यात्रा में बेशक हमें अभी बहुत कुछ करना है, लेकिन हमारी छवि में यह बदलाव ऐसी वास्तविकता है, जिससे इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा हमारे आंकड़े इस परिवर्तन की पुष्टि करते हैं। मंत्री ने कहा कि शायद अन्य किसी चीज से अधिक, आज भारत को उसकी प्रतिभा और कौशल से परिभाषित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इन सभी ने हमारे राष्ट्रीय ब्रांड को आकार देने में मदद की है। जयशंकर ने कहा हम भारतीय दुनिया से किस तरह संपर्क करते हैं? मैं फिर से स्पष्ट रूप से कहूंगा-पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वास और क्षमता के साथ। उन्होंने कहा लेकिन एक अंतर पर ध्यान देना जरूरी है। अधिकतर देशों ने व्यापार, निवेश या सेवाओं जैसे आर्थिक संपर्कों के माध्यम से दुनिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। जयशंकर ने कहा स्वाभाविक रूप से यही हमारा मार्ग भी रहा है और इन सभी पैमानों पर निरंतर विकास हुआ है, लेकिन जो बात हमें अलग बनाती है, वह मानव संसाधनों की प्रासंगिकता है। उन्होंने कहा अगर हम जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को प्रौद्योगिकी के साथ कदम मिलाकर चलना है और औद्योगिक कार्य-संस्कृति को आत्मसात एवं विकसित करना है, तो हमें पर्याप्त और आधुनिक विनिर्माण क्षमता विकसित करनी ही होगी। केवल तभी हम सेवा क्षेत्र में भी अपनी क्षमताओं को निखार सकते हैं। विदेश मंत्री ने कहा जैसे-जैसे आय बढ़ती है और मांग में इजाफा होता है, सामाजिक-आर्थिक आवश्यकताओं की एक व्यापक शृंखला को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा करना होगा।

## अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बढ़ायी गयी चौकसी

एजेंसी



जम्मू। जम्मू क्षेत्र में घने कोहरे का फायदा उठाकर आतंकवादियों के घुसपैठ करने की कोशिश के बारे में खुफिया जानकारी के मिलने के मद्देनजर सुरक्षाबलों ने आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, कठुआ, सांबा, जम्मू और राजौरी जिलों में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के निकट विभिन्न स्थानों पर पुलिस, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और सेना के जवान तलाशी अभियान चला रहे हैं। किश्तवाड़ के चतरू में भी यह अभियान चलाया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि खुफिया जानकारी के अनुसार, पिछले दो दिनों में कठुआ-सांबा-जम्मू सेक्टर में हीरानगर, घगवाल, रामगढ़ और अखनूर क्षेत्रों के सामने सीमा पर स्थित लॉन्च पैड पर संदिग्ध आतंकवादियों की आवाजाही देखी गई है। आतंकवादियों के घुसपैठ की संभावित कोशिश को रोकने के लिए कठुआ जिले के बोबिया सीमा चौकी, टप्पन, मरीद, पहाड़पुर, पानसर, मनियारी, तरनाह नाला, बेन नाला, किशनपुर कंडी, चक छब्बे, डोलका सम्याल और रुख-ए-सरकार इलाकों में तलाशी और घेराबंदी अभियान जारी है। इसके अलावा, सुरक्षाबलों के जवान सांबा में बाबर नाला, पलोरा, त्रयाल, मानसर और चिल्ला डांगा तथा अखनूर सेक्टर में प्रागवाल और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चला रहे हैं। अंतिम जानकारी मिलने तक सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है।

## संक्षेप

### टाटा मोटर्स का विशेष ईएमआई ऑफर्स लॉन्च

मुंबई। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवी), भारत की अग्रणी ऑटोमोबाइल निमार्ता कंपनी, ने दिसंबर महीने के लिए आकर्षक मासिक ईएमआई योजनाओं की घोषणा की है। टियागो पर ईएमआई 4,999 रुपए प्रति माह से शुरू होकर कर्व.ईवी पर 14,555 रुपए प्रति माह तक उपलब्ध है। साल के अंत से पहले अपनी पसंदीदा टाटा कार घर लाने का यह बेहतरीन अवसर है।

### ट्रूकॉलर ने लॉन्च की मुफ्त वॉइसमेल सेवा

बंगलुरु। ट्रूकॉलर ने आज भारत में एंड्रॉइड उपयोगकताओं के लिए एक मुफ्त और शक्तिशाली एआई-संचालित वॉइसमेल अनुभव लॉन्च किया, जिसमें तुरंत ट्रांसक्रिप्शन और स्वचालित स्पैम सुरक्षा शामिल है। पारंपरिक वॉइसमेल के विपरीत, संदेश सीधे डिवाइस पर स्टोर होते हैं, जिससे रिकॉर्डिंग्स पर पूर्ण नियंत्रण और गोपनीयता सुनिश्चित होती है। ट्रूकॉलर उपयोगकर्ता अपने ट्रूकॉलर ऐप में केवल कुछ सेकंड में मुफ्त में अनलिमिटेड वॉइसमेल सेट कर सकते हैं। वॉइसमेल को कॉलिंग अनुभव के केंद्र में रखकर, ट्रूकॉलर अपनी स्थिति को एक दैनिक उपयोग वाले संचार प्लेटफॉर्म के रूप में मजबूत कर रहा है और स्पैम और धोखाधड़ी के खिलाफ अपनी लड़ाई को और प्रभावशाली बना रहा है।

### एचएसबीसी इंडिया ने किया विस्तार

बंगलुरु। एचएसबीसी इंडिया ने आज अपनी नई शाखा का उद्घाटन किया। यह बैंक के देशभर में रणनीतिक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस वर्ष की शुरूआत में 20 नई शाखाएँ खोलने की अनुमति मिलने के बाद एचएसबीसी की भारत में 30वीं शाखा बन गई है।

### बीएल एग्रो कंपनी ने दिया पैरा स्पोर्ट्स को बढ़ावा

बरेली। उत्तर प्रदेश में पैरा स्पोर्ट्स को बीएल एग्रो कंपनी ने बढ़ावा दिया। इसमें बीएल एग्रो के चेयरमैन घनश्याम खंडेलवाल, यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संरक्षक और बीएल एग्रो के मैनेजिंग डायरेक्टर आशीष खंडेलवाल मौजूद थे। जिसमें 10वीं यूपी स्टेट पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप और पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025-26 का उद्घाटन आज बरेली के मेयर उमेश गौतम ने शहर के बीएल एग्रो स्टेडियम में किया।

### भारतीय साइबर एजेंसी ने व्हाट्सएप हाईजैक की आशंका जताई

नयी दिल्ली। भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-आईएन ने व्हाट्सऐप के डिवाइस-लिंकिंग फीचर में एक खामी की ओर इशारा किया है, जो हमलावरों को किसी खाते पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करने में सक्षम बनाती है, जिसमें वेब संस्करण पर वास्तविक समय के संदेशों, फोटो और वीडियो तक पहुंच शामिल है। एक परामर्श में एजेंसी ने शुक्रवार को इस मुद्दे को घोस्टपेयरिंग नाम दिया है। ऐसी खबरें आई हैं कि दुर्भावनापूर्ण तत्व बिना प्रमाणीकरण की आवश्यकता के पेयरिंग कोड का उपयोग करके खातों को हैक करने के लिए व्हाट्सऐप की डिवाइस-लिंकिंग सुविधा का फायदा उठा रहे हैं।

## एआई क्षेत्र का नेतृत्व कर सकता है भारत : अंबानी

एजेंसी

मुंबई। उद्योगपति मुकेश अंबानी ने शनिवार को कहा कि भारत को कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश बनना चाहिए, लेकिन नई प्रौद्योगिकी अपनाते समय मानवीय संवेदना और करुणा को भी उतना ही महत्व देना जरूरी है।

अंतरराष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अंबानी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी भारत की ऊर्जा समस्या के समाधान के बेहद करीब पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास भारत के लिए बड़ी उपलब्धि साबित हो सकते हैं। अंबानी ने कहा कि रिलायंस की दूरसंचार कंपनी जियो ने अपनी सेवाओं के जरिए भारत को वैश्विक डिजिटल मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा, हमें कृत्रिम मेधा की जरूरत है और भारत को इसमें विश्व में अग्रणी बनना चाहिए, लेकिन सबसे ऊपर हमें संवेदना और करुणा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बुद्धिमत्ता को मानवीय संवेदना से और समृद्धि को उद्देश्य से जोड़कर भारत दुनिया के सामने विकास का एक नया मॉडल पेश कर सकता है।

## राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से अहमदाबाद के रियल एस्टेट की संभावनाएं बढ़ीं

अहमदाबाद। अहमदाबाद के 2036 ग्रीष्म ओलंपिक की मेजबानी के लिए दावेदारी पेश करने और 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी हासिल करने के साथ रियल एस्टेट डेवलपर्स शहर में मजबूत दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाएं देख रहे हैं। रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े लोगों का मानना है कि बड़े खेल आयोजनों से शहर के बुनियादी ढांचे और निवेश माहौल को नई मजबूती मिलेगी। डेवलपर्स के अनुसार, अहमदाबाद के पास मजबूत खेल ढांचा, पर्याप्त भूमि, बेहतर सड़क संपर्क और तेजी से हो रहा शहरी विकास है। ये सभी कारक निवेशकों का भरोसा बढ़ाने के साथ शहर को देश के भविष्य के लिए तैयार शहरों की सूची में आगे ले जा रहे हैं।

## राजधानी एक्सप्रेस ने सात हाथियों को कुचला

नगांव/गुवाहाटी। असम के होजाई जिले में शुक्रवार देर रात हाथियों का एक झुंड सायरंग-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया जिससे सात हाथियों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। वन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन के पांच डिब्बे और इंजन भी पटरी से उतर गए। शुरू में सभी आठ हाथियों के मारे जाने की सूचना मिली थी, हालांकि बाद में कहा गया कि उनमें से एक घायल पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि तड़के दो बजकर 17 मिनट पर हुई इस घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने वन विभाग को विस्तृत जांच करने और वन्यजीव गलियारों को सुरक्षित करने का निर्देश दिया है,



जबकि कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने दुर्घटना के लिए वर्तमान सरकार के तहत अनियोजित और खराब तरीके से विनियमित विकास को जिम्मेदार ठहराया है।

इस दुर्घटना के बाद कई ट्रेन को रद्द कर दिया गया है, कुछ ट्रेन को विभिन्न स्थानों पर रोका गया या उनकी सेवा को यात्रा गंतव्य से पहले ही समाप्त घोषित कर दिया गया। नगांव के संभागीय वन अधिकारी सुहाश कदम ने बताया कि यह घटना चांगजुराई गांव में हुई और संभवतः क्षेत्र में भारी कोहरे के कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा मृत सातों हाथियों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है और घायल हाथी का इलाज स्थानीय पशु चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (एनएफआर) के मुख्य प्रवक्ता कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि यह दुर्घटना लामडिंग मंडल के अंतर्गत जमुनामुख-कामपुर खंड में हुई। यह क्षेत्र गुवाहाटी से करीब 126 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सायरंग-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस मिजोरम के सायरंग (आइजोल के पास) को आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली) से जोड़ती है। उन्होंने दावा किया कि दुर्घटना उस स्थान पर हुई, जो हाथियों के लिए निर्धारित गलियारा नहीं है। शर्मा ने कहा, हाथियों के झुंड को देखकर ट्रेन चालक ने आपातकालीन ब्रेक लगाए।

## पर्यावरणीय जिम्मेदारी ने बच नहीं सकता कॉरपोरेट जगत

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) को कॉरपोरेट पर्यावरणीय जिम्मेदारी से अलग नहीं किया जा सकता और कंपनियां पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र के अन्य जीवों की अनदेखी कर खुद को सामाजिक रूप से जिम्मेदार नहीं कह सकतीं। न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए. एस. चांदुरकर की पीठ ने विलुप्तप्राय प्रजाति गोडावण (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड) के संरक्षण के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए। यह प्रजाति राजस्थान और गुजरात में गैर-नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों के संचालन के कारण खतरे में है। पीठ ने कहा इसलिए सामाजिक उत्तरदायित्व



की कॉरपोरेट परिभाषा में पर्यावरणीय जिम्मेदारी शामिल होनी चाहिए। कंपनियां पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के अन्य जीवों के समान दावों की अनदेखी करते हुए स्वयं को सामाजिक रूप से जिम्मेदार नहीं कह सकतीं। अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 51ए(जी) के तहत वन, झीलें, नदियों और वन्यजीवों समेत प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा एवं संवर्धन करना तथा सभी जीवों के प्रति करुणा रखना प्रत्येक नागरिक का मूल कर्तव्य है। पीठ ने कहा सीएसआर निधि इस कर्तव्य की मूर्त अभिव्यक्ति है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण के लिए धन का आवंटन स्वैच्छिक दान नहीं, बल्कि एक संवैधानिक दायित्व की पूर्ति है। उसने कहा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के तहत संसद ने इस कर्तव्य को संस्थागत रूप दिया है, जिसके जरिए कंपनियों के लिए उनकी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत विशिष्ट वित्तीय मानक अनिवार्य किए गए हैं। न्यायालय ने कहा कि यह प्रावधान इस सिद्धांत को संहिताबद्ध करता है कि कॉरपोरेट लाभ केवल शेयरधारकों की निजी संपत्ति नहीं है, बल्कि उसका एक हिस्सा उस समाज का भी है, जो इस लाभ को संभव बनाता है।

## साइबर एजेंसी ने व्हाट्सएप हाईजैक की जतायी आशंका

नयी दिल्ली। भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-आईएन ने व्हाट्सऐप के डिवाइस-लिंकिंग फीचर में एक खामी की ओर इशारा किया है, जो हमलावरों को किसी खाते पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करने में सक्षम बनाती है, जिसमें वेब संस्करण पर वास्तविक समय के संदेशों, फोटो और वीडियो तक पहुंच शामिल है।

एक परामर्श में एजेंसी ने शुक्रवार को इस मुद्दे को घोस्टपेयरिंग नाम दिया है। ऐसी खबरें आई हैं कि दुर्भावनापूर्ण तत्व बिना प्रमाणीकरण की आवश्यकता के पेयरिंग कोड का उपयोग करके खातों को हैक करने के लिए व्हाट्सऐप की डिवाइस-लिंकिंग सुविधा का फायदा उठा रहे हैं।

## बिजली विधेयक पर सांसदों की समिति ने किया परामर्श

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिजली मंत्री मनोहर लाल ने मसौदा बिजली (संशोधन) विधेयक के प्रस्तावों पर चर्चा करने के लिए संसद सदस्यों की एक समिति के साथ बैठक की। एक सरकारी बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

बिजली मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों ने बृहस्पतिवार को यहां हुई बैठक में हिस्सा लिया। मंत्रालय ने आगे कहा कि मंत्री ने मसौदा बिजली (संशोधन) विधेयक, 2025 में विभिन्न प्रस्तावों पर सदस्यों से सलाह लेने के लिए यह बैठक बुलाई थी। यह सलाह-मशविरा बिजली इंजीनियरों के संगठन ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) के विरोध प्रदर्शनों के बीच हुआ, जिसने प्रस्तावित बिजली विधेयक के खिलाफ 23 दिसंबर को प्रदर्शन करने का कार्यक्रम तय किया है। संगठन ने उसी दिन देशव्यापी हड़ताल का भी आह्वान किया है, जिसमें केंद्रीय मजदूर संगठनों और किसानों के संगठन संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के साथ मिलकर नए श्रम कानूनों का विरोध किया जाएगा और फसलों के लिए गारंटीशुदा न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग की जाएगी। बयान में कहा गया कि बिजली मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि बिजली (संशोधन) विधेयक का मकसद भारत के बिजली क्षेत्र की विधायी नींव को मजबूत करना है। लाल ने इस बात पर जोर दिया कि विधेयक में ऐसे प्रावधान प्रस्तावित किए गए हैं ताकि लागत के अनुरूप शुल्क अनिवार्य किया जा सके।

मंत्री ने उपस्थित लोगों को साफ किया कि निजीकरण और लागत में बढ़ोतरी या कर्मचारियों पर बुरे असर के बारे में आशंकाओं का कोई आधार नहीं है। यह सुनिश्चित करने के लिए उचित नियामकीय और नीतिगत उपाय किए जाएंगे कि उपभोक्ताओं या कर्मचारियों के किसी भी वर्ग पर कोई बुरा असर न पड़े। एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने आरोप लगाया कि ये संशोधन किसानों और गरीब घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बनाए गए क्षेत्रों में सब्सिडी और क्रॉस सब्सिडी को खत्म कर देंगे, जिससे बिजली खर्च बढ़ जाएगा।

## पेज एक का शेष

### पूर्वोत्तर में कांग्रेस

उद्घाटन करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि असम और पूर्वोत्तर का विकास कभी भी कांग्रेस के एजेंडे का हिस्सा नहीं था। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कांग्रेस ने उन घुसपैठियों को संरक्षण दिया जिन्होंने जंगलों और जमीनों पर कब्जा कर लिया, जिससे असम की सुरक्षा और पहचान को खतरा पैदा हो गया, भाजपा सरकार पूर्वोत्तर में दशकों तक कांग्रेस द्वारा की गई गलतियों को सुधार रही है। मोदी ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) इसलिए शुरू किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि घुसपैठियों को चुनाव प्रक्रिया से बाहर रखा जा सके, लेकिन देशद्रोही उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा केंद्र सरकार घुसपैठ रोकने के लिए सख्त कदम उठा रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार के तहत असम में विकास उसी तरह लगातार जारी है, जैसे शक्तिशाली ब्रह्मपुत्र नदी का प्रवाह। मोदी ने कहा, असम की धरती से मेरा लगाव मुझे प्रेरित करता है, इस क्षेत्र के विकास के लिए मुझे शक्ति प्रदान करता है। असम और पूरा पूर्वोत्तर क्षेत्र भारत के विकास का द्वार बन रहा है। देश के प्रत्येक राज्य, प्रत्येक क्षेत्र की विकसित भारत के मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका है।

### स्वास्थ्य सेवाओं

समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जिनको बाहर (विदेश) जाना है जाएं, लेकिन ये कहकर न जाएं कि हमारे पास सुविधाएं नहीं हैं, आधारभूत ढांचा नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यहां संस्थान भी है, सुविधाएं भी हैं और आधारभूत ढांचा भी है, उसका उपयोग करिए। नड्डा ने केजीएमयू की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि इस देश में 20वीं शताब्दी के अंत तक सिर्फ एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) था, जब मेधावी विदेश जाते थे और उनसे यह पूछा जाता कि वे लंदन क्यों जा रहे हैं, तो वे सुविधाओं के नहीं होने की शिकायत करते थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, आज गर्व के साथ कह सकता हूं कि जहां एक एम्स था, वहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज 23 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान हैं। इसलिए हमारा विद्यार्थी अब सुविधाओं और आधारभूत ढांचे के नहीं होने की शिकायत नहीं कर सकता है। नड्डा ने दीक्षांत समारोह को स्वर्णिम अवसर करार देते हुए कहा कि इस तरह का समारोह खुशी का मौका होता है, खासतौर से विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत से जो मानवता की सेवा की है और चिकित्सा के क्षेत्र में जो स्थान बनाया है उसको प्रतिष्ठित करने का अवसर होता है। उन्होंने विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में बच्चों की परवरिश तपस्या के रूप में होती है और ऐसी सफलता मिलने पर विद्यार्थियों से ज्यादा खुशी उनके माता पिता को होती है। नड्डा ने कहा, केजीएमयू में काम करना अपने आप में सौभाग्य की बात है। आप लोगों ने अपने हुनर, मेहनत और प्रतिबद्धता के कारण वह कार्य किया है जिसे कहा जा सकता कि आपने असंभव को संभव कर दिखाया है। उन्होंने कहा मरीज को स्वस्थ बनाना कोई आसान काम नहीं है और आपके हाथों में जब कोई मरीज आता है तो वह जीवन की सुरक्षा और रक्षा की मांग लेकर आता है। स्वास्थ्य मंत्री ने उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि आज कॉर्निया, लीवर, गुर्दा प्रतिरोपण में केजीएमयू ने जो स्थान बनाया, उसके लिए बधाई। उन्होंने कहा कि केजीएमयू का गौरवमयी इतिहास रहा है और दुनिया भर में उसकी साख है। नड्डा ने जोर देकर कहा अगर मैं कहूं कि केजीएमयू ने सिर्फ देश की सेवा नहीं की है बल्कि दुनिया में मानवता की सेवा की है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। मुझे खुशी है कि महामहिम राज्यपाल की देखरेख और कुलपति के निर्देशन में विकास की दृष्टि से इसने एक लंबी छलांग लगाई है। नड्डा ने नये चिकित्सकों से मानवता की सेवा को अपना मूल लक्ष्य बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश चिकित्सा अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में निरंतर सशक्त हो रहा है तथा आयुष्मान भारत विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसके माध्यम से करोड़ों लाभार्थियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने डिजिटल विकास की दिशा में देश की प्रगति का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि उनकी शिक्षा में देश का योगदान निहित है इसलिए अब उनकी जिम्मेदारी है कि वे राष्ट्रसेवा के भाव से कार्य करें और चिकित्सा व चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में देश को और आगे ले जाएं। प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा की पूर्णता तभी है, जब वह करुणा, संवेदना और सेवा भाव से जुड़कर मानवता के कल्याण का माध्यम बने। उन्होंने कहा कि रोगी के प्रति सहानुभूति, समाज के प्रति उत्तरदायित्व और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य भाव ही एक चिकित्सक की वास्तविक पहचान है तथा चिकित्सक केवल औषधि नहीं देता, वह भरोसा व संबल देता है, जो किसी रोगी के जीवन की दिशा बदल सकता है।

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री व भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और राज्य सरकार में मंकेश्वर शरण सिंह समेत कई प्रमुख लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### राष्ट्र प्रेरणा

साहिबजादों ने अन्याय, अत्याचार के सामने झुकने से मना करते हुए धर्म परिवर्तन नहीं किया। छोटी सी आयु में भी धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के लिए बलिदान दिया। यह अडिग आस्था, वीरता और साहस की मिसाल है। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस हमें साहस, सत्य, आत्मसम्मान और देश व धर्म की रक्षा के लिए बलिदान की प्रेरणा देता है। हम चारों साहिबजादों के अमर बलिदान की प्रेरक गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 25 दिसम्बर भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर राजधानी लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल में स्थापित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी बाजपेयी की 65 फीट ऊंची प्रतिमायें एक देश, एक विधान, एक निशान के लिए किए गए संघर्ष, एकात्ममानववाद से साकार होता अन्त्योदय का स्वप्न और जय जवान, जय किसान से जय विज्ञान तक विकास व उन्नति के संकल्प का संदेश देगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण के साथ ही देशवासियों को डिजिटल म्यूजियम के माध्यम से राष्ट्र नवनिर्माण के लिए किये गए संघर्षों की गाथा को देखने और समझने का अवसर मिलेगा। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व की अपेक्षा के अनुरूप प्रदेश भाजपा संगठन सभी कार्यक्रमों, अभियानों को सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी बनाने के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि 25 दिसम्बर अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती को पार्टी बूथ स्तर पर मनाएगी। अटल जी के व्यक्तित्व को जिला स्तर पर प्रदर्शनियों के माध्यम से भी जनमानस के बीच पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर संगोष्ठियां आयोजित करके अंत्योदय के संवाहक अटल जी के ऐतिहासिक निर्णयों, नेतृत्व क्षमता और संघर्ष में अडिग अटल जी के कालजयी व्यक्तित्व पर चर्चा की जाएगी। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने किया।

### बीएसएफ

पहले चरण में नोडल फोर्स पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित 50 प्रतिशत रिक्तियों के लिए भर्ती करेगा, जबकि दूसरे चरण में कर्मचारी चयन आयोग बाकी 47 प्रतिशत रिक्तियों (जिसमें 10 प्रतिशत पूर्व सैनिक शामिल हैं) के लिए पूर्व अग्निवीरों के अलावा अन्य उम्मीदवारों की भर्ती करेगा, साथ ही पहले चरण में एक विशिष्ट श्रेणी में पूर्व अग्निवीरों की अधूरी रिक्तियों के लिए भी भर्ती की जाएगी। केंद्र सरकार ने इस साल जून में राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम 1961 में संशोधन किया था, जिसके तहत केंद्रीय गृह मंत्रालय के राज्यों के विभाग के अंतर्गत दूसरी अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा गया था, जिसमें सशस्त्र बलों में चार वर्ष पूरे करने के बाद सेवामुक्त होने वाले अग्निवीरों की आगे की प्रगति के लिए गतिविधियों का समन्वय करने का प्रावधान है।

सूत्रों ने बताया कि इस संशोधन के साथ पूर्व अग्निवीरों की आगे की प्रगति के लिए गतिविधियों के समन्वय से संबंधित कार्य केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंप दिया गया। जून 2022 में सरकार ने तीनों सेनाओं में आयु वर्ग को कम करने के उद्देश्य से अग्निपथ भर्ती योजना शुरू की।

### इमरान खान

हैं। इन दोनों तथ्यों को ध्यान में रखते हुए लचीला रुख अपनाकर अधिक सजा की तुलना में कम सजा सुनाई गई। अदालत ने कहा कि इस मामले में दोषियों को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 382-बी (सजा के समय कारावास की अवधि को ध्यान में रखना) का लाभ दिया गया है। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत में कुल 21 गवाह पेश हुए। फैसला सुनाए जाते समय खान और बुशरा अदालत में मौजूद थे। खान ने मामले में सीआरपीसी की धारा 342 के तहत दर्ज बयान में इन आरोपों को खारिज कर दिया था।

### ट्रक की टक्कर

बताया कि हादसे के समय किसी भी लड़के ने हेलमेट नहीं पहना था। अब तक कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है क्योंकि मृतकों के परिवार कानूनी कार्वाई नहीं करना चाहते हैं। पुलिस ट्रक का पता लगाने के लिए सड़क किनारे लगे कैमरों की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### आत्मविश्वास

आत्मविश्वास के साथ-साथ मानसिक तनाव को दूर कर शरीर को सुदृढ़ बनाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ शरीर और संतुलित मन ही व्यक्ति की सबसे बड़ी पूंजी है और खेल इस दिशा में सबसे सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता भविष्य में भी निरंतर आयोजित होती रहेगी और इससे कर्मचारियों-अधिकारियों में ऊर्जा, समन्वय और सौहार्द का वातावरण विकसित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और विकास, नवाचार तथा सुशासन के नए मानक स्थापित कर रहा है। हाल ही में राज्य में पहली बार राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन हुआ, जिससे प्रदेश की खेल अवसंरचना को नई मजबूती मिली है और उत्तराखंड खेल मानचित्र पर सशक्त रूप से उभरा है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को खेल भूमि के रूप में विकसित करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है, ताकि राज्य की प्रतिभाशाली युवा शक्ति को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आगे बढ़ने के अधिक अवसर मिल सकें। उत्तराखण्ड सचिवालय बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष हीरा सिंह बसेड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खेल सुविधाओं का तीव्र गति से विकास हो रहा है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, संसाधन और बेहतर मंच उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उत्तराखंड एक उभरती हुई खेल शक्ति के रूप में पहचान बना रहा है।

### डॉ. अखिलेश

अवनीश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। यूपी स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अनंत मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को डॉ. अखिलेश दास स्टेडियम में यूपी स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बीच खेला जाएगा।




# इशान के चयन का आधार घरेलू प्रदर्शन, सिर्फ आईपीएल नहीं : गावस्कर



नयी दिल्ली। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने शनिवार को आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शानदार फॉर्म में चल रहे इशान किशन के चयन का समर्थन किया जबकि पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने शुभमन गिल को बाहर करने जैसे कड़े फैसले के लिए अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति को पूरे अंक दिए। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने विकेटकीपर-बल्लेबाज किशन और रिंकू सिंह की वापसी कराई जबकि टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को टी20 प्रारूप में खराब फॉर्म के चलते बाहर कर दिया गया। फिटनेस और उपलब्धता से जुड़ी समस्याओं के कारण साल भर टीम से बाहर रहे किशन ने हालिया सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया और बेहतरीन शतक के साथ झारखंड को खिताब दिलाया। जियोस्टार विशेषज्ञ गावस्कर ने कहा जब कोई खिलाड़ी प्रदर्शन करता है तो उसे चुनना चाहिए। इशान किशन पहले भी टीम में रहे हैं और उन्होंने साबित किया है कि वह यह कर सकते हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उनकी मौजूदा फॉर्म दिखाती है कि चयन का आधार घरेलू क्रिकेट होना चाहिए, सिर्फ आईपीएल नहीं। उन्होंने कहा मैं उनके लिए बहुत खुश हूं। वह कुछ वर्षों तक टीम से बाहर थे, लेकिन अपनी राज्य की टीम झारखंड को खिताब दिलाकर उन्होंने शानदार वापसी की। गावस्कर ने गिल को बाहर किए जाने को हैरान करने वाला बताया लेकिन कहा कि शायद फॉर्म और लय की कमी उनके खिलाफ गई। उन्होंने कहा, यह हैरानी भरा फैसला है। वह एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं जिनका 2024 टी20 विश्व कप के बाद सत्र शानदार रहा। हां, उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुछ मैचों में संघर्ष करना पड़ा। लेकिन क्लास (कौशल) स्थायी होती है और फॉर्म अस्थायी। उन्होंने कहा वह लंबे ब्रेक के बाद वापसी कर रहे थे और लय में नहीं थे। टी20 क्रिकेट में शुरुआत से ही आक्रमण करना होता है, अगर लय नहीं हो तो मुश्किल हो जाती है।

# सूर्यकुमार को केवल एक अच्छी पारी की जरूरत : तिलक वर्मा



अहमदाबाद। सूर्यकुमार यादव पिछले लंबे समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं लेकिन उनके साथी खिलाड़ी तिलक वर्मा ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि भारत के टी20 कप्तान को अपनी उस खोई हुई लय को फिर से हासिल करने के लिए केवल एक पारी की जरूरत है, जिससे वह कभी गेंदबाजों पर हमलावर की तरह हावी होते थे। तिलक ने जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती को टीम का भरोसेमंद गेंदबाज बताया, जिन्होंने शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत की 30 रन की और श्रृंखला में 3-1 से जीत में अहम भूमिका निभाई। तिलक ने मैच के बाद सूर्यकुमार को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब में पत्रकारों से कहा, मैं उनसे बस यही कह रहा था कि कुछ गेंदों को सहजता से खेलें। बस थोड़ा इंतजार करें। आपको क्रीज पर थोड़ा समय बिताना होगा। उन्होंने कहा, अगर उन्हें वह आत्मविश्वास हासिल हो जाता है तो हम सभी जानते हैं कि वह कितने खतरनाक साबित हो सकते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि इस समय अगर वह कुछ गेंदों का सामना करते हैं, तो मैं उन्हें यह नहीं कहूंगा कि वह फील्डर के ऊपर से शॉट लगाने की कोशिश करें। भारतीय पारी में 73 रन बनाने वाले तिलक ने कहा, लेकिन मैं उनसे यही कह रहा था कि वह खाली स्थानों पर खेलने की कोशिश करें। अगर आप ऐसा करने में सक्षम हो जाते हैं तो आपका आत्मविश्वास बढ़ता है और आपको मैदान का अच्छा अंदाजा लग जाता है। उसके बाद आप अपने शॉट खेल सकते हो। उन्हें बस एक अच्छी पारी की जरूरत है और फिर हम सभी को पता चल जाएगा कि वह कितने खतरनाक हो सकते हैं। भारत के लिए सूर्यकुमार का प्रदर्शन भले ही कुछ खास न रहा हो, लेकिन आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए उन्होंने लगातार 16 पारियों में कम से कम 25 रन बनाए। भारत की तरफ से खेलते हुए 2025 में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। उन्होंने 19 पारियों में 13.62 की औसत से सिर्फ 218 रन बनाए हैं और एक भी अर्धशतक नहीं लगाया है।

## संक्षेप

### बीएआई पैरा बैडमिंटन के लिए कोच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

रायपुर। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने यहां 16 से 20 दिसंबर तक पैरा बैडमिंटन (ग्रासरूट) के लिए अपना पहला कोच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया, जो देश में इस खेल के कोचिंग ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में पैरा बैडमिंटन में खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से भारत भर के प्रशिक्षकों को एक साथ प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यक्रम द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता गौरव खन्ना के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जो भारतीय पैरा बैडमिंटन टीम के राष्ट्रीय मुख्य कोच हैं। प्रतिभागियों को दिव्यांग जागरूकता, पैरा खेल प्रशासन, वर्गीकरण प्रणाली, सहायक उपकरण, कोचिंग पद्धति, चिकित्सा सहायता आदि के लिए प्रशिक्षण दिया गया। भारत पैरा बैडमिंटन में निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने 2024 बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में 18 पदक जीते थे। उन्होंने पेरिस पैरालंपिक 2024 में भी पांच पदक हासिल किए थे।

### एचआईएल : कलिंगा लांसर्स ने संजय और वैन डोरेन को सह-कप्तान नियुक्त किया

भुवनेश्वर। वेदांता कलिंगा लांसर्स ने हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2026 से पहले भारतीय ड्रैग फ्लिकर संजय और बेल्जियम के दिग्गज खिलाड़ी आर्थर वैन डोरेन को शनिवार को अपनी टीम का सह-कप्तान नियुक्त किया। एचआईएल का आयोजन तीन से 26 जनवरी तक चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में किया जाएगा। संजय ने नवंबर में 31वें सुल्तान अजलन शाह कप में राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करते हुए उसे उपविजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी, जबकि वैन डोरेन ने बेल्जियम को खिताब दिलाया था। हरियाणा के रहने वाले संजय ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2018 के युवा ओलंपिक खेलों और 2021 के जूनियर विश्व कप में भाग लिया, जहां वह टीम के सर्वोच्च गोल स्कोरर रहे। उन्होंने 2022-23 एफआईएच हॉकी प्रो लीग के दौरान सीनियर टीम में पदार्पण किया और तब से वह भारतीय टीम के नियमित सदस्य हैं। अर्जुन पुरस्कार विजेता यह खिलाड़ी अब तक 78 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुका है। वैन डोरेन को वर्तमान समय में सबसे कुशल डिफेंडर माना जाता है। उनके रहते हुए बेल्जियम ने तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और 2023 में विश्व कप जीता था।

### बंगाल के आक्रमण की अगुवाई करेंगे मोहम्मद शमी

कोलकाता। भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय प्रतियोगिता के लिए बंगाल की टीम में शामिल किया गया है। शमी लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं लेकिन उन्होंने चोट से उबरने के बाद बंगाल की तरफ से घरेलू क्रिकेट में शानदार वापसी की। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में वर्तमान सत्र में अभी तक सभी प्रारूप में 36 विकेट लिए हैं। भारतीय घरेलू सत्र की शुरुआत रणजी ट्रॉफी से हुई जिसमें शमी ने चार मैच में 18.60 के औसत से 20 विकेट लिए। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और सात मैचों में 14.93 के औसत से 16 विकेट हासिल किए। विजय हजारे ट्रॉफी में शमी बंगाल के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे।

# हॉज का शतक, वेस्टइंडीज ने फॉलोऑन बचाया

## वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में छह विकेट पर 381 रन बनाये

एजेंसी



माउंट माउंगानुई (न्यूजीलैंड)। कैवेम हॉज ने सूत्रधार की भूमिका अच्छी तरह से निभाते हुए अपना दूसरा टेस्ट शतक बनाया जिससे वेस्टइंडीज की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां फॉलोऑन बचाने में सफल रही। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय हॉज 109 रन पर खेल रहे थे।

उनके साथ दूसरे छोर पर एंडरसन फिलिप 12 रन बनाकर खेल रहे हैं। वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में छह विकेट पर 381 रन बनाए हैं और वह न्यूजीलैंड से अभी 194 रन पीछे है। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। वेस्टइंडीज का फॉलोऑन बचाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पहले टेस्ट मैच में शतक बनाने वाले शाई होप वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी करने के लिए नहीं उतर पाए। वह अज्ञात बीमारी के कारण मैदान से बाहर हैं। इन दोनों टीम के बीच पहला टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था जबकि न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट में नौ विकेट से जीत हासिल करके तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना रखी है। हॉज ने जुलाई 2024 में ट्रेंटब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ 120 रन बनाए थे, लेकिन उसके बाद वह शनिवार को बे ओवल में खेली गई पारी तक 16 पारियों में केवल एक बार 50 रन का आंकड़ा पार कर पाए थे। उन्होंने साढ़े तीन घंटे बल्लेबाजी की और माइकल रे की गेंद को पुल करके 224 गेंदों में शतक पूरा किया। उन्होंने अब तक अपनी पारी में 14 चौके लगाए हैं। वेस्टइंडीज ने सुबह अपनी पारी बिना किसी नुकसान के 110 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसने दूसरे ओवर में ही जॉन कैंपबेल (45) का विकेट गंवा दिया। उस समय वेस्टइंडीज अपने स्कोर में केवल एक रन जोड़ पाया था। जैकब डफी (79 रन देकर दो विकेट) ने उन्हें कैच आउट कराने के बाद दूसरे सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग (63) को बोल्ड किया।

## नाथन ने तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को जीत के करीब पहुंचाया

एडिलेड। इंग्लैंड की एशेज में बने रहने की बेताब कोशिश को शनिवार को उस समय करारा झटका लगा जब नाथन लियोन ने एक के बाद एक तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जीत और श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने के करीब पहुंचा दिया। इंग्लैंड की टीम जब 435 रन के रिकार्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए एशेज में अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने की कोशिश कर रही थी तब लियोन ने उप कप्तान हैरी ब्रूक (30) को बोल्ड, कप्तान बेन स्टोक्स (05) को बोल्ड और सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली (85) को स्टंप आउट करके इंग्लैंड के खेमे में खलबली मचा दी। इंग्लैंड ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 207 रन बनाए हैं और वह अभी लक्ष्य से 228 रन पीछे है। पहली पारी में 371 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 349 रन बनाए। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 286 रन बनाए थे। क्रॉली और ब्रूक ने 68 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 109 रन से 177 रन तक पहुंचाया।

ऐसे में लियोन ने गेंद संभाली और अपनी दूसरी ही गेंद पर सफलता हासिल की। उन्होंने इस बीच केवल आठ रन देकर तीन विकेट लिए जिससे इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 194 रन हो गया। आउट होने वाले बल्लेबाजों में स्टोक्स भी शामिल थे। वह टर्न लेती हुई गेंद को समझने में नाकाम रहे जो उनके ऑफ स्टंप से जा लगी। पहले दोनों टेस्ट मैच जीतने वाले ऑस्ट्रेलिया को पांच मैच की श्रृंखला अपने नाम करने के लिए अब केवल चार विकेट की जरूरत है जबकि अभी दो टेस्ट मैच खेले जाने बाकी हैं। इंग्लैंड की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर दो विकेट पर 31 रन था।

## 2026 एटीपी टूर में अंतिम वर्ष होगा : स्टेन वावरिंका

लुसाने। स्विट्जरलैंड के खिलाड़ी और तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टेन वावरिंका ने कहा है कि 2026 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल होगा। वावरिंका 2002 में पेशेवर खिलाड़ी बने थे और उन्होंने 16 टूर एकल खिताब जीते हैं। उन्होंने 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन (राफेल नडाल), 2015 में फ्रेंच ओपन (नोवाक जोकोविच) और 2016 में अमेरिकी ओपन (जोकोविच) के फाइनल में उस समय के नंबर एक रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को हराया था। वावरिंका ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर लिखा, आखिरी प्रयास। हर पुस्तक का अंत जरूरी होता है। अब पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के रूप में मेरे करियर का अंतिम अध्याय लिखने का समय आ गया है। 2026 टूर पर मेरा आखिरी साल होगा।

## दुबई कैपिटल्स ने शारजाह वॉरियर्स को 63 रन से हराया



दुबई। दुबई कैपिटल्स ने दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में शारजाह वॉरियर्स को 63 रन से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के इतिहास में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहली बार जीत दर्ज की। सिद्दीकुल्लाह अटल (44 गेंदों में 66 रन) के अर्धशतक और मोहम्मद नबी (19 गेंदों में 38 रन नाबाद) की तूफानी पारी की मदद से कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 180 रन बनाए। वॉरियर्स की टीम इसके जवाब में 17 ओवर में 117 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी तरफ से जेम्स रेव ने सर्वाधिक 47 रन बनाए। नबी ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 23 रन देकर तीन विकेट लिए। वकार सलामखेल ने 22 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि मुस्तफिजुर रहमान और हैदर अली ने दो-दो विकेट हासिल किए।

## शौर्य भट्टाचार्य एशियाई टूर क्यू-स्कूल में शीर्ष पर

हुआ हिन (थाईलैंड)। भारतीय गोल्फर शौर्य भट्टाचार्य ने शनिवार को यहां एशियाई टूर के क्वालीफाइंग स्कूल में पांच अंडर पार 66 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। उनका कुल स्कोर अब 16-अंडर हो गया है और उन्होंने एक शॉट की बढ़त हासिल कर ली है। वह अब अगले साल के सत्र के लिए दांव पर लगे 35 स्थान में से एक स्थान हासिल करने के लिए आदर्श स्थिति में हैं। जापान के टोमोहिरो इशिजाका (66) दूसरे जबकि मैक्सिको के रॉबर्टो लेब्रिजा उनसे एक शॉट पीछे तीसरे स्थान पर हैं।

## गिल अभी रन नही बना पा रहे हैं लेकिन वह बेहतरीन खिलाड़ी हैं : अगरकर

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने शनिवार को कहा कि हालिया मैचों में शुभमन गिल के रन नहीं बना पाने और संयोजन की मजबूरियों के कारण उन्हें टी20 विश्व कप की टीम में शामिल नहीं किया गया। भारतीय टी20 टीम के हाल में उपकप्तान नियुक्त किए गए गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर सके। उन्होंने इस श्रृंखला में चार, शून्य और 28 रन बनाए जबकि चोट के कारण पांचवां मैच नहीं खेल पाए। अगरकर ने टीम की घोषणा के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमें पता है कि वह कितने शानदार खिलाड़ी हैं, लेकिन इस समय शायद उनके बल्ले से उतने रन नहीं निकल पा रहे हैं। उन्होंने कहा वह बदकिस्मती से पिछले विश्व कप से भी बाहर रह गए थे क्योंकि हमने अलग संयोजन के साथ खेलने का फैसला किया था। टीम चयन में संयोजन का ध्यान रखना होता है। हम ऐसे विकेटकीपर चाहते थे जो शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी कर सके। अगरकर ने कहा जब आप 15 खिलाड़ियों की टीम चुनते हैं तो किसी न किसी को बाहर रहना पड़ता है और इस बार दुर्भाग्य से गिल को बाहर होना पड़ा।

## शरीफ के अर्धशतक, जीशान की गेंदबाजी से केएसीसी की जीत

लखनऊ। मो .शरीफ (63) के नाबाद अर्धशतक के बाद मैन ऑफ द मैच जीशान अजहर (तीन विकेट) की उपयोगी गेंदबाजी से केएसीसी ने चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में लाइव टीवी एक्सप्रेस को 119 रन के बड़े अंतर से शिकस्त दी। आरडीएसओ स्टेडियम पर केएसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते

**चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट**

हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 179 रन का स्कोर बनाया। निचले क्रम पर मो.शरीफ ने 28 गेंदों पर 12 चौके व एक छक्के से नाबाद 63 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इससे पहले सैफुल (36) व रिजवान अली (30) ने भी उम्दा बल्लेबाजी की। लाइव टीवी एक्सप्रेस से जावेद खान को दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में लाइव टीवी एक्सप्रेस 15.4 ओवर में 7 विकेट पर 60 रन ही बना सका।

## भारतीय निशानेबाजों में सुरुचि और सम्राट ने बिखेरी चमक

एजेंसी



नयी दिल्ली। सुरुचि सिंह, सम्राट राणा और सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने वर्ष 2025 में भारतीय निशानेबाजी में अपनी विशेष छाप छोड़ी। इस वर्ष भारतीय निशानेबाजों ने प्रत्येक रंग का पदक हासिल किया और यह साल कई युवाओं के उभरने का गवाह बना। पिछले कुछ वर्षों में निशानेबाजी का खेल भारत के लिए सबसे अधिक पदक हासिल करने वाले खेलों में से एक के रूप में उभरा है।

यह खेल अब छोटे शहरों में लोकप्रिय होता जा रहा है जिससे भारत को कई शानदार प्रतिभाएं मिली हैं। भारतीय निशानेबाजों के अच्छे प्रदर्शन की शुरुआत ब्यूनस आयर्स में हुई, जहां भारत ने चार स्वर्ण, दो रजत और इतने ही कांस्य पदक जीते। सुरुचि ने इस सत्र में विश्व कप में शीर्ष स्थान हासिल करके अपनी असाधारण प्रतिभा की झलक दिखाई। झज्जर की इस युवा निशानेबाज ने विश्व कप में चार स्वर्ण पदक जीते थे और दोहा में सत्र की अंतिम प्रतियोगिता विश्व कप फाइनल्स में भी शीर्ष स्थान हासिल किया था। करनाल के रहने वाले 20 वर्षीय सम्राट राणा ने पुरुषों की एयर पिस्टल स्पर्धा में कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को हराकर काहिरा में विश्व चैंपियन का खिताब जीता और इस तरह से यह उपलब्धि हासिल करने वाले देश के पहले खिलाड़ी बने।

## अवध हास्पिटल, पीआर लीगल जीएसटी, जेबी ग्रुप व कोकाकोला लखनऊ यूनाईटेड सेमीफाइनल में

लखनऊ। अवध हास्पिटल रनर फॉर विक्ट्री, पीआर लीगल जीएसटी (गोरखपुर), जेबी ग्रुप और कोकाकोला लखनऊ यूनाईटेड ने सिंधी प्रीमियर लीग (एसपीएल) नेशनल लेवल 2025 में शनिवार को क्वार्टर फाइनल में प्रभावी प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया यूथ विंग उत्तर प्रदेश चैप्टर की लखनऊ इकाई एवं समस्त सिंधी पूज्य पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित लीग के मैच आशियाना स्थित मल्टी एक्टिविटी सेंटर मैदान पर खेले जा रहे हैं। पहले क्वार्टर फाइनल में अवध हास्पिटल रनर फॉर विक्ट्री ने हिल्टन गार्डन 9 स्ट्राइकर्स को 57 रन से हराया। अवध हास्पिटल रनर फॉर विक्ट्री ने करन आडवाणी (37), दीपेश वासवानी (23) व हर्ष खेत्रपाल (नाबाद 20) की पारियों से निर्धारित आठ ओवर में 4 विकेट पर 104 रन बनाए।

## अंडर-19 : भारत व पाक आज आमने-सामने

एजेंसी



दुबई। भारतीय टीम रविवार को आईसीसी अकादमी में होने वाले अंडर-19 एशिया कप फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए रिकॉर्ड 12वां खिताब अपनी झोली में डालना चाहेगी। आयुष म्हात्रे की अगुवाई वाली भारतीय टीम ग्रुप ए के सभी मैच जीतकर पाकिस्तान से आगे शीर्ष पर रही। पाकिस्तान को ग्रुप चरण में एकमात्र हार भारत के खिलाफ मिली थी जिसमें उसे पिछले रविवार को 90 रन से हार मिली।

भारत ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में भी यही लय बरकरार रखी और श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। दूसरी ओर पाकिस्तान ने गत चैंपियन बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल तक भारत का सफर हरफनमौला प्रदर्शन पर आधारित रहा है जिसमें बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने मिलकर एक मजबूत इकाई बनाई। बल्लेबाजी में भारत का प्रदर्शन शानदार रहा है और टीम ने दो बार 400 से ज्यादा का स्कोर बनाया है। इस 50 ओवर के टूर्नामेंट में युवा प्रतिभाओं का उदय हुआ है जिसमें 17 साल के विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू शामिल हैं। युवा प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी ने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ पहले मैच में 95 गेंद में 171 रन बनाकर भारत को छह विकेट पर 433 रन के स्कोर तक पहुंचाया तो कुंडू ने मलेशिया के खिलाफ रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 125 गेंद में नाबाद 209 रन बनाए और युवा वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय बन गए।

## अब्बास रिजवी का आलराउंड खेल टाइम्स ऑफ इंडिया चैंपियन

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच अब्बास रिजवी (71 रन, 2 विकेट) के शानदार आलराउंड खेल से पिछले संस्करण की उपविजेता टाइम्स ऑफ इंडिया ने एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग (एलएमपीएल) 2025 की विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान व कैवेल्य कम्युनिकेशंस के सह तत्वावधान में आयोजित लीग का फाइनल दूसरी बार केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर दूधिया रोशनी में खेला गया। मुकाबले में टाइम्स ऑफ इंडिया ने डीडी-एआईआर एकादश को 37 रन से हराया। टाइम्स ऑफ इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 167 रन का मजबूत स्कोर बनाया। सलामी बल्लेबाज राजीव श्रीवास्तव (19) व अब्बास रिजवी (नाबाद 71 रन, 59 गेंद, आठ चौके) ने टीम को तेज शुरूआत दी। राजीव श्रीवास्तव के बाद देवेश पाण्डेय (52 रन, 37 गेंद) ने अर्धशतकीय पारी खेली।

# बेहतर फॉर्म रहा खिलाड़ियों के चयन का आधार

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों की फॉर्म और बहुमुखी प्रतिभा के आधार पर टीम का चयन किया है। पीटीआई उन खिलाड़ियों के प्रोफाइल पर एक नजर डाल रहा है जिन्हें अगले साल सात फरवरी से शुरू होने वाले इस वैश्विक टूर्नामेंट में भारत के अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। क्रिकेट के छोटे प्रारूप में खेलने वाले बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक भारतीय कप्तान अभी अपने करियर की सबसे खराब फॉर्म में हैं। पिछले 14 महीनों में सूर्यकुमार ने एक भी अर्धशतक नहीं जड़ा है और उनका स्ट्राइक रेट 125 से नीचे गिर गया है। टी20 विश्व कप में

**टी-20 विश्व कप टीम पर एक नजर**

भारतीय टीम को अपने कप्तान से उम्मीद होगी कि वह अच्छा प्रदर्शन करें। जहां तक उनकी कप्तानी की बात है तो मुकाबलों में जीत दिलाने का उनका प्रतिशत 83 उनके नेतृत्व का सबूत है। लेकिन हर कप्तान उदाहरण पेश करके नेतृत्व करना चाहता है और सूर्यकुमार भी टी20 विश्व कप में ऐसा ही करना चाहेंगे। वह खिलाड़ी जिसने नयी पीढ़ी के लिए टी20 बल्लेबाजी के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया है। अभिषेक की शुरुआत भारत के पावरप्ले में नियंत्रण में अहम होगी। अपने करियर के बेहतरीन दौर में दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज ने लगभग 200 के स्ट्राइक रेट के साथ दुनिया भर के सलामी बल्लेबाजों के लिए एक अलग ही मानक तय किया है। अभिषेक शर्मा के बाद तिलक टी20 विश्व कप में सबसे अहम शीर्ष क्रम बल्लेबाज हैं। टी20 एक तेज-तर्रार प्रारूप है लेकिन तिलक की बल्लेबाजी तकनीक और तनाव भरी परिस्थितियों में शांत रहने की स्वाभाविक क्षमता एक बेहतरीन मिश्रण है। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल और हारिस रउफ़ की गेंद पर उस आखिरी ओवर के छक्के को याद करें। वह टीम की जरूरत के हिसाब से तीसरे या चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं और शायद टी20 टीम0 में सबसे अच्छे आउटफील्डर हैं। अगर पिछले नौ साल में भारतीय क्रिकेट में संतुलन का कोई पर्यायवाची होता तो वह पंड्या ही होते। जब भी वह टी20 या वनडे से बाहर रहे हैं, भारत को एक आदर्श संयोजन बनाने में मुश्किल हुई है। कपिल देव से तुलना थोड़ी अनुचित हो सकती है, खासकर उनके खेल को देखते हुए। लेकिन छोटे प्रारूप में उनके क्लीन और जबरदस्त हिट कपिल की याद दिलाते हैं। उनकी तेज गेंदबाजी टीम को एक अतिरिक्त बल्लेबाज या गेंदबाज खिलाने का मौका देती है। भारत की सपाट पिचों पर या थोड़ी मुश्किल पिचों पर दुबे इस भारतीय टीम के लिए काफी अहम हैं। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें आप नौ से 16 ओवर के बीच चाहेंगे जब मुख्य रूप से स्पिनर गेंदबाजर कर रहे हों क्योंकि वह उपमहाद्वीप की पिचों पर धीमी गति के गेंदबाजों की धुनाई कर सकते हैं। लेग स्पिनरों के खिलाफ खेलने में उनकी महारत ऐसी है कि जब वह क्रीज पर होते हैं तो एडम जम्पा, अबरार अहमद या वानिंदु हसरंगा को उनके कप्तान गेंदबाजी से दूर रखने की कोशिश करते हैं। उनकी गेंदबाजी में जबरदस्त सुधार हुआ है और धीमी पिचों पर वह आसानी से दो ओवर डाल सकते हैं। भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज अब शुभमन गिल के टीम से बाहर होने के बाद आखिरकार राहत की सांस ले सकते हैं क्योंकि इससे बल्लेबाजी क्रम में एक जगह खाली हो गई है। केरल का यह स्टार 2024 में 12 पारियों में 436 रन बनाकर भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी था। गिल के सलामी बल्लेबाज के तौर पर वापसी के बाद वह बल्लेबाजी क्रम में नीचे चला गया।

# बंगाल में महाजंगलराज होगा खत्म

## भाजपा के विरोध में जनता को कष्ट दे रही सरकार : प्रधानमंत्री

एजेंसी

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और राज्य की मौजूदा स्थिति को महाजंगलराज करार देते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल का भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण राज्य का विकास बाधित कर रहा है। कोलकाता से फोन के जरिये नदिया जिले के ताहिरपुर में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने लोगों से अपील की कि 2026 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को एक मौका देकर डबल इंजन की सरकार बनाएं। भाजपा के नेता केंद्र और राज्यों दोनों में पार्टी की सरकार को डबल इंजन सरकार कहते हैं।



रैली स्थल पर घने कोहरे के कारण प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर वहां बने अस्थायी हेलीपैड पर नहीं उतर सका, जिसके बाद उन्हें कोलकाता हवाई अड्डे वापस लौटना पड़ा। बाद में उन्होंने वहीं से डिजिटल ऑडियो माध्यम से लोगों को संबोधित किया। मोदी ने परिवर्तन संकल्प सभा में कहा, तृणमूल कांग्रेस मेरा और भाजपा को जितना चाहे उतना विरोध करे, लेकिन मैं यह नहीं समझ पा रहा हूं कि सत्तारूढ़ पार्टी क्यों लोगों को बंधक बनाकर रख रही है, उन्हें परेशान कर रही है और बंगाल की प्रगति को रोक रही है। परिवर्तन संकल्प सभा इस वर्ष बंगाल में ऐसी चौथी सभा है। मोदी ने दावा किया, हम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का महा जंगलराज खत्म कर देंगे, जहां भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति हावी है। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में कटमनी और कमीशन की प्रथा का बोलबाला होने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में विकास थम गया है, जबकि क्षेत्र के लिए अच्छी नीयत, योजनाओं और धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि प्रतिकूल राज्य सरकार के कारण हजारों करोड़ रुपये की कल्याणकारी योजनाएं रुकी हुई हैं। मोदी ने अगले साल के विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी का चुनावी बिगुल बजाते हुए कहा, मैं बंगाल के विकास के लिए अपनी पूरी ताकत लगाना चाहता हूं। भाजपा को एक मौका देकर डबल इंजन सरकार बनाएं। उन्होंने हाल ही में संपन्न बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रचंड जीत का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार के चुनावी परिणाम पड़ोसी बंगाल में पार्टी के भाग्र पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, बिहार के चुनाव परिणामों ने बंगाल में भाजपा की जीत के दरवाजे खोल दिए हैं क्योंकि सभी जानते हैं कि गंगा बिहार से बंगाल की ओर बहती है। प्रधानमंत्री ने कहा, बंगाल की जमीनी हकीकत यह है कि लोग तृणमूल कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति चाहते हैं। उन्होंने कहा, राज्य की गली-गली में बांचते चाई, बीजेपी ताई (जीने के लिए भाजपा चाहिए) का नारा गूंज रहा है। प्रधानमंत्री ने नदिया जिले के रणाघाट क्षेत्र में रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण एक स्थान पर जनसभा को संबोधित किया, जहां मतुआ समुदाय का प्रभाव है। मतुआ समुदाय के लोग बांग्लादेश से आए नामसुद्र हिंदू प्रवासी हैं और हाल ही में एसआईआर मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद समुदाय के मताधिकार से वंचित होने का खतरा बढ़ गया है।

# अदालतें व्यावसायिक गतिविधियों से पीड़ित जानवरों के पक्ष में रहेंगी : उच्चतम न्यायालय

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालतें हमेशा जानवरों के पक्ष में रहेंगी, क्योंकि जब मनुष्य और व्यावसायिक गतिविधियां उनके प्रवास मार्गों को अवरुद्ध करती हैं, तो वे चुपचाप पीड़ा झेलते हैं।



प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल मनुभाई पंचोली की पीठ ने नीलगिरी के होटल और रिजॉर्ट मालिकों की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित कर दी और कहा कि इस मुद्दे पर विस्तृत विचार-विमर्श की आवश्यकता है। पीठ ने कहा, आप सभी वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए यहां हैं और आपके निर्माण हाथियों के गलियारे में आते हैं। ये निर्माण हाथियों की आवाजाही में बाधा डालते हैं लाभ उन जानवरों को मिलना चाहिए, जो इन व्यावसायिक गतिविधियों का खामियाजा भुगतते हैं। नीलगिरी के सिगुर पठार में तमिलनाडु सरकार की ओर से हाथियों के गलियारों की अधिसूचना जारी करने के बाद, वन क्षेत्रों में स्थित होटल और रिजॉर्ट संचालकों को यह क्षेत्र खाली करने के लिए कहा गया है, जिससे उनमें रोष है। मद्रास उच्च न्यायालय ने 12 सितंबर को शीर्ष अदालत की ओर से नियुक्त समिति की सिफारिश को मंजूरी दे दी थी, जिसमें कहा गया था कि सिगुर पठार के हाथियों के गलियारों में निजी पक्षों द्वारा खरीदी गई जमीन अवैध है और इन निर्माणों को हटाया जाना चाहिए।

इससे पहले, उच्चतम न्यायालय को सूचित किया गया था कि सिगुर में हाथियों के गलियारे के भीतर 39 रिजॉर्ट और 390 मकान सहित 800 से अधिक निर्माण हैं। विभिन्न पक्षों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद और शोएब आलम ने कहा कि इन होटल और रिजॉर्ट मालिकों ने हाथियों के गलियारों की अधिसूचना जारी होने से बहुत पहले ही संपत्तियां खरीद ली थीं और उन्हें अपने पर्यावरण-अनुकूल व्यवसाय को इस शर्त पर जारी रखने की अनुमति दी जानी चाहिए कि वे अपने व्यवसाय का विस्तार नहीं करेंगे। आलम ने बताया कि कुछ मामले जनवरी में सुनवाई के लिए आ रहे हैं।

## संक्षेप

### ताइवान में साजिश के तहत हमला, 3 की मौत

ताइपे। ताइवान की राजधानी ताइपे में चाकू और स्मोक ग्रेनेड से हमला कर तीन लोगों की हत्या करने वाले और 11 अन्य को घायल करने वाले संदिग्ध ने इस घटना को अंजाम देने के लिए साजिश रची थी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, हमलावर ने उसी दिन पहले दो अन्य स्थानों पर आग भी लगाई थी। उन्होंने बताया कि संदिग्ध की पहचान 27 वर्षीय चांग वेन के रूप में हुई है, जिसकी शुक्रवार को हमले के बाद ताइपे में एक डिपार्टमेंटल स्टोर की इमारत से गिरकर मौत हो गई। ताइवान में हिंसक अपराध की घटनाएं दुर्लभ हैं, इसलिए इस हमले ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। इसके बाद अधिकारियों ने भीड़भाड़ वाले स्थानों और बड़े आयोजनों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। इसमें नए साल की पूर्व संध्या का जश्न भी शामिल है, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पर्यटक जुटते हैं। नेशनल पुलिस एजेंसी के महानिदेशक चांग जुंग-ह्सिन ने बताया कि संदिग्ध ने स्थानीय समयानुसार अपराह्न 3:40 बजे सिलसिलेवार हमले शुरू किए। उसने पहले सड़कों पर आग लगाई जिससे कारों और मोटरबाइकों को नुकसान पहुंचा।

# आधुनिकता और आध्यात्मिकता का संगम भारतीय संस्कृति की प्रमुख शक्ति है : मुर्मू

एजेंसी

हैदराबाद। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि देश की आध्यात्मिक विरासत विश्व की मनोवैज्ञानिक, नैतिक और पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान प्रदान करती है।

हैदराबाद में ब्रह्मा कुमारिज शांति सरोवर द्वारा अपनी 21वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित भारत का शाश्वत ज्ञानः शांति और प्रगति के मार्ग विषय पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिकता और आध्यात्मिकता का मिश्रण भारत की संस्कृति की एक प्रमुख शक्ति है।

उन्होंने कहा, वसुधैव कुटुंबकम की भावना (संपूर्ण विश्व को एक परिवार के रूप में मानने का दर्शन) आज विश्व शांति के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता है। मुर्मू राष्ट्रपति के आधिकारिक आवासों में से एक राष्ट्रपति निलयम में अपने शीतकालीन प्रवास के लिए यहां पहुंचीं हैं।

# एपस्टीन फाइलों में मालिश तकनीकों और भारत के आयुर्वेद का जिक्र

एजेंसी

न्यूयॉर्क। अमेरिका में जारी की गईं एपस्टीन से जुड़ी फाइलों में मालिश तकनीकों और भारत के आयुर्वेद के संदर्भ मिले हैं। अमेरिकी न्याय विभाग ने शुक्रवार को दोषी ठहराए गए यौन अपराधी, दिवंगत जेफरी एपस्टीन से संबंधित हजारों फाइलें जारी कर दीं।



इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए थे जिसमें 30 दिन के भीतर संबंधित फाइल जारी करने का आदेश दिया गया था। यह मुद्दा राजनीतिक रूप से संवेदनशील है, और डेमोक्रेट पार्टी के नेताओं द्वारा एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है जिसमें दुनिया के कुछ सबसे प्रभावशाली लोगों से अपने संबंधों के लिए जाने जाने वाले धनी फाइनेंसर से संबंधित फाइलों को जारी करने की मांग की जा रही है। ट्रंप और एपस्टीन के बीच अनबन होने से पहले उनके बीच कई वर्षों तक मित्रता रही थी, और यह संबंध एक बड़े राजनीतिक विवाद का विषय रहा है।

न्याय विभाग द्वारा जारी की गईं एपस्टीन फाइलों में से एक में विषहरण के लिए मालिश और आयुर्वेद के उपयोग का उल्लेख है। इसमें कहा गया है पश्चिम में कई चिकित्सक अब भारत की इस 5,000 साल पुरानी प्राकृतिक उपचार प्रणाली पर आधारित मालिश और अन्य उपचार प्रदान कर रहे हैं।

# उचित समय पर निर्णय लेगा आलाकमान : शिवकुमार

एजेंसी



बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से जुड़ा नेतृत्व का मुद्दा फिर से सामने आने के बाद, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने दोनों नेताओं को बता दिया है कि इस मामले पर चर्चा करने के लिए उन्हें दिल्ली कब बुलाया जाएगा। शिवकुमार ने कहा कि बुलाए जाने पर वे दोनों दिल्ली जाकर आलाकमान से मिलेंगे।

हाल में समाप्त हुए विधानमंडल सत्र के बाद पार्टी आलाकमान से मिलने के लिए शिवकुमार और सिद्धरमैया की संभावित यात्रा के बारे में पूछे जाने पर उपमुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा, मैं आपको सूचित करूंगा, बिना बताए कुछ नहीं करूंगा। मैं आपसे छिपूंगा नहीं। जब शिवकुमार से पूछा गया कि क्या उन्हें और मुख्यमंत्री को दिल्ली बुलाया गया है, तो उपमुख्यमंत्री ने कहा, ˆउन्होंने हम दोनों से कुछ कहा है, उन्होंने फोन पर बताया है कि वे हमें कब बुलाएंगे। हम दोनों जाएंगे। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार ने कहा, उन्होंने (आलाकमान ने) कहा है कि वे उचित समय पर हम दोनों को बुलाएंगे, हम कॉल का इंतजार करेंगे। शिवकुमार के इस बयान से एक दिन पहले सिद्धरमैया ने विधानसभा में कहा था कि वह अपने पद पर बने रहेंगे। कांग्रेस नीत सरकार के पांच साल के कार्यकाल का आधा सफर तय करने के साथ राज्य में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों के बीच सत्तारूढ़ पार्टी के भीतर खींचतान तेज हो गई है। 2023 में सिद्धरमैया और शिवकुमार के बीच हुए सत्ता-साझाकरणै समझौते ने इन अटकलों को और हवा दी। इस बीच, कुछ नगा साधुओं ने उपमुख्यमंत्री के आवास पर जाकर उन्हें आशीर्वाद दिया। जल संसाधन मंत्री शिवकुमार ने बताया कि वह मंगलवार को विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से मिलने के लिए दिल्ली जा रहे हैं। उन्होंने कहा केंद्र सरकार के जल संसाधन विभाग ने नदियों को जोड़ने के संबंध में हमें बुलाया है। केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा मौजूदा ग्रामीण रोजगार कानून मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) को बदलने और उससे महात्मा गांधी का नाम हटाने पर हमला करते हुए।

# यमन में एक सप्ताह में छह शांति रक्षकों की मौत

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र के लिए साल का अंत काफी चुनौतीपूर्ण रहा है। इस सप्ताह सूडान में जहां ड्रोन हमले में छह शांति रक्षकों की मौत हो गई, वहीं

> एक दुभाषिए की मौतअ 10 अन्य कर्मचारियों को बंदी बनाया



दक्षिण सूडान में सुरक्षा बलों की हिरासत में एक दुभाषिये ने जान गंवाई और यमन में 10 अन्य कर्मियों को बंदी बनाया गया। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा, यह एक बेहद चिंताजनक प्रवृत्ति है। हम अक्सर देखते हैं कि संयुक्त राष्ट्र का झंडा, संयुक्त राष्ट्र का प्रतीक अब हमारे सहयोगियों को वह सुरक्षा प्रदान नहीं करता जिसकी उससे अपेक्षा की जाती है। उन्होंने उदाहरण के लिए गाजा में इजराइल-हमास युद्ध के दौरान मारे गए 300 से अधिक संयुक्त राष्ट्र कर्मचारियों का जिक्र किया जिनमें से लगभग सभी फलस्तीनी थे। इसके अलावा उन्होंने माली में 10 साल के संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा मिशन के दौरान मारे गए 300 से अधिक कर्मियों का भी जिक्र किया।

दुनिया का यह सबसे घातक मिशन दिसंबर 2023 में समाप्त हुआ। दुजारिक ने कहा संयुक्त राष्ट्र के कर्मी, चाहे वे मानवीय सहायताकर्मी हों, शांति रक्षक हों या राजनीतिक दूत हों, वे शांति के लिए वहां मौजूद होते हैं। वे लोगों के लिए वहां होते हैं। उनका सम्मान किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र की सबसे शक्तिशाली संस्था ने कहा कि यह हमला अंतरराष्ट्रीय कानून की घोर अवहेलना का प्रतीक है।

# यूक्रेन पर रूसी हमले में आठ की मौत, 27 घायल

कीव। दक्षिणी यूक्रेन के ओडेसा में शुक्रवार देर रात बंदरगाह के बुनियादी ढांचे पर रूसी मिसाइल हमले में आठ लोग मारे गए और 27 घायल हो गए। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने यह जानकारी दी। आपातकालीन सेवा ने टेलीग्राम पर पोस्ट में बताया कि कुछ लोग बस पर हमले में घायल हुए। पार्किंग स्थल में ट्रकों में आग लग गई और अन्य गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं। ओडेसा क्षेत्र के प्रमुख ओलेह किपर ने बताया कि बंदरगाह पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया गया। शनिवार को यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने एक बयान में कहा कि अन्य जगहों पर यूक्रेनी सेना ने ड्रोन से एक रूसी युद्धपोत और अन्य ठिकानों को निशाना बनाया। टेलीग्राम पर पोस्ट किए गए बयान के अनुसार, शुक्रवार की रात को हुए हमले में रूसी युद्धपोत ˆओखोतनिकै को निशाना बनाया गया। यह युद्धपोत तेल और गैस उत्पादन प्लेटफॉर्म के पास कैस्पियन सागर में गश्त कर रहा था। कितना नुकसान हुआ, इसका अभी आकलन किया जा रहा है।

## इंटरटेनमेंट...

# आर्यन खान को मिला करियर का पहला अवॉर्ड

मुंबई। सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को शुक्रवार को उनके करियर का पहला अवॉर्ड मिला। उन्हें उनकी डायरेक्शन वाली पहली वेब सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के लिए यह सम्मान मिला। अवॉर्ड लेते समय आर्यन ने कहा कि उन्हें भी अपने पिता की तरह अवॉर्ड पसंद हैं, लेकिन यह

> द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के लिए हुए सम्मानित, मां गौरी को किया अवॉर्ड डेडिकेट

सम्मान उन्होंने अपने पिता को नहीं, बल्कि अपनी मां को डेडिकेट किया। उन्हें यह सम्मान शुक्रवार को नई दिल्ली में हुए एनडीटीवी इंडियन ऑफ द ईयर इवेंट में मिला। उन्हें बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड दिया गया। इस मौके पर उनके साथ उनकी नानी सविता छिब्बर भी मौजूद थीं।



अवॉर्ड मिलने के बाद स्पीच देते हुए आर्यन खान। आर्यन की स्पीच के दौरान उनकी नानी सविता छिब्बर तालियां बजा रही थीं। अवॉर्ड मिलने के बाद अपनी स्पीच में आर्यन ने कहा कि वह सबसे पहले अपनी वेब सीरीज की कास्ट, क्रू और नेटफ्लिक्स का धन्यवाद करना चाहते हैं, जिन्होंने एक नए डायरेक्टर पर भरोसा किया और पूरी मेहनत और लगन के साथ उनके साथ काम किया। आर्यन ने आगे कहा, यह मेरा पहला अवॉर्ड है और मुझे उम्मीद है कि मुझे और भी बहुत सारे अवॉर्ड मिलेंगे क्योंकि मेरे डैड की तरह मुझे भी अवॉर्ड बहुत पसंद हैं, लेकिन यह अवॉर्ड उनके लिए नहीं है। यह अवॉर्ड मेरी मां के लिए है क्योंकि मेरी मां मुझसे हमेशा कहती हैं जल्दी सोना, लोगों का मजाक नहीं उड़ाना और गाली-गलौज बिल्कुल नहीं करना और आज इन्हीं सब चीजों के लिए मुझे यह अवॉर्ड मिला है।

मेरी मां को दुनिया की सबसे खुश महिला बनाने के लिए धन्यवाद और मुझे पता है कि आज घर जाकर मुझे थोड़ी कम डांट पड़ेगी। आर्यन ने 18 सितंबर को रिलीज हुई वेब सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड से डायरेक्टर के तौर पर इंडस्ट्री में कदम रखा था। यह सीरीज हिंदी फिल्म इंडस्ट्री पर आधारित एक सटायर है, जिसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है।

### 'शुरूआत में नहीं मिली सफलता गलत फिल्में चुनीं : अक्षय खन्ना

मुंबई। अक्षय खन्ना ने अपने लगभग तीन दशक के करियर में बतौर हीरो कई फिल्में कीं लेकिन उन्हें वो सफलता हासिल नहीं हुई, जिसके वो हकदार थे। लेकिन उनकी हालिया रिलीज फिल्म धुरंधर में उनके किरदार ने उन्हें वो सफलता दिलाई है कि लोग हीरो से ज्यादा फिल्म के विलेन की बात कर रहे हैं। इसी बीच अक्षय खन्ना का सालों पुराना एक इंटरव्यू दोबारा सुर्खियों में आ गया है, जिसमें वो करियर की शुरूआत के बारे में बात कर रहे हैं। वीडियो में अक्षय कहते नजर आ रहे हैं 'सफलता शुरू में बहुत कम मिली मुझे। बहुत कम मिली। मैंने गलत फिल्में की, गलत स्क्रिप्ट चुनी। तो, गड़बड़ हुआ था। पर मैं कभी किसी की नकल करने की कोशिश नहीं करता।

### अक्षय कुमार की भांजी ने करण जौहर को मारा ताना!

मुंबई। अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया फिल्म 'इक्कीस' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म का फाइनल ट्रेलर 19 दिसंबर को रिलीज किया गया है। फिल्ममेकर करण जौहर को फिल्म का ट्रेलर इतना पसंद आया कि उन्होंने इसे अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया। फिर लीड अगस्त्य नंदा और सिमर भाटिया की खूब तारीफ भी की। लेकिन करण की तारीफ पर अक्षय की भांजी ने कुछ ऐसा जवाब दिया, जिसकी अब चर्चा हो रही है। दरअसल, करण जौहर ने इक्कीस का फाइनल ट्रेलर शेयर कर लिखा सॉलिड, शुभकामनाएं एग्गी। फिर उन्होंने सिमर भाटिया का बॉलीवुड में स्वागत करते हुए लिखा फिल्मों में आपका स्वागत है सिमर भाटिया।

# बॉक्स ऑफिस पर धुरंधर की शानदार कमाई जारी

**मुंबई।** फिल्म धुरंधर 5 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार कमाई कर रही है। 15वें दिन यानी शुक्रवार को फिल्म ने 22.5 करोड़ रुपए की कमाई की। ये आंकड़े बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के शुरूआती डेटा पर आधारित हैं। इसके साथ ही भारत में फिल्म का कुल कलेक्शन

> 15 दिनों में 500 करोड़ कमाये

503.2 करोड़ रुपए पहुंच गया है। फिल्म अब 500 करोड़ के रुपए क्लब में शामिल हो चुकी है। वहीं, शनिवार के कलेक्शन के साथ फिल्म 550 करोड़ रुपए का आंकड़ा भी पार कर सकती है। जिसके बाद यह 2025 में 15 दिनों के भीतर 500 करोड़ रुपए कमाने वाली पहली फिल्म बन गई है। वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो यह 710.5 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इसी के साथ यह साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इसके आगे विक्की कौशल की फिल्म छावा है। फिल्म ने दुनिया भर में लगभग 807.91 करोड़ रुपए और भारत में करीब 601.54 करोड़ रुपए की कमाई की थी। आदित्य धर द्वारा निर्देशित फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह ने एक अंडरकवर एजेंट की भूमिका निभाई है। शुक्रवार को फिल्म की हिंदी ऑक्यूपेंसी 35.95 प्रतिशत रही। सुबह के शो में 16.68 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी थी। दिन में यह बढ़कर 33.96 प्रतिशत हुई। शाम को 43.86 प्रतिशत और रात में 50.28 प्रतिशत तक पहुंच गई। बता दें कि धुरंधर एक स्पाई थ्रिलर फिल्म है। फिल्म में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना, संजय दत्त और आर. माधवन अहम भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा सारा अर्जुन, राकेश बेदी और दानिश पंडोर ने भी काम किया। अब धुरंधर का सीक्वल 19 मार्च 2026 को रिलीज होने वाला है।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com